

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 76 रांची, बुधवार, 25 फरवरी, 2026 (फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### उड़ान भरते ही विमान इंजन हुआ फेल, विमान में सवार थे 150 यात्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह जा रहे स्पाइस जेट विमान की मंगलवार उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण लेह जाने के बजाय दिल्ली एयरपोर्ट पर इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में करीब 150 यात्री सवार थे। इस घटना में किसी को नुकसान नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इंजन नंबर-2 फेल होने से इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। लैंडिंग के बाद यात्रियों के लिए यात्रा की वैकल्पिक व्यवस्था की उम्मीद है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि तकनीकी खराबी के चलते दिल्ली से लेह जा रहे विमान को वापस बुलाना पड़ा। विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

### यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भानु गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में बीते दिनों आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन के मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक जांच में उदय भानु चिब की भूमिका सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस का दावा है कि विरोध प्रदर्शन की साजिश रचने में वह शामिल था। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि गिरफ्तारी के बाद उदय भानु चिब को हिरासत में रखा गया है। पुलिस इस मामले में आगे की पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी।

### चार माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) के चार वरिष्ठ कार्यकताओं ने मंगलवार को तेलंगाना में आत्मसमर्पण कर दिया और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में मुख्यधारा में लौट आए। पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वालों में पोलित ब्यूरो सदस्य टिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी उर्फ कुम्मा दादा, सेंट्रल कमेटी सदस्य मल्लराजी रेड्डी उर्फ संग्राम उर्फ रंगाराम, तेलंगाना स्टेट कमेटी सचिव बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर उर्फ जगन तथा स्टेट कमेटी सदस्य नून नरसिम्हा रेड्डी उर्फ गंगन्ना उर्फ रन्ना दादा शामिल हैं। डीजीपी शिवधर रेड्डी ने इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पिछले दो वर्षों में कुल 591 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं। इनमें चार सेंट्रल कमेटी सदस्य, 16 राज्य कमेटी सदस्य, 26 डिवीजन कमेटी सदस्य एवं सचिव, 85 एसीएस तथा 60 अन्य सक्रिय सदस्य शामिल हैं।

## झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री ने 1,58,560 करोड़ का बजट किया पेश

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपये का अबुआ दिशोम बजट पेश किया। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने इसे समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प बताया है। वित्त मंत्री ने कहा कि अबुआ झारखंड केवल नारा नहीं, बल्कि गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा, आदिवासी और वंचित समुदाय तक विकास पहुंचाने की ठोस नीति है। बजट में सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, आवास, खाद्य सुरक्षा और आजीविका योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सीमित संसाधनों और केंद्र से बकाया राशि के बावजूद विकास की रफ्तार नहीं रुकेगी।



### महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए कौशल विकास प्राथमिकता

मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहयोग जारी रहेगा। स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा, पोषण कार्यक्रमों का विस्तार और स्वरोजगार योजनाएं महिला आत्मनिर्भरता को मजबूत करेंगी। युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन पर भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। कृषि क्षेत्र को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक सिंचाई, कृषि यंत्रीकरण और प्रसंस्करण सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया है। बिरसा बीज उत्पादन योजना का आवंटन 95 करोड़ से बढ़ाकर 145 करोड़ किया गया। मृदा एवं जल संरक्षण योजनाओं पर 475.50 करोड़, सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई पर 75 करोड़, कृषि यंत्र वितरण पर 80 करोड़ तथा फसल बीमा योजना के लिए 400 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। उद्यान, मधुमक्खी, लाह, हाईटेक पार्क और शहरी फार्मिंग के लिए 245.80 करोड़ तथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 481.35 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कृषि-संबद्ध कुल बजट 4,884.20 करोड़ रखा गया है।

#### स्वास्थ्य-शिक्षा में बड़ा विस्तार

जिला अस्पतालों के उन्नयन और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की घोषणा की गई। प्रथम चरण में धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा और खूंटी के सदर अस्पतालों को पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज में विकसित किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में साहिबगंज और सरायकेला शामिल होंगे। अगले चार वर्षों में एमबीबीएस सीटें दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है। चतरा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा भी की गई है।

#### सामाजिक क्षेत्र पर विशेष जोर

सरकार का दावा है कि यह बजट गरीबों के आंसू पोंछने वाला है। सामाजिक क्षेत्र, स्वास्थ्य, ऊर्जा और शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने बजट को अपने गुरु को समर्पित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर झारखंड की दिशा में यह मजबूत कदम है। अबुआ दिशोम बजट के जरिए हेमंत सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया है कि विकास की धारा गांव से शहर और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति पर वह मजबूती से आगे बढ़ेगी।

## कृषि विभाग के लिए 4,884 करोड़ रुपये का प्रावधान

**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सदन में पारित 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये का बजट राज्य के भविष्य को नई दिशा देगा। इस कुल बजट में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के लिए 4 हजार 884 करोड़ 20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा त्रिकी ने मंगलवार को सदन परिसर में कहा कि यह बजट विशेष रूप से किसानों, महिला कृषकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने महिला किसान खुशहाली योजना प्रारंभ की है, जिसके लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत महिला किसानों को एकीकृत कृषि मॉडल से जोड़ा जाएगा और आधुनिक तकनीक की सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्हें ऑफलाइन और ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा जाएगा।



## ग्रामीण विकास विभाग को 12,347 करोड़ आवंटित

**रांची।** झारखंड में ग्रामीण विकास कार्य एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण विकास विभाग का बजट बढ़ाकर 12,347 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, आजीविका सृजन, आवास योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को गति प्रदान करने में सहायक होगा। मंत्री मंगलवार को विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि गांवों की तस्वीर बदलने और ग्रामीणों के जीवन में ठोस सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार लगातार प्रयासरत है, ताकि



झारखंड देश के मानचित्र पर एक सशक्त और समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित हो सके।

मंत्री ने बताया कि केवल ग्रामीण कार्य विभाग का बजट 4,576 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5,081 करोड़ रुपये किया गया है। यह राशि ग्रामीण सड़कों, पुल-पुलियों और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने में खर्च की जाएगी। इससे दुर्गम गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग का बजट 2,144 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,283 करोड़ रुपये किया गया है। यह प्रावधान पंचायतों को सशक्त बनाने, पंचायत सचिवालयों को मजबूत करने और स्थानीय स्वशासन को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## झारखंड कैबिनेट : राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 30 हजार पेंशन देगी सरकार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची। राज्य** सरकार ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के पेंशन देने का फैसला किया है। इससे संबंधित प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी सहमति दी है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 23 प्रस्ताव पेश किया गया था। विचार-विमर्श के बाद कैबिनट ने इसमें से 22 प्रस्तावों पर अपनी सहमि दी। एक प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया। कैबिनेट में खेलकूद विभाग की ओर से राष्ट्रीय



को पेंशन देने का प्रस्ताव पेश किया गया था। इसमें अलग-अलग स्तर के खिलाड़ियों के कम से कम 12 हजार और अधिकतम 30 हजार रुपये पेंशन देने के मामले में कैबिनेट की सहमति मांगी गई थी। कैबिनेट ने विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूर कर लिया। कैबिनेट में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत रांची साइंस को साइंस सेंटर में अपग्रेड करने का प्रस्ताव पेश किया गया था। इसकी लागत 256 करोड़ रुपये आंकी गयी है। केंद्र प्रायोजित इस योजना में 60 राशि केंद्र सरकार देगी। शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार देगी।

### ईडी ने कोयला घोटाले में एलबी सिंह को किया समन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** कोयला घोटाले की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनबाद के चर्चित कोयला कारोबारी एलबी सिंह को समन जारी किया है। उन्हें 27 फरवरी को रांची स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होकर पूछताछ में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। ईडी ने एलबी सिंह के भाई कुंभनाथ सिंह को भी 24 फरवरी को पूछताछ के लिए समन भेजा था, लेकिन वह निर्धारित तिथि पर ईडी कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। उल्लेखनीय है कि कोयला घोटाले की जांच के दौरान ईडी ने एलबी सिंह, कुंभनाथ सिंह और अन्य संबंधित लोगों के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और लेन-देन से जुड़े कागजात जब्त किए गए थे। जांच एजेंसी को छापेमारी और पूर्व पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां मिली हैं।

### घाघरा में सड़क हादसा दो युवकों की मौत

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के पौड़ी सरना गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान पौड़ी गांव निवासी 20 वर्षीय दीपक खेरवार और 19 वर्षीय अजीत उरांव के रूप में हुई है। दोनों शादी समारोह से लौट रहे थे तभी हादसा हुआ। सूचना पर थाना प्रभारी मोहन कुमार सिंह दल-बल के साथ पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## झारखंड सरकार व पीएनबी के बीच वेतन खाता पैकेज पर एमओयू

# व्यवसाय, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने में बैंकों का योगदान जरूरी : सीएम

**सीएम ने लॉन्च किया झारखंड कुबेर डैशबोर्ड**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक एवं राज्य सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर हो रहा है। पंजाब नैशनल बैंक आज राज्य सरकार के साथ एक नए अध्याय के रूप में जुड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनमानस के साथ-साथ राज्य सरकार में कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक लेन-देन की कड़ी में बैंक की अहम भूमिका होती है।



उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित झारखंड सरकार एवं पंजाब नैशनल बैंक के मध्य राज्य सरकार कर्मचारियों के वेतन खाता पैकेज का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह में अपने संबोधन में कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में व्यवसाय, कृषि, ग्रामीण विकास सहित हरेक क्षेत्र में बैंक की बड़ी भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी कार्यों के साथ-साथ कई संस्थानों की कुछ सामाजिक जिम्मेदारियां भी होती हैं, इसी क्रम में आज राज्य सरकार एवं पंजाब नैशनल बैंक के बीच एक एमओयू साइन हुआ है। इससे पहले भी राज्य सरकार एवं अन्य बैंकों के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर हुए हैं और उक्त एमओयू के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाया भी जा रहा है। मुझे विश्वास है कि जिस उद्देश्य से पंजाब नैशनल बैंक राज्य सरकार के साथ जुड़ी है उस उद्देश्य और कर्तव्य को सफलता पूर्वक पूरा करेगी। राज्य सरकार एवं पंजाब नैशनल बैंक के बेहतर समन्वय का लाभ राज्य सरकार के कर्मचारियों सहित आम जनमानस को भी मिलेगा।

# इंफ्रास्ट्रक्चर और रेलवे परियोजनाओं के लिए 12,236 करोड़ रुपये मंजूर

## केंद्रीय कैबिनेट : केरल का नाम बदलकर होगा केरलम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए पीएम कार्यालय सेवा तीर्थ में हुई पहली कैबिनेट बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी। बुनियादी ढांचे को मजबूती देने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, केंद्रीय कैबिनेट ने कुल 12,236 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इस बड़े निवेश का मुख्य हिस्सा रेलवे और शहरी परिवहन के विस्तार पर केंद्रित है, जिसमें गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए सबसे अधिक 5,236 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए पुनरख-किऊल की तीसरी और चौथी लाइन के लिए 2,668 करोड़ रुपये तथा गम्हरिया-चांडिल की तीसरी व चौथी लाइन के लिए 1,168 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। विमानन और शहरी यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से श्रीनगर में 1,667 करोड़ रुपये की लागत से एक नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 28 के विस्तार (1,067 करोड़ रुपये) को भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है।

वित्तीय आवंटन के अलावा, कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण नीतिगत और कृषि संबंधी फैसलों पर भी मुहर लगाई है। एक प्रमुख नीतिगत फैसले के तहत, राज्य का नाम केरल से बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। ऊर्जा क्षेत्र की दक्षता बढ़ाने के लिए नए पावर सेक्टर रिफॉर्म्स को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र और किसानों को वित्तीय सुरक्षा देते हुए, कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है, जिसके लिए 430 करोड़ रुपये का प्रावधान किया



गया है। यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। पिछली बैठक 13 फरवरी को हुई थी, जो साउथ ब्लॉक के पुराने पीएम कार्यालय में हुई थी

### सेवा तीर्थ में पहली बार बैठा मोदी मंत्रिमंडल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री के नये कार्यालय सेवा तीर्थ में केंद्रीय मंत्रिमंडल की ऐतिहासिक प्रथम बैठक हुई। पहली बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर सेवा तीर्थ की नई ऊर्जा और रिफॉर्म एक्सप्रेस की तीव्र गति से भारत को निकट भविष्य में विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में स्थान दिलाने का दृढ़ संकल्प लिया गया। इसमें कहा गया – सेवा तीर्थ उस गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता का उत्तर है, जो जड़ता की जगह गतिशीलता को, उदासीनता की जगह निष्ठा को और संदेह की जगह समाधान को बढ़ावा देता है। पहली बैठक में पारित प्रस्ताव को केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पढ़ा। इसमें कहा गया कि आजादी के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय साउथ ब्लॉक में आधुनिक और सामर्थ्य भारत का सपना देखा गया। अब सेवातीर्थ में संकल्पना को साकार किया जाएगा। प्रस्ताव में स्थान का इतिहास बताते हुए कहा गया है कि सेवा तीर्थ उन अस्थायी बैरकों के स्थान पर बना है, जो ब्रिटिश काल के थे।

## एयर एम्बुलेंस दुर्घटना की होगी उच्चस्तरीय जांच : स्वास्थ्य मंत्री

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**चतरा/रांची।** झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में एयर एंबुलेंस क्रैश में सात लोगों की मौत के बाद राज्य सरकार सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मंगलवार को चतरा सदर अस्पताल पहुंचे और स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सिविल सर्जन के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तौर पर मामला विमानन सुरक्षा मानकों और उड़ान संचालन प्रक्रिया से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। विशेषज्ञ टीम को जांच के लिए बुलाया गया है।

मंत्री ने बताया कि ब्लैक बॉक्स, फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की गहन जांच की जाएगी। इसके साथ ही मौसम की स्थिति, एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संवाद, विमान के मेंटेनेंस रिकॉर्ड और पायलटों के अनुभव की भी जांच होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि तकनीकी जांच के लिए दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम पहुंचेगी, जो ब्लैक बॉक्स बरामद करने का प्रयास करेगी, ताकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

## डाक अधीक्षक ने प्रधान डाकघर के डाक कर्मियों के साथ की बैठक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित प्रधान डाकघर में मंगलवार को हजारीबाग डिवीजन के नव पदस्थापित डाक अधीक्षक निरंजन कुमार पहुंचे। यहां सर्व प्रथम डाक अधीक्षक का स्वागत पोस्टमास्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने किया। इसके बाद उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर डाक विभाग की सेवाओं को सभी डाकघरों में डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक कर बड़े स्तर पर बचत खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, आवर्ती खाता, एमआईएस खाता, वरिष्ट नागरिक बचत योजना, भविष्य निधि योजना आदि योजनाओं को खोलना का निर्देश दिया। डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग की सेवा जन सेवा का काम करती है, इसलिए हम सभी डाक कर्मचारियों का कर्तव्य बनता है कि हम अपनी सभी सेवाएं को सेवा के रूप में समर्पित करें। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले के डाक विभाग के लाभुक बहुत ही जागरूक हैं, उन्होंने आग्रह किया हमारे डाक विभाग की डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, योजना सभी बीमा योजनाओं से बेहतर है। जिसमें कम प्रीमियम लेकर अधिक बोनस दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बिटिया के भविष्य के लिए प्रधानमंत्री ने सुकन्या समृद्धि योजना लाया है उसी प्रकार बेटों के भविष्य के लिए पीपीएफ खाता खोला जा सकता है और अधिक ब्याज प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सहयोग की भावना से कार्य स्थल पर काम करने की सलाह दी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डाक निरीक्षक आशीष कुमार पांडे, पोस्टमास्टर मनोज कुमार, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय, नरेंद्र कुमार सिंह, रामखेलावन चौधरी, अरुण कुमार, चंद्रशेखर कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## यूनियन ने बुकिंग काउंटर लगाने के लिए सीईओ को सौंपा ज्ञापन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** आजसू मजदूर यूनियन न्यू बस स्टैंड रामगढ़ का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष नीरज मंडल के नेतृत्व में मंगलवार को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वे लोग बिरसा मुंडा न्यू बस स्टैंड में एजेंट और सहायक एजेंट के रूप में कार्यरत हैं और पिछले कई वर्षों से अपना जीवन यापन बस बुकिंग करके करते आ रहे हैं। साथ ही कहा कि वे सभी छावनी परिषद को बसों के शुल्क के माध्यम से राजस्व की प्राप्ति भी करा रहे हैं। लेकिन कुछ दिन पूर्व छावनी परिषद के कर्मचारियों की ओर से नवनिर्मित बिल्डिंग में सीमांकन कराकर सभी को वहां शिफ्ट करने की बात कही जा रही है। इससे असमंजस की स्थिति पैदा हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वे चाहते हैं कि छावनी परिषद बुकिंग काउंटर को एक निश्चित जगह आवंटित करे।

### संक्षिप्त

#### सिल्ली नीचे टोला में श्री रामचरित्रमानस पाठ 27 से

**सिल्ली।** सिल्ली के न्यू स्टार महावीर पूजा समिति के तत्वावधान में निचे टोला महावीर मंदिर परिसर मे तीन दिवसीय रामचरित मानष पाठ का आयोजन किया गया। आगामी 27 फरवरी को कलश स्थापना के साथ मानष पाठ का शुभारंभ किया जाएगा एवं आगामी 1 मार्च को जागरण के साथ समापन होगा। आयोजन समिति के राजेश साहु एवं वंशी कोइरी ने इसकी जानकारी देते हुए आम लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

#### नशा मुक्ति अभियान चलाया

**सिल्ली।** प्रखंड के सिल्लीडीह गांव में महिलाओं ने मंगलवार को नशा मुक्ति अभियान चलाया। गांव में बैठक करके ग्रामीणों को नशा के खिलाफ एक जुट किया। नशे की लत के कारण रोज दिन की परेशानियों पर चर्चा की गई। हैं के युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे है। शाम होते ही कई लोग नशे में धुत हो जाते है. इससे घर वाले एवं समाज के लोग को काफी परेशानी हो रही है। नशे के कारण व्यक्तिगत और सामाजिक विकास भी बाधित हो रहा है। बैठक में आपसी सहमति से तय किया गया कि गांव में किसी भी परिस्थितियों में नशा का कारोबार नहीं होने देंगे।इस धंधे में लिप्त अथवा सहयोग करने वाले का पुरजोर विरोध किया जाएगा। ऐसे लोगों को समाजिक रूप से दंडित भी करेंगे। बैठक में सबिता रानी, रुक्मिणी देवी, जलनी देवी, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहित महिला समिति की सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

#### राज्य में रोजगार, विकास और महिलाओं को सशक्त करने में बजट होगा कारगर : आरिफ

**इटकी।** प्रदेश यूथ कांग्रेस महामंत्री आरिफ रजा ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की गठबंधन सरकार की बजट को रोजगार, पलायन, विकास और महिलाओं को सशक्त करने में मील का पत्थर बताया। उन्होंने सरकार के वजट को सरहना करते हुए कहा कि खाश गांवों के समग्र विकास और कृषि को और आगे ले जाने में यह वजट कारगर सावित होगा। सरकार आदिवासियों के अलावे जनहित कल्याण कारी विजन को नजर में रखते हुए वजट लाकर राज्य के जनता को राहत देने का कार्य किया है।

# मतदान कर्मियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर नगरपालिका (आम) निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना कार्य की सुव्यवस्थित और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने को लेकर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्याल में मतगणना कर्मियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजत किया गया। उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में हुए मतदान के खाद 27 फरवरी को कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में मतों की गिनती होगी। इसी क्रम में प्रतिनियुक्त सभी मतगणना कर्मियों मतगणना सुपरवाइजर और मतगणना असिस्टेंट के लिए विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित कर मास्टर ट्रेनर ने चरणबद्ध जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान मतपत्रों की गणना की विधि, टेबल प्रबंधन, अभ्यर्थियों व एजेंटों की उपस्थिति में पारदर्शिता बनाए रखने, मतगणना प्रपत्रों का सही संधारण, राउंडवार परिणाम संकलन और राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन संबंधी बिंदुओं पर विशेष रूप से विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग-सह-परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने मतगणना कार्य को अत्यंत गंभीर, निष्पक्ष और विधिसम्मत ढंग से संपन्न कराने पर बल देते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने सभी कर्मियों को सजग, सतर्क और उत्तरदायी भूमिका निभाने का निर्देश दिया, ताकि मतगणना प्रक्रिया पूर्णतः शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न हो सके।

## समझौते के आधार पर दुर्घटना मामले का लोक अदालत में निपटारा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 14 वीं राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद से जुड़े समझौता योग्य मामले को लेकर मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मो तौफीकुल हसन ने किया। इस दौरान बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम विशाल श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अनिल कुमार, एलएडीसी प्रमुख सुजीत कुमार सिंह एवं अधिवक्ता और बैंक के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## पारम्परिक ग्राम सभा को सरकारी ग्राम सभा बना दिया गया है : मसीह दास

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड की जरिया पंचायत के पाटपुर गांव में मौजा अध्यक्ष सिल्वेस्टर सोय की अध्यक्षता में मंगलवार को आहूत मौजा सभा में सभी 11 टोलों के अगुवा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए। मौजा सभा को सम्बोधित करते हुए झारखंड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने कहा कि ग्राम सभा कार्यकारिणी का वकालत करने वाले कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी लोग पिछले दरवाजे से झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 का आधार मजबूत करने का रास्ता बनाने का काम कर रहे हैं। मसीहदास गुड़िया ने कहा कि झारखण्ड सरकार ने पेसा कानून के अनुरूप पेसा नियमावली नहीं बनाया है। पारम्परिक ग्राम सभा को सरकारी ग्राम सभा बना दिया गया है तथा पारम्परिक ग्राम सभा को ग्राम पंचायत के नियंत्रण में काम करना है। बेनेदिक्त नवरंगी ने कहा कि पेसा नियमावली में पारम्परिक ग्राम सभा की बात तो कही गई है, लेकिन दायित्वों एवं कृत्यों में पारम्परिक अधिकार और आदर्श को शामिल नहीं किया गया है।

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड पहुंची सीबीआई की टीम

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**कांके।** मनातू स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में सीबीआई की टीम मंगलवार को पहुंची। टीम विश्वविद्यालय में वर्षों पहले हुई वित्तीय अनियमितताओं और नियुक्तियों में गड़बड़ी की जांच को लेकर आई। सीबीआई की टीम यूनिवर्सिटी कैंपस में पहुंचकर विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खंगाल रही है। विशेष रूप से भवन निर्माण, फंड के आवंटन और पुरानी नियुक्तियों से जुड़ी फाइलों की बारीकी से जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह जांच यूनिवर्सिटी के शुरूआती वर्षों (लगभग 2009-2014 के बीच) में हुए कथित भ्रष्टाचार और प्रशासनिक गड़बड़ियों से जुड़ी है। इसकी शिकायत काफी समय से लंबित थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी अपनी स्थापना के समय से ही विवादों में रही है। पूर्व में भी यहां के तत्कालीन कुलपतियों और अधिकारियों पर नियमों को ताक पर रखकर काम करने के आरोप लगे थे।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल, दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए किया गया रिम्स रेफर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** सिल्ली बंता मार्ग पटका के समीप सड़क दुर्घटना में 4 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक सिल्ली थाना अंतर्गत ड़ोमनडीह निवासी अजय लोहरा, भूपेन लोहरा, रवि लोहरा सिल्ली से मोटर साइकिल से घर जा रहे थे। तभी सिल्ली नदी के समीप संतुलन बिखड़ने से मोटर साइकिल से गिर गए। जिससे रवि लोहरा को प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों को इलाज सिल्ली अस्पताल में चल रहा है। एक अन्य व्यक्ति पैदल ही सिल्ली से इतिहासा अपने गांव लौट रहा था। तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे मोटर साइकिल की चपेट आ गए जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे में बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर मोटर साइकिल चालक मोटर साइकिल लेकर भाग निकला।

#### हिंदू सम्मेलन को लेकर गांवों में किया गया प्रचार अभियान



राहे। प्रखंड के शिवटंगरा मंदिर परिसर में 8 मार्च को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर कमिटी के सदस्यों ने माँझीडीह , कुबाडीह ओर चंदनडीह, महुआडीह, उरांवडीह , इचाहातू ,गुचीडीह,आदि गांव में घर घर जाकर हिन्दू सम्मेलन के विषय में जानकारी दिया गया। लोगों को सम्मेलन में उपस्थित होने के न्यौता भी दिया गया। सुरेंद्र प्रजापति,रामधन महतो, खगेश्वर महतो, बागेश्वर महतो, योगेश्वर महतो,राधामोहन महतो, रंजीत कुमार सहित सभी सदस्यों ने प्रचार प्रसार में योगदान दे रहे है।

#### इटकी में 18 घंटा बिजली आपूर्ति रहा ठप, हजारों लोग परेशान, दो माह से अंधेरे में हरमू गांव

**इटकी।** इटकी में सोमवार की रात तेज हवा और वारिश से 33 हजार हाई वोल्टेज में आई फ्लॉड के कारण 18 घण्टे बिजली आपूर्ति ठप रहा। क्षेत्र में बिजली आपूर्ति वाधित रहने से जल मिनार से पानी सप्लाई बंद रहे वही घरेलु कामकाज बुरी तरह प्रभावित रहा वही क्षेत्र के छोटे बड़े उद्योग धंधे में भी काफी असर देखा गया। बिजली आपूर्ति ठप रहने हजारों उपभोकताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा।अधिकृत विभागीय जानकारी के अनुसार हटिया ग्रिड से बेड़ो सबस्टेशन के बीच कुदलौंग गांव के निकट सोमवार की रात आठ बजे के करीब तेज हवा और वारिश से 33 हजार के हाई वोल्टेज के खम्भें लगे जंफर उड़ गया। वही इसकी फीडर के ग्यारह हजार वोल्ट में भी कई स्थलों पर फ्लॉड आ गया। जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। विद्युत कर्मियों द्वारा मंगलवार को सभी गड़बड़ी को दूर कर करीब दो बजे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल की गई। हाथी प्रभावित हरमू गांव करीब दो महिनों से अंधेरे मे प्रखण्ड के हरमू गांव के निकट लगी 63 केवी के विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले करीब दो माह से जला पड़ा है। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर खराब होने की कई बार सूचना दी किन्तु अधिकारियों ने अबतक ट्रांसफार्मर लगाने में किसी प्रकार का विभागीय पहल नही की है। खामियाजा ग्रामीणों को रात के अंधेरे में रात गुजारने पर विवश है। हरमू एक हाथी प्रभावित गांव है । विजली नही रहने से हमेशा हाथियों का झुण्ड गांव पहुंच कर उत्पात मचाते है और लोगों को नुकसान पहुंचा रहे है। बताया गया कि पिछले पांच जनवरी को अचानक 63 केबी के ट्रांसफार्मर में आग लग गई और ट्रांसफार्मर जल गया। इसके बाद किसानों ने विभाग के संबंधित अधिकारियो जानकारी देते हुए अविलंव ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार लगाई किन्तु अधिकारियों ने किसानों की मांग को दर किनार कर दिया है। विभाग के इस रवैये से ग्रामीण गुस्से में है।

#### महिला फुटबॉल टूर्नामेंट आज

**राहे।** प्रखंड के होटलो पंचायत अंतर्गत फुलवार, बहराबेड़ा मैदान में बुधवार को एक दिवसीय महिला फुबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया था। महिला फुटबॉल टूनार्मेंट आठ टीमों के बीच खेला जायेगा।ग्रुप ए में एएल स्पोर्टिंग सरायकेला, एन 160 एफसी, मोनिका एफसी बुंडू तथा राजू एलेवन की टीम है। ग्रुप बी में युवा एफसी ओरमांझी, तरुण मुंडा एफसी बंता, जीडीजी एफसी सारंडा, ओर आश्रिता एंजल क्वीन बुंडू की टीम है। विजेता टीम को 50 हजार नगद राशि तथा उप विजेता को 40 हजार नगद राशि पुरस्कार दी जायेगी। तीसरी ओर चौथी टीम को 10- 10 हजार नगद राशि पुरस्कार दिया जायेगा। टूनार्मेंट को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

#### झारखंडवासियों के साथ धोखा है अबुआ दिशोम बजट : भाजपा नेता सन्नी टोप्पो



**इटकी।** मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता श्री सन्नी टोप्पो ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को राज्य के हर व्यक्ति के साथ धोखा बताया है। टोप्पो ने कहा कि पिछले छह वर्षों से झारखंड की कांग्रेस, झामुमो और राजद गठबंधन की सरकार जनता के साथ सिर्फ धोखा कर रही है। यह आम बजट भी इस धोखे की एक कड़ी है। रोजगार, भ्रष्टाचार, पलायन, विकास जैसे मुद्दों पर यह सरकार कुछ नहीं करती दिख रही है। मजदूर, किसान, महिला सभी बेहाल हैं। इस सरकार के पास जनहित में काम करने का कोई विजन ही नहीं है। अबुआ आम बजट के नाम पर पूरे झारखंड को धोखा देने का काम कर रही है। टोप्पो ने कहा कि अबुआ और आदिवासी हितों की बात करने वाली यह सरकार आदिवासियों के कल्याण के लिए कागजों पर ही योजना लाती है। इस सरकार ने अबुआ बजट के नाम पर एक बार फिर से झारखंड की जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है।

## रोटरी रामगढ़ सिटी ने दी महिला को इंटरलॉक मशीन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रोटरी क्लब रामगढ़ सिटी के तत्वाधान में मंगलवार को शहर के गोलपार में सेवा परियोजना के अंतर्गत निःशुल्क सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब की ओर से शगुफ्ता यास्मीन को स्वरोजगार के उद्देश्य से इंटरलॉक मशीन और पिको मशीन दी गई। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद महिला को आत्मनिर्भर बनाना और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट चेयरमैन सचिन अग्रवाल और विजेता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। क्लब के सचिव रोहित पंसारी ने बताया कि रोटरी क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है और आगे भी इस प्रकार की जनहितकारी परियोजनाएं चलाता रहेगा। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देना क्लब की प्राथमिकताओं में शामिल है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, प्रकाश अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, निधि चौधरी उपस्थित थे।

## विवाह के बाद भी बेबी को राजनीति में कोई बाधा नहीं पहुंचेगी : मुकेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** जेएलकेएम पार्टी महिला मोर्चा की केंदीय सचिव बेबी महतो जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली है। कोल्हान की बेबी महतो सिल्ली मुकेश महतो की पत्नी बनेगी।जिसकी जोर शोर से तैयारियां चल रही है।पूरा क्षेत्र में इस शादी को देखने एवं समारोह में शामिल होने को भी बेताब है। लोगो को निमंत्रण कार्ड भी भेजा जा रहा है। बता दे कि आगामी 8 मार्च को सिल्ली के हालमद पंचायत के जालू होटांग गांव के महुआ टुंगरी से बारात कोल्हान प्रमंडल के सरायकेला-खरसवां जिले के राजनगर प्रखंड स्थित लक्ष्मीपोसी गांव पहुंचेगा। इससे पूर्व1 मार्च को मुकेश की आशीवार्दी का रस्म है एवं 2 मार्च को बेबी महतो के आशीवार्दी की जाएगी। तथा 6 मार्च को लगन एवं 9 मार्च को प्रीति भोज जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। सिल्ली प्रखंड से 15 किलोमीटर दूर सबसे सुदूरवती क्षेत्र कहे जाने वाला यह गांव अद्भुत पहाड़ी वादियां हैं।

# तकनीक से लौटी 62 दिव्यांगों के चेहरे पर मुस्कान, लगा कृत्रिम हाथ

**सैनिकों के लिए कृत्रिम हाथ की होगी अनुशंसा**

**संसदीय क्षेत्र में बांटे जाएंगे 5000 सिलाई मशीन**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची ने इनाली फॉउंडेशन पुणे के सहयोग से मंगलवार को रोटरी भवन रांची में निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ प्रत्यारोपण शिविर लगाया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। इस शिविर में 62 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ लगाया गया। इनाली फाउंडेशन पुणे की विशेषज्ञों की टीम ने जांच, माप, परीक्षण और फिटिंग की पूरी प्रक्रिया आधुनिक उपकरणों की सहायता से सम्पन्न की। शिविर में पहुंचे हर दिव्यांग के चेहरे पर एक उम्मीद, जिज्ञासा और भावना झलक रही थी। किसी के लिए यह वर्षों का इंतजार खत्म होने का क्षण था, तो किसी के लिए यह जीवन को दोबारा अपने हाथों से थामने का अवसर।

मंत्री संजय सेठ ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए अत्यंत भावुक भरा क्षण है। जब किसी व्यक्ति के शरीर का कोई हिस्सा काम करना बंद कर देता है या किसी कारण से खो जाता है, तो वह केवल शारीरिक कमी नहीं होती है। बल्कि उसके आत्मविश्वास, सपनों और जीवन की गति भी प्रभावित होती है। ऐसे में रोटरी क्लब ऑफ रांची का यह प्रयास केवल चिकित्सा सेवा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना की सशक्त झलक है।

मंत्री श्री सेठ ने कहा कि हमारे देश के वैसे सैनिक जिनके हाथ कटे हुए हैं, उनके लिए मैं इस प्रोजेक्ट की अनुशंसा करूंगा। साथ ही रोटरी क्लब के माध्यम से रांची संसदीय क्षेत्र में 5000 सिलाई मशीनों का वितरण किया जाएगा। अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा किसी व्यक्ति को फिर से अपने हाथ से काम करते देखना शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। रोटरी की यह पहल साबित करती है कि जब समाज मिलकर किसी के जीवन में बदलाव लाने का संकल्प लेता है, तो असंभव भी संभव हो जाता है।

असिस्टेंट गवर्नर रोटरी इमेज प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि रोटरी का लक्ष्य केवल जरूरतमंदों को सहायता देना नहीं, बल्कि उन्हें सक्षम बनाना भी है, ताकि वे अपने जीवन की दिशा स्वयं तय कर सकें। भविष्य में भी रोटरी क्लब तकनीक और मानवीय संवेदना को जोड़ते हुए ऐसे आयोजन करने का प्रयास करेगा। शिविर को सफल बनाने में क्लब के भंडारी लाल, जोगेश गंभीर, अनिल सिंह, मुकेश तनेजा, शाहिद पॉल, मनोज तिवारी, सुमित अग्रवाल, रेखा सिंह, सुरेश साबू, राजेश नाथ शाहदेव, आदित्य मल्होत्रा, ललित त्रिपाठी, गौरव बोगराय, अतुल अग्रवाल, विनोद सरावगी, रमेश धरनिधारक, रविन्द्र चड्ढा, करुणा राजगढ़िया, गिरीश अग्रवाल, जशदीप सिंह, रोहन सूद, मनीष रामसिसरिया, राजकुमार अग्रवाल, सुधीर मिश्रा, रश्मि अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल, ऋचा कौर का योगदान रहा।

# होली के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, नौ पर जुर्माना

**रांची रेलवे स्टेशन के आसपास के 15 खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** होली पर्व को ध्यान में रखते हुए रांची रेलवे स्टेशन के आसपास स्थित 15 खाद्य प्रतिष्ठानों का खाद्य सुरक्षा टीम ने 24 फरवरी को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य पर्व के दौरान लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराना था। निरीक्षण के दौरान कुलदीप होटल, होटल एम्बेसडर, होटल कृष्ण, लवली डेयरी, अन्नपूर्णा भोजनालय, आर.के. भोजनालय, होटल मानसरोवर, होटल मां डेयरी, तंदूर फूड वैन, एम्बसी फूड प्लाजा, सन्नी रेस्टोरेंट, शिवम खाजा भंडार, कुशवाहा खाजा भंडार, पंजाबी बार एंड रेस्टोरेंट तथा खालसा रेसिडेंसी का निरीक्षण किया गया।

जांच के क्रम में जिन निबंधित दुकानों में कमियां पाई गईं, उन्हें सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया। साथ ही, 9 खाद्य प्रतिष्ठानों पर जुमार्ने की कार्रवाई की गई। निरीक्षण दल द्वारा संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता तथा लाइसेंस संबंधी प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। भविष्य में सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पर्व-त्योहार के अवसर पर आम नागरिकों एवं यात्रियों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड आंदोलनकारियों का 10 मार्च से अनिश्चितकालीन विधानसभा मार्च

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा मांगों को लेकर में 10 मार्च से अनिश्चितकालीन विधानसभा मार्च करेगा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी। यह जानकारी मंगलवार को मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने दी। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रर्दशन कार्यकर्मों की लिखित सूचना मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को दे दी है। पुष्कर महतो ने कहा कि आंदोलनकारी रहने-खाने की व्यवस्था के साथ विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि मोर्चा की स्वाभिमान और अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। महतो ने बताया कि राज्य गठन के बाद 3503 आंदोलनकारियों का निधन हो चुका है और उनके आश्रित उपेक्षा झेल रहे हैं। आंदोलनकारियों ने सम्मान और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया है। मोर्चा की मांग है कि जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी झारखंड आंदोलनकारियों को 50-50 हजार रुपये सम्मान पेंशन दी जाए। साथ ही आंदोलनकारियों के आश्रितों के अधिकारों की रक्षा और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को गजट नोटिफिकेशन के माध्यम से सर्वोच्च सम्मान दिया जाए।

### आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम है झारखंड का बजट : कमलेश

**रांची।** राज्य सरकार सरकार की ओर से पेश किए गए आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि बजट राज्य के समग्र विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने मंगलवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट न केवल मौजूदा जरूरतों को ध्यान में रखता है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के समाधान की भी स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

कमलेश ने कहा कि सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित और प्रभावी प्रावधान किया है। ग्रामीण विकास और किसानों की आय बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं का विस्तार राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देगा।

# झारखंड विधानसभा में गूंजा नदियों के प्रदूषण का मुद्दा, दामोदर में अतिक्रमण पर सरकार सख्त

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन मंगलवार को सदन में नदियों के प्रदूषण और कथित अतिक्रमण का मामला प्रमुखता से उठा। जमशेदपुर पश्चिम से विधायक सरयू राय ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। विधायक ने विशेष रूप से दामोदर नदी में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण का प्रश्न उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या नागरिक प्रयासों से औद्योगिक प्रदूषण से लगभग मुक्त हुई दामोदर नदी फिर से प्रभावित हो रही है। सवाल में आरोप लगाया गया कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चंद्रपुरा ताप विद्युत गृह के ऐश पॉन्ड विस्तार के दौरान नदी क्षेत्र में अतिक्रमण हुआ है। साथ ही बोकारो ताप बिजली घर की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से दूषित बहिस्त्राव के कोनार नदी में गिरने की बात कही गई। इसके अलावा राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) पर टंडवा क्षेत्र में कोयला खनन से निकले दूषित पानी को सीधे दामोदर नदी में प्रवाहित किए जाने का आरोप भी लगाया गया। विधायक के सवाल के जवाब में राज्य के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि सरकार मामले को गंभीरता से ले रही है। पूरे प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी, जिसने अपनी जांच पूरी कर आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। मंत्री ने बताया कि विभाग को प्रत्येक माह प्रगति रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है, जिससे कि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। सरकार ने स्पष्ट किया कि यदि जल एवं वायु संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन के तथ्य सामने आते हैं, तो संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड विधानसभा में छात्रों के ड्रॉपआउट पर हुई चर्चा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान विधायक हेमलाल मुर्मू ने छात्रों के ड्रॉपआउट का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में नामांकन की संख्या बढ़ रही है, लेकिन 12वीं कक्षा तक पहुंचते-पहुंचते छात्रों के ड्रॉपआउट की संख्या भी बढ़ जाती है, जो चिंता का विषय है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि सरकार का उत्तर स्पष्ट और तथ्यात्मक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार 2.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ड्रॉपआउट का प्रतिशत 3.4 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) और ड्रॉपआउट दर अलग-अलग अवधारणाएं हैं। सकल नामांकन अनुपात कुल छात्रों के आधार पर निकाला जाता है, जबकि ड्रॉपआउट दर का आकलन कुल स्कूली छात्रों की संख्या के आधार पर किया जाता है।

पूरक प्रश्न करते हुए विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि संथाल परगना क्षेत्र में गरीब आदिवासी परिवार अपने बच्चों को मिशन स्कूलों में फीस देकर पढ़ाते हैं। ऐसे छात्रों को भी सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं-जैसे मध्याह्न भोजन और साइकिल दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी विद्यालयों के भरोसे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर नहीं सुधारा जा सकता, इसलिए निजी विद्यालयों के छात्रों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक नामांकित छात्रों को निशुल्क किताबें, ड्रेस और साइकिल उपलब्ध कराई जाती हैं। अल्पसंख्यक एवं निजी विद्यालयों के छात्रों को भी कुछ सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन वे सरकारी विद्यालयों जैसी व्यापक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह नीतिगत विषय है और सरकार इस पर विचार करेगी। निर्णय होने के बाद उचित कदम उठाए जाएंगे।

## झारखंड में बारिश से चार डिग्री गिरा तापमान

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में हुई बारिश से तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। आनेवाले तीन से चार दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी।



मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ में 28.2 मिमी रिकार्ड की गई। पिछले 24 घंटों में राज्य में जिन इलाकों में बारिश हुई उनमें कांके के बीएयू के पास 19.2 मिमी, हजारीबाग के बरही में 12.2 मिमी, मझगांव में 12.4, रांची में 9.6, हजारीबाग डीवीसी इलाके में 9.2, गुमला के बिशुनपुर में 8.5, लोहरदगा में 8.5 मिमी, लातेहार जिले के बालूमाथ में 08 मिमी, रामगढ़ में 7.8 मिमी, गोविंदपुर और रांची के मांडर में 6.4 सहित कई इलाकों में बारिश रिकॉर्ड की गई। विभाग के अनुसार, मंगलवार की देर शाम तक राज्य के उत्तर-पश्चिमी भाग को छोड़कर शेष भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हलके दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम 18.2 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम तापमान 32.8 और न्यूनतम 13.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 32.1 और न्यूनतम 16.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## विरोध के नाम पर शर्ट उतारकर हंगामा करना देश को शर्मिंदा करने जैसा : सुनील सिंह

**रांची।** राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इंडिया एआई इंपैक्ट समिट जैसे वैश्विक मंच पर विरोध के नाम पर शर्ट उतारकर हंगामा करना देश को शमिंर्दा करने जैसा है। उनका आरोप है कि यह प्रदर्शन कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सुनियोजित तरीके से किया गया और इसका उद्देश्य भारत की वैश्विक छवि धूमिल करना था। सिंह ने कहा कि जब देश स्वयं को तकनीकी महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब इस तरह का आचरण अनुचित है। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शन करने वाला युवक नरसिम्हा यादव राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान के दौरान उनके साथ देखा गया है, जिससे उसके कांग्रेस से संबंधों पर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की गरिमा को ठेस पहुंचाना उचित नहीं है।



## बजट आकार बढ़ना झारखंड के विकास के लिए जरूरी : डॉ. हरिश्वर

रांची। अर्थशास्त्री डॉ हरिश्वर दयाल ने झारखंड विधान सभा में बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट राशि में की गई वृद्धि को सही ठहराते हुए इसे विकासोन्मुख बताया है। डॉ हरिश्वर दयाल ने मंगलवार को बताया कि राज्या के 9 प्रतिशत वृद्धि अच्छी मानी जाएगी, क्योंकि जो हमारा आर्थिक विकास दर है उससे ज्यादा हम हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से फिजीकल ऑटोनोमी की तरफ बढ रहे हैं वह अच्छी पहल है। इसके बाद अगर बजट की संरचना को देखेंगे तो उसमें विकासीय मदों पर ज्यादा खर्च है रही है। बजट में योजनाओं पर ज्यादा खर्च किया गया है, जबकि स्थापना मद में कम खर्च हो रहा है जो सही पहल है। उन्होंने कहा कि इससे विकास ज्यादा प्रभावित होगा। डॉ दयाल ने बताया कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष प्रावधान स्वागतयोग्य कदम है। उन्होंने कहा कि कैंसर पीड़ितों के लिए हर मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में किए गए प्रावधान को लेकर प्री-बजट कंसल्टेशन में चर्चा भी की गई थी। इस बात का भी जिक्र हुआ था कि हमारा और हमारे पड़ोसी राज्य के बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए बाहर जाते हैं। ऐसे में इस सुविधा को यहां पर अगर मुहैया कराया जाय तो न केवल इस राज्य के बल्कि आसपास के राज्यों को भी फायदा होगा और राज्य एक मेडिकल हब के रुप में विकसित होगा। वित्त मंत्री की ओर से राज्य को अपने आंतरिक श्रोतों से आय बढ़ाने पर जोर देने की सराहना करते हुए हरिश्वर दयाल ने कहा कि इसका रिजल्ट आना शुरू हो गया है। मिनिरल्स पर सेस बढ़ाने से आय में वृद्धि होना शुरू हो गया है। इसी तरह उत्पाद से राजस्व में वृद्धि हुई है।

# निकाय चुनाव मतगणना बीच में रोके नहीं राज्य सरकार : आदित्य साहू

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर मतगणना प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान में पराजित सरकार अब मतगणना के दौरान गड़बड़ी की योजना बना रही है। आदित्य साहू ने बयान जारी कर कहा कि रात 8 बजे मतगणना रोककर उसे अगले दिन पूरा करने का निर्णय संदेह पैदा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले के पीछे सरकार की मंशा ठीक नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मतगणना केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे केवल दिखावा साबित हो रहे हैं। उन्हें ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं कि कई कैमरे सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं।

# विधानसभा में बालू घाटों की कैटेगरी पर बहस

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन कोलेबिरा से कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने बालू घाटों की कैटेगरी व्यवस्था को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में बालू घाटों को अलग-अलग कैटेगरी में विभाजित किया गया था। पेशा नियमावली का हवाला देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामसभा की सहमति के बिना किसी भी प्रकार की टेंडर प्रक्रिया नहीं की जा सकती। विधायक ने सवाल उठाया कि क्या सरकार कैटेगरी-वन और कैटेगरी-टू की व्यवस्था समाप्त कर पूर्व की तरह बिना कैटेगरी का नियम लागू करने पर विचार कर रही है।

इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि पहले बालू घाट बिना कैटेगरी के लघु खनिज के अंतर्गत आते थे, लेकिन अब उन्हें श्रेणीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि नई नियमावली के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा की अनुमति के बिना कोई भी खनिज पट्टा जारी नहीं किया जा सकता। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि झारखंड रेत खनन खनिज नियम के अनुसार, बालू घाटों की नीलामी जिला स्तर पर टेंडर प्रक्रिया से की जाती है। किसी भी बालू घाट की लीज ग्रामसभा की अनुमति के बिना जारी नहीं होगी। हालांकि विधायक कोनगाड़ी ने दोहराया कि उनका मुख्य प्रश्न यह है कि सरकार कैटेगरी व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है या नहीं। उन्होंने कैटेगरी-टू के टेंडर शर्तों में अनुसूचित क्षेत्रों की आदिवासी समितियों के खनन अधिकारों के हनन का मुद्दा भी उठाया।

# बीआईटी मेसरा में एआई आधारित भू-स्थानिक विश्लेषण पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** बीआईटी मेसरा में मशीन लर्निंग का उपयोग करके ज्योस्पेशल डाटा एनालिटिक्स विषय पर दो दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। इसका आयोजन कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग ने एएनआरएफ-सीआरजी के सहयोग से किया। कार्यशाला में वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य भू-स्थानिक आँकड़ों के अध्ययन एवं विश्लेषण में आधुनिक संगणकीय तकनीकों के उपयोग को समझना और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विचार करना है। प्रमुख विषयों में स्थान आधारित आंकड़ों की प्रसंस्करण संरचना, उपग्रह चित्रों का विश्लेषण, भौगोलिक प्रणालियों के लिए पूवार्नुमान मॉडल निर्माण और योजना एवं निगरानी कार्यों में विश्लेषण परिणामों का उपयोग शामिल हैं।

उद्घाटन सत्र में डॉ. सौम्य कांती घोष (प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग, आई. आई.टी खड़गपुर), प्रो. संदीप सिंह सोलंकी (प्रोफेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग एवं अधिष्ठाता झ स्नातकोत्तर अध्ययन, बीआईटी मेसरा) तथा डॉ. अभिजीत मुस्तफी(प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग, बीआईटी मेसरा) उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय कार्यशाला के कॉर्डिनेटर बीआईटी मेसरा के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. शशांक पुष्कर और डॉ. इंद्रजीत मुखर्जी रहे, जिन्होंने कार्यशाला के शैक्षणिक सत्रों और पूरे आयोजन का समन्वय किया।

# डालसा टीम ने दो बाल श्रमिकों का किया रेस्क्यू

**दोनों बच्चों को उनके करीबी रिश्तेदार ने बाल मजूदरी में धकेला**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** कांटाटोली खादगढ़ा बस स्टैंड में पैन इंडिया बाल और किशोर मजदूरी के उन्मूलन के साथ-साथ सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए पूरे भारत में बचाव एवं पुनर्वास अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष (झालसा) सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश, सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन और डालसा सचिव राकेश रौशन की देखरेख में यह हुआ।

डालसा सचिव ने बताया कि बचाव और पुनर्वास अभियान के तहत लगे शिविर के दौरान डालसा टीम के सदस्यों की नजर खदगढ़ा बस स्टैंड स्थित पूजा होटल में एक रोते हुए 8 वर्षीय बच्चे पर पड़ी। टीम के सदस्य बच्चे के पास गये। बातचीत के क्रम में बताया कि वह गिरिडीह का रहनेवाला है। उसके रिश्तेदार द्वारा उसे कुछ दिन पहले यहां आकर बर्तन धोने के काम पर लगाया है, जिसके एवज में 200 रुपये प्रतिदिन मजदूरी मिलता है। उसने एक और बच्चे के बारे में बताया, जिसे टीम के द्वारा रेस्क्यू किया गया। डालसा सचिव ने बच्चे को चाईल्ड हेल्पलाईन के मेंबर के द्वारा सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया। चाईल्ड हेल्पलाईन के द्वारा दिये गये आवेदन को प्राथमिकी के लिए संबंधित थाना में भेजा गया है। इस अवसर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, एलएडीसी सहायक पंकज कुमार शर्मा, चाईल्ड हेल्पलाईन के सदस्य, अहातू थाना के सब इंस्पेक्टर, खादगढ़ा टोओपी के पुलिस अधिकारी, साथ में विधि के छात्र अभिनव शरद, पीएलवी मानव कुमार सिंह, लता कुमारी, स्नेहलता दुबे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# इंदु मिश्रा को मिला आर्टिस्ट ऑफ द ईयर सम्मान

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** प्रख्यात मधुबनी कलाकार श्रीमती इंदु मिश्रा को मधुबनी पेंटिंग श्रेणी में आर्टिस्ट ऑफ द ईयर सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान एड्रेन्योर कंसल्टेंसी सर्विसेज ने प्रदान किया। यह उपलब्धि उनके समर्पण, साधना और भारतीय लोक कला के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। श्रीमती इंदु मिश्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, बच्चों, मित्रों एवं शुभचिंतकों के निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन को दिया। उन्होंने कहा, ह्लकला भले ही एक एकाकी यात्रा प्रतीत होती हो, पर मैंने यह सफर कभी अकेले तय नहीं किया। मेरी हर कूची की रेखा के पीछे मेरे अपनों का प्रेम और विश्वास है।

विशेष रूप से उन्होंने यह सम्मान पूर्व क्रिकेट दिग्गज चेतन शर्मा के हाथों प्राप्त करने को गौरवपूर्ण क्षण बताया, जिन्होंने विश्व कप में भारत की पहली हैट्रिक लेकर इतिहास रचा था। श्रीमती इंदु मिश्रा की कला यात्रा वर्ष 2013 में एक स्वाभाविक रुचि के साथ शुरू हुई। स्वशिक्षित कलाकार के रूप में उन्होंने मधुबनी की पारंपरिक शैली को आत्मसात करते हुए उसे आधुनिक संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया। मिथिला की सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित उनकी कलाकृतियाँ सूक्ष्म रेखांकन, लयात्मक संरचना, प्रतीकात्मक कथात्मकता और जीवंत रंगों के लिए जानी जाती हैं।

# बिशुनपुरा में वार्षिकोत्सव मेले का शुभारंभ

**आकर्षक झूलों व जलपरी शो से सजा परिसर**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**बिशुनपुरा (गढ़वा)।** जिले के बिशुनपुरा प्रखंड अंतर्गत पोखरा चौक स्थित श्री विष्णु मंदिर के 19वें वार्षिकोत्सव पर मंगलवार को मंदिर परिसर के समीप मेला शुरू हुआ। इसका शुभारंभ मंदिर समिति के पदधारी एवं क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों ने पूजा-अर्चना कर किया। मेला परिसर में इस बार टॉवर झूला, नाव झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन ट्रेन, मिकी माउस, जलपरी शो सहित विभिन्न प्रकार के मीना बाजार लगाए गए हैं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बच्चों से लेकर युवाओं तक में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति के अनुसार झूले प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित होंगे। यह मेला 2 मार्च तक चलेगा। झूला संचालक एमडी रफीक अंसारी ने बताया कि गढ़वा जिले में पहली बार बिशुनपुरा विष्णु नगरी में जलपरी का शो आयोजित किया गया है, जो मेले का मुख्य आकर्षण रहेगा। इस विशेष शो को देखने के लिए दूर-दराज से भी लोग पहुंच रहे हैं। मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष नारायण शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश भंडारी, सचिव गौरी शंकर प्रसाद, उपसचिव प्रभु राम चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष ललन प्रसाद गुप्ता, प्रवक्ता अजय प्रसाद यादव, मंदिर के मुख्य पुजारी त्रिदीप मिश्र, सूचना मंत्री सच्चिदानंद गुप्ता, पूर्व सचिव नवल किशोर गुप्ता, योगेश्वर राम, मक्खन पासवान, श्याम सुंदर राम, समाजसेवी बलराम पासवान, नागेंद्र ठाकुर उर्फ छुन्नू ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित थे।

# जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है अबुआ दिशोम बजट : जोबा माझी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चक्रधरपुर।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए बजट पेश किया। सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने बजट की सराहना करते हुए इसे राज्य के लोगों की जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला अबुआ दिशोम बजट बताया। जोबा माझी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा सरकार ने बजट में सामाजिक सुरक्षा और शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसके साथ ही कृषि, पेयजल, स्वास्थ्य पर खास ध्यान देते हुए सभी विभागों में आवश्यकता के मुताबिक बजट दिया गया है। उन्होंने सरायकेला के सदर अस्पताल को मेडिकल कॉलेज बनाये जाने के सरकार के निर्णय को स्वागत योग्य कदम बताया। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए 14,065 करोड़ रुपए और राज्य के पेंशनधारियों के लिए 1463 करोड़ 58 लाख रुपए का बजट पारित किये जाने को साहसिक कदम बताया। सांसद ने कहा सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया है।

उन्होंने उम्मीद जतायी कि आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में यह अबुआ दिशोम बजट कारगर साबित होगा।

## संक्षिप्त

### गुवा थाना में होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**गुवा।** गुवा थाना परिसर में होली और रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आज मंगलवार संध्या 4:00 बजे आयोजित की जाएगी।इसकी जानकारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने दी।थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि होली और रमजान जैसे महत्वपूर्ण पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं। उन्होंने सभी समुदायों से सहयोग की अपेक्षा जताई है ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो।बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिकों तथा स्थानीय दुकानदारों से अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की गई है। प्रशासन का मानना है कि सामूहिक संवाद और समन्वय से ही त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराया जा सकता है।बैठक की अध्यक्षता किरीबुरू एसडीपीओ अजय केरकेट्टा, इंस्पेक्टर वासुदेव मुंडा तथा अंचल अधिकारी मनोज कुमार व बीडीओ पप्पू रजक संयुक्त रूप से करेंगे। प्रशासन ने सभी संबंधित लोगों से समय पर उपस्थित होकर अपने सुझाव देने का आग्रह किया है, ताकि क्षेत्र में शांति और सद्भाव बना रहे।

### राजाबुरु खदान में कार्य बाधित, ठेका कंपनी ने मांगी सुरक्षा और प्रशासनिक हस्तक्षेप

**गुवा।** गुवा अयस्क खानों के अंतर्गत बीएसएल-सेल के दुआरगुइबुरु पट्टे क्षेत्र स्थित राजाबुरु खदान में कार्य कर रही ठेका कंपनी ने स्थानीय समूहों द्वारा लगातार कार्य बाधित किए जाने का आरोप लगाया है। कंपनी को राजाबुरु क्षेत्र से अयस्क उत्खनन, परिवहन, इन-पिट स्क्रीनिंग, आरओएम की क्रशिंग, अनुमोदित ग्रेड के गांठदार एवं महीन अयस्क का उत्पादन, गुवा पब्लिक रेलवे साइडिंग तक परिवहन तथा रानीचुआ अपशिष्ट डंप तक अपशिष्ट हटाने का कार्य विधिवत निविदा प्रक्रिया के तहत सौंपा गया है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार वृंदावन गोप, तुफान घोष सहित कुछ स्थानीय लोग नियमित रूप से कार्यस्थल पर पहुंचकर काम रुकवा रहे हैं। आरोप है कि ये लोग बड़ी संख्या में एकत्र होकर मशीनरी बंद करा देते हैं।

# हाथी हमले के पीड़ितों को मिली मुआवजा राशि, विधायक ने सौंपे चेक

**6 जनवरी की दर्दनाक घटना में मृतक के परिजनों को दिए गए चार-चार लाख रुपए व गंभीर रुप से घायलों को डेढ़-डेढ़ लाख**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** नोवामुंडी प्रखंड क्षेत्र के बाबडिया गांव में 6 जनवरी को हाथी के हमले में दो मृतक के परिजनों तथा कई पावलों पायलों को सोमवार को वन विभाग की ओर से कहीस कार्यालय, जगनाथपुर में मुआवजा राशि दी गई। जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सचेतक सोनाराम सिंकु एवं वन क्षेत्र पदाधिकस्सरी नोवामुंडी जितेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से पीड़ित परिवारों को चेक 6 इस अवसर पर विधायक ने शोक्कुल परिवारों से मुलाकात कर उन्हें बांइस बंधावा और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि जनवरी की रात्रि बाबडिया गांव में एक दौल जंगली हाथी के हमले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित कुल चार ग्रामीणों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। एक ही रात बाबडिया गांव के चार तथा बड़ापासेया गांव के एक व्यक्ति की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई थी।

पटना के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यहत प्रक्रिया शुरू की थी। सोमबार को आयोजित कार्यक्रम में बाबडिया निवासी मृतक गुरुचरण लघुरी की पत्नी जेमा बुई और बह्मापासेया निवासी मंगल बोबोंगा की पत्नी अंजु कुर्व को चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। गंभीर रूप से घायल मामडिया गांव की सुशीला मेख्ल के आवेदक टुपरा मेराल को डेढ़ लाख रुपए की सहायता दी गई। वहीं, साधारण रूप से घायल रासिका लाड़िया, गोमिया लघुरी एवं हिन्दु लघुरी के आश्रितों को 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।विधायक सोनाराम सिंक ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं अत्यंत दुखद है और सरकार तथा प्रशासन पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में हादियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने थे तथा ग्रामीणों को सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जंगली हाथियों की सूचना मिलते ही सतर्क हो जाएं और तत्काल प्रशासन एवं वन विभाग को सूचित करें, ताकि ऐसी पटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। विधायक ने यह भी बताया कि दो बच्चों के मुआवजा की स्वीकृति प्रक्रिया में है और शीघ्र ही उनको राशि भी उपलब्ध करा दी जाएगी।इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ललित दुईबुरु, वरिष्ठ कार्यकर्ता विपिन सिंकु, मथुरा लागुरी, शमशाद आलम, सरफराज आलम, रंजीत गागराई, रोशन छन, पप्पु आलम, मो. अरिफ, वनपाल प्रभारी अमित महतो, उदितनारायण गागराई, साधुचरण बोईपाई एवं रविंद्र वनकर्मी बनक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### आम बजट झारखंड के समग्र विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम : त्रिशानु राय



**चाईबासा।** झारखण्ड सरकार द्वारा पेश किए गए आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए प०सिंहभूम जिला के कांग्रेस प्रवक्ता त्रिशानु राय ने मंगलवार को कहा कि बजट राज्य के समग्र विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है । यह बजट न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के समाधान की भी स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित और प्रभावी प्रावधान किए है। ग्रामीण विकास और किसानों की आय बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं का विस्तार राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देगा। सिंचाई, सड़क और बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं पर बढ़ा हुआ निवेश ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई को कम करने में सहायक होगा।युवा वर्ग के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधान अत्यंत सराहनीय है। इससे राज्य के युवाओं को अपने ही प्रदेश में बेहतर अवसर मिलेंगे और पलायन की समस्या में कमी आएगी महिलाओं के सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों में बढ़ोतरी समाज के कमजोर वर्गों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, नए अस्पतालों और चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से आम जनता को राहत मिलेगी। साथ ही, उद्योग और निवेश को प्रोत्साहन देने के प्रयास राज्य में आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करेंगे। कुल मिलाकर, यह बजट विकास, समावेशन और पारदर्शिता पर आधारित है। यह झारखण्ड को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकार का यह प्रयास राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में निश्चित रूप से सफल होगा।

### बापू के सपनों का हथकरघा आज भी जीवित : चंद्रभूषण



**गुवा।** गुवा के कच्छी धौड़ा स्थित गुवा सेल सीएसआर द्वारा संचालित आशाएं हथकरघा केंद्र में मंगलवार को 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि गुवा सेल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार एवं महिला समिति अध्यक्ष शालू कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार ने कहा कि आजादी से पूर्व महात्मा गांधी ने हथकरघा और स्वदेशी को बढ़ावा देकर विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार का आह्वान किया था। उनके प्रयासों ने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि देश को आत्मनिर्भरता का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि आज उन्हीं आदर्शों पर चलते हुए गुवा सेल सीएसआर द्वारा संचालित यह हथकरघा केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 13 वर्षों से यह केंद्र स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ रहा है, जिससे वे अपने परिवार की आजीविका में सहयोग कर रही हैं। कार्यक्रम में महाप्रबंधक आरके बंगा, आरके सिन्हा, प्रवीण कुमार, भीके सुमन, डीजीएम सीएसआर अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं महिला समिति की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

### सारंडा में उग्र हुआ रांजाबुरु खदान आंदोलन संघर्ष की रात बनी प्रतिरोध की पहचान

**गुवा।** सारंडा के घने जंगल एक बार फिर आदिवासी असंतोष और प्रतिरोध के गवाह बने। 23 फरवरी को रांजाबुरु खदान को बंद कर शुरू हुआ आंदोलन 24 फरवरी को दूसरे दिन और उग्र रूप में सामने आया। यह अब केवल धरना नहीं, बल्कि हक और अस्तित्व की खुली लड़ाई बन चुका है। आंदोलनकारियों का साफ कहना है हम भूखे रह लेंगे, लेकिन अपना अधिकार नहीं छोड़ेंगे। बीती रात आंदोलनकारियों के लिए कठिन परीक्षा साबित हुई। खुले आसमान के नीचे सैकड़ों ग्रामीण जिनमें मानकी, मुंडा, मुखिया, महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल थे। जंगल के बीच डटे रहे। अचानक हुई बारिश, कड़ाके की ठंड और जंगली जानवरों की आवाजों के बीच पूरी रात प्रतिरोध जारी रहा। कुछ लोगों ने आग जलाकर ठंड से बचने की कोशिश की, तो कई लोग पूरी रात जागते रहे ताकि किसी अनहोनी से साथियों की रक्षा कर सकें। सुबह होते ही आंदोलन स्थल पर नारे गूंज उठे हमारी जमीन, हमारा हक और रोजगार नहीं तो खनन नहीं।

# चाईबासा के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर सामाजिक चेतावनी और सामूहिक समाधान की अपील

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** चाईबासा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल के दिनों में घटित आपराधिक घटनाएँ केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं हैं, बल्कि पूरे समाज के लिए गंभीर चेतावनी हैं। इन घटनाओं ने सामाजिक ताने-बाने, नैतिक मूल्यों और सामुदायिक जिम्मेदारी पर गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। रांची, ईचागढ़ लोकसभा, विधानसभा चुनाव लड़ चुके पूर्व प्रत्याशी धी० रामहरि पेरियार ने कहा कि केवल अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज देना पर्याप्त समाधान नहीं है। जेल सजा का माध्यम है, लेकिन स्थायी सामाजिक सुधार का उपाय नहीं। यदि अपराध की जड़ पर प्रहार नहीं किया गया, तो ऐसी घटनाएँ रुकने वाली नहीं हैं। अपराध का पिरामिड मॉडल समझना होगा। धी० रामहरि पेरियार ने अपराध की समस्या को पिरामिड मॉडल से समझाते हुए कहा नींवः नशा, अशिक्षा, बेरोजगारी, नैतिक पतन और सामाजिक असमानता। मध्य भागः परिवार और समाज की चुप्पी, डर, उदासीनता और समझौता। चोटीः अपराध, हिंसा और महिलाओं एवं कमजोर वर्गों के खिलाफ अत्याचार। जब तक पिरामिड की नींव मजबूत और स्वस्थ नहीं होगी, तब तक अपराध की चोटी गिरकर बार-बार खड़ी होती रहेगी। समाज को क्या करना होगा।

# कारो नदी पर पुल का निर्माण कराए सरकार : जगत माझी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**मनोहरपुर।** विधायक जगत माझी झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहे है, ताकि उसका समाधान हो सके। इसी क्रम में शनिवार को विधायक ने शून्यकाल के दौरान मनोहरपुर विस क्षेत्र अन्तर्गत कारो नदी पर पुल का निर्माण कराने की मांग सरकार से की। विधायक ने सदन में कहा कि डेरवां से नंदपुर तक जाने वाली निमार्णाधीन सड़क में पांता गांव में कारो नदी पर पुल निर्माण अत्यंत आवश्यक है। विधायक जगत माझी ने कहा कि पुल के अभाव में इस सड़क का उपयोग नहीं हो पाएगा। जिससे इस सड़क के निर्माण का मकसद अधूरा रह जाएगा। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से आवागमन की सुविधा के लिए कारो नदी पर पुल का निर्माण कराने की मांग की।

# स्टूडेंट क्लब को पराजित कर फेनेटिक क्लब क्वार्टर फाईनल में

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** अभिषेक बोदरा की शानदार बल्लेबाजी (73*) एवं अंश राज की बेहतरीन गेंदबाजी (17/4) की बदौलत फेनेटिक क्लब चाईबासा ने अपेक्षाकृत मजबूत माने जाने वाली टीम स्टूडेंट क्लब चाईबासा को तीन विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया जबकि आज का मैच गंवाकर स्टूडेंट क्लब की टीम इस प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के इस मैच में टॉस फेनेटिक क्लब के कप्तान ने जीता तथा स्टूडेंट क्लब चाईबासा को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टूडेंट क्लब ने निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 129 रनों का स्कोर खड़ा किया। स्टूडेंट क्लब की ओर से कप्तान मोअज्जम खान ने 33, एहसास अहमद ने 30 एवं अबान असलम ने 15 रन बनाए। स्टूडेंट क्लब को इतने कम स्कोर पर रोकने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका फेनेटिक क्लब के गेंदबाज अंश राज की रही जिसने अपने चार ओवर में मात्र 17 रन देकर चार खिलाड़ियों को चलता किया। कप्तान सावन गोप ने दो तथा विनय निषाद ने एक विकेट हासिल किए।

जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी फेनेटिक क्लब की टीम ने 19.2 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। हलांकि 24 रन के स्कोर पर जब फेनेटिक क्लब के छः बल्लेबाज पैविलियन लौट गए।

**मनोहरपुर, गोइलकेरा व आनंदपुर में खिलाड़ियों के लिए आवासीय प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग**

# प्रस्ताव प्राप्त होने पर आनंदपुर में करेंगे क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र का अधिष्ठापन : मंत्री

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**मनोहरपुर।** स्थानीय विधायक जगत माझी ने स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवासीय या डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग की है। इसे लेकर विधायक ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान सरकार से कई मुद्दों को लेकर प्रश्न किये। विधायक ने सरकार से कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर, आनन्दपुर और गोईलकेरा प्रखण्ड क्षेत्र में एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल खेल में स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों ने सिर्फ राज्य ही नहीं देश में भी अपना सफल प्रतिनिधित्व किया है। लेकिन स्थानीय खिलाड़ियों के लिए आवासीय या डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र का सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया है। विधायक के प्रश्न पर उत्तर देते हुए विभागीय मंत्री ने कहा है कि खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के पत्रांक-102, दिनांक-19.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि कार्यालय आदेश संख्या-121, दिनांक 05.01.2024 द्वारा मनोहरपुर प्रखण्ड में ईश्वर पाठक उच्च विद्यालय अंतर्गत फुटबॉल (बालक एवं बालिका) के-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र अधिष्ठापित करने की स्वीकृति दी गई। उक्त प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षक की नियुक्ति की स्वीकृति के संबंध में कार्रवाई की जा रही है। वहीं गोईलकेरा प्रखण्ड में एथलेटिक्स डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र के अधिष्ठापन हेतु जिला खेल पदाधिकारी, चाईबासा के पत्रांक-508/खे०, दिनांक 06.12.2025 द्वारा प्रस्ताव प्राप्त है। विभागीय अधिसूचना संख्या-05, दिनांक-28.03.2023 द्वारा गठित विभागीय अनुशंसा समिति की आगामी बैठक में उक्त प्रशिक्षण केन्द्र के अधिष्ठापन के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। साथ ही आनन्दपुर प्रखंड में क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र के अधिष्ठापन के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकेगी।

# महिला कॉलेज चाईबासा के बी.एड. विभाग में टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिला के महिला कॉलेज चाईबासा के बी.एड. विभाग में आज एक दिवसीय टीबी जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक ठक्कर ने अंतर्गत ठरर के सभी वॉलंटियर्स को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में टी.बी. के लक्षणों, जांच प्रक्रिया, दवा की अवधि, टी.बी. मुक्त भारत अभियान तथा साइकोसोशल सपोर्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, सभी वॉलंटियर्स का ऑनलाइन निश्चय पोर्टल में पंजीकरण भी कराया गया। श्री ठक्कर ने वॉलंटियर्स को सफलता की कहानियां (सक्सेस स्टोरी) गढ़ने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे समुदाय में टीबी उन्मूलन के लिए सक्रिय भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम में ठरर पदाधिकारी डॉ. अर्पित सुमन, बी.एड. विभागाध्यक्ष मोबारक करीम हाशमी, डॉ. राजीव नमता, डॉ. पुष्पा कुमारी, ओम प्रकाश ठाकुर (DPPMC) तथा अविनाश कुमार सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. अर्पित सुमन ने कहा, यह प्रशिक्षण ठरर वॉलंटियर्स को टीबी मुक्त भारत अभियान में सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी मिलकर जागरूकता फैलाएंगे।

# एयरक्राफ्ट के मलबे को देखने के लिए दूर-दूर से पहुंच रहे लोग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** खराब मौसम के बीच बीते शाम जिले के सिमरिया के कसारी पंचायत के करम टांड़ जंगल के पास दुर्घटनाग्रस्त एयर एंबुलेंस की सूचना मिलने के दूसरे दिन मंगलवार को भी कसारी के जंगल में हजारों लोग विमान के मलबे को देखने के लिए पहुंचे। कसारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उगम भुइयां ने बताया कि वे पहली बार ऐसी घटना देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक विमान हवा में लडखडा कर गिरने की तेज आवाज आई थी। आसपास के लोगों ने आवाज को सुना और उन्हें सूचना दी। टोली बनाकर रात भर लोगों ने जंगल में खोजबीन की। इसी क्रम में बीती रात विमान का मलवा सामने आया और उन्होंने जिला प्रशासन को सूचना दी। उसके बाद से यहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है। चतरा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू सहित कई जगहों से हजारों लोग यहां पहुंचे। लोग कई किलोमीटर पैदल चलकर घने जंगलों में विमान के मलबे को देखने पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन ने मलबे को घेरा बनाकर आम लोगों को पास जाने से रोक रही है। मंगलवार को दिनभर राज्य के कई वरीय अधिकारियों, राजनेता और आसपास के लोगों का आना जाना लगा रहा। लोगों ने बताया कि विमान के गिरने से तेज आवाज कई किलोमीटर सुनी गई थी। आवाज से आसपास के लोग डर थे। आसपास के लोगों ने विमान का मलवा खोजने और रेस्क्यू करने में पुलिस प्रशासन की मदद की।

# बोकारो के प्रभात कॉलोनी में आयकर विभाग की छापेमारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**बोकारो।** चास शहर के प्रभात कॉलोनी इलाके में मंगलवार को आयकर विभाग की पटना इकाई ने व्यवसायी सोनू मिश्रा के आवास और प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। मंगलवार को करीब 10 अधिकारियों की टीम चार इनोवा गाड़ियों से पहुंची और क्षेत्र को घेरते हुए जांच शुरू कर दी। कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी बाला पेंटिंग से जुड़े वित्तीय लेन-देन और आयकर संबंधी मामलों को लेकर की जा रही है। टीम व्यवसाय से जुड़े दस्तावेज, रजिस्टर, बैंक लेन-देन से संबंधित कागजात तथा डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों को जब्त किए जाने की भी जानकारी मिली है।

## संक्षिप्त

### जमशेदपुर प्रोफेशनल कॉलेज में शुरू होगी पढाई, मिली स्वीकृति

**पूर्वी सिंहभूम।** लंबे समय से अधर में लटका जमशेदपुर प्रोफेशनल कॉलेज अब शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शुरू होगा। सरकार ने इसे संचालित करने की औपचारिक स्वीकृति मंगलवार को पेश किए गए बजट में दे दी है। बजट के जरिए कॉलेज को इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के रूप में विकसित किया जाएगा और इसका संचालन राज्य सरकार खुद करेगी। इसे पीपीपी मोड पर देने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इस संबंध में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा है कि उन्हें विधानसभा में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया था। उन्होंने तैयार भवन के बावजूद कॉलेज शुरू नहीं होने पर सवाल किया था। सरकार ने जवाब में स्पष्ट किया कि सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं और आगामी सत्र से पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार यहां मास्टर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए), इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम) और डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (डीसीए) जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित होंगे। इससे स्थानीय छात्रों को उच्च स्तरीय प्रोफेशनल शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### प्रोजेक्ट उल्लास शिविर में 128 मरीजों को मिली सलाह

**पूर्वी सिंहभूम।** जिला प्रशासन की ओर से संचालित प्रोजेक्ट उल्लास के तहत मंगलवार को घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में मिर्गी रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 128 लोगों का पंजीकरण कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से उनकी जांच की गई और जरूरी सलाह के साथ नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम की पहल पर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य मिर्गी से पीड़ित मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें वैज्ञानिक और समुचित उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर में एम्स, नई दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रही, जिन्होंने मरीजों की विस्तार से स्क्रीनिंग की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार उपचार संबंधी सलाह दी।

# उपायुक्त के पास पहुंची पैक्स में धान खरीद में अनियमितता की शिकायत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश यादव ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी मामलों के निष्पक्ष एवं समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिया।

जनसुनवाई में राशन कार्ड, धान अधिप्राप्ति, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, योजनाओं का लाभ एवं बकाया मजदूरी भुगतान सहित अन्य विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीण उपस्थित हुए। उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी आवेदकों की बातें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मामलों की भौतिक जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

बरगड़ प्रखंड के ग्राम उगरा निवासी राम सकल साव ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनकी जमीन की ऑनलाइन रसीद निर्गत नहीं हो पा रही है, जबकि ऑफलाइन रसीद कट रही है। उन्होंने बताया कि वे कई बार अंचल कार्यालय का चक्कर लगा चुके हैं और उक्त भूमि पर अपना घर बनाकर निवास कर रहे हैं। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक जांच कर ऑनलाइन रसीद निर्गत कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

भवनाथपुर प्रखंड के मकड़ी पैक्स अध्यक्ष देवेंद्र कुमार यादव ने धान अधिप्राप्ति हेतु केंद्र संचालन की अनुमति दिलाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क के बावजूद अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। उपायुक्त ने मामले में आवश्यक कार्रवाई कर किसानों की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेराल प्रखंड के ग्राम पेंदली निवासी अमरेश पाल ने गेरुआसोती पैक्स में धान खरीद में अनियमितता, एसएमएस निर्गत नहीं होने एवं भेदभाव की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बिना एसएमएस के पैक्स द्वारा धान लेने से मना किया जा रहा है, जबकि अन्य किसानों को तत्काल एसएमएस प्राप्त हो रहा है। धान बिक्री नहीं होने से आर्थिक संकट एवं पढ़ाई प्रभावित होने की बात भी उन्होंने रखी।

## रेलवे स्टेशन गोलीकांड का खुलासा, मुख्य आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो रेलवे स्टेशन के टेम्पो स्टैंड के समीप 22 फरवरी 2026 की देर शाम को हुई सनसनीखेज हत्या मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा कर दिया है। युवक सचिन यादव की गोली मारकर हत्या के मामले में मुख्य आरोपित बलराम कुमार उर्फ भोलू विश्वकर्मा (26) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल (मैगजीन सहित), एक उजला जैकेट और मोबाइल फोन बरामद किया है। घटना के संबंध में मृतक के छोटे भाई मिथलेश कुमार की लिखित शिकायत पर रेल थाना बोकारो में 23 फरवरी मामला दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि लगभग एक माह पूर्व उसके जीजा धनंजय कर्मकार के साथ सचिन और उसके साथियों ने मारपीट की थी। इसी पुरानी रंजिश को लेकर विवाद बढ़ा और घटना वाली रात बहस के दौरान उसने गुस्से में गोली चला दी। गोली लगने के बाद घायल सचिन को बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी घटना के दृश्य कैद होने की बात सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रेल जमशेदपुर के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक रेल चक्रधरपुर मनीष कुमार के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई। टीम ने मनसा सिंह गेट के पास से आरोपित को दबोचा। आरपीएफ बोकारो और बालीडीह थाना पुलिस के सहयोग से यह सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पूर्व में बालीडीह थाना और आरपीएफ पोस्ट में लगभग 15 मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य फरार आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## थ्री लेयर सिक्योरिटी की सुरक्षा में स्ट्रांग रूम, सुबह 3:30 बजे सील हुआ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** नगर निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के 1019 बूथ से सभी मतपेटिका राजकीय पॉलिटेक्निक स्थित रिसीविंग सेंटर पहुंची। रिसीविंग सेंटर पर सभी औपचारिकता पूरी कर उसे स्ट्रांग रूम में निर्धारित स्थान पर रखने की प्रक्रिया शुरू हुई। मतपेटिका को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने के लिए धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 1 से 5, 6 से 10, 11 से 15, 16 से 20, 21 से 25, 26 से 30, 31 से 35, 36 से 40, 41 से 45, 46 से 50 एवं 51 से वार्ड संख्या 55 तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 से 21 के लिए अलग-अलग रूम चिह्नित किए गए थे। सभी मतपेटिका को निर्धारित रूम में रखने के बाद उसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, महापौर पद के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार तथा धनबाद नगर निगम के महापौर व चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष एवं वार्ड परिषद के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील कर दिया गया।

## संवाद योजना के जरिए वंचित समूहों को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास

**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में जिले में जस्टिस ऑन व्हील्स के माध्यम से विधिक सेवाओं की निशुल्क उपलब्धता का प्रचार प्रसार किया जा रहा है इसी क्रम में आज खुदपनी प्रखंड परिसर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों के बीच विधिक जानकारी प्रदान की गई, एल ए डी सी के उप प्रमुख श्री सुरेंद्र प्रसाद दास ने मुख्य रूप से नालसा के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को बताया कि नालसा ऐसे कई कार्यक्रमों का संचालन कर रही है क्यों आम लोगों को निशुल्क विधिक सुविधा उपलब्ध होती है, इसी क्रम में जस्टिस ऑन व्हील के माध्यम से संवाद योजना के बारे में बताते हुए दास ने बताया कि यह योजना 'न्याय सबके लिए, संवाद सबके साथ' के नारे के साथ क्रियाशील है। यह योजना राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अप्रैल 2025 में शुरू की गई एक प्रमुख पहल है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य हाशिए पर पड़े जनजातीय समूहों, विमुक्त जातियों और खानाबदोश जनजातियों के लिए न्याय तक सीधी और सुलभ पहुंच सुनिश्चित करना है। पी एल वी स्वाति मुखर्जी ने बताया कि संवाद का अर्थ है मार्जिनलाइज्ड, वल्नरेबल आदिवासी और डी-नोटिफाइड/नोमैडिक ट्राइब्स के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत करना इसका उद्देश्य कानूनी जागरूकता, सहायता और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच के बीच की दूरी को मिटाना है, योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह, और विमुक्त/खानाबदोश जनजातियां से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ना है, यह योजना जनजातीय समुदाय को उनकी अपनी भाषा और संस्कृति के अनुसार कानूनी जानकारी प्रदान करती है, जिससे वे अपनी बात को बेहतर ढंग से समझ और रख सकें। यह योजना भूमि और वन अधिकारों, विस्थापन, पुनर्वास, दस्तावेजीकरण (दस्तावेज बनवाना), और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मामलों पर ध्यान केंद्रित करती है। पी एल वी उपासना कुमारी ने इस मौके पर कहा कि हेल्पलाइन और सहायत के लिए नालसा का टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 उपलब्ध है।

## जगत माझी ने सदन में सरकार से समीज आश्रम को इको टूरिज्म के तहत विकसित करने की मांग की

**गोइलकेरा।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से गोइलकेरा प्रखंड स्थित प्रसिद्ध समीज आश्रम को इको टूरिज्म के तहत विकसित करने की मांग की। विधायक के प्रश्न के उत्तर में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री ने उत्तर देते हुए कहा कि उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम से उक्त स्थल का समग्र पर्यटकीय विकास हेतु प्रस्ताव/प्राक्कलन मांग किया गया है। प्रस्ताव/प्राक्कलन प्राप्त होने पर भूमि की एवं बजट उपलब्धता के आधार पर योजना की स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही उत्तर में कहा गया है कि समीज आश्रम को विभागीय अधिसूचना संख्या-11, दिनांक-27.10.2021 के द्वारा श्रेणी बी के रूप में पर्यटक स्थल अधिसूचित है। विधायक जगत माझी ने प्रश्न के माध्यम से पूछा कि पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोईलकेरा प्रखंड अन्तर्गत समीज आश्रम एक प्रमुख धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। कारो और कोयल नदियों के संगम पर स्थित उक्त आश्रम स्थल का समुचित विकास अबतक नहीं हो पाया है। उन्होंने सरकार से इको टूरिज्म के तहत उक्त आश्रम स्थल के साथ निकटस्थ पुरानी इमारतों का नवीनकरण, ट्री-हाऊस और फिशिंग प्वाइंट जैसे समुचित विकास कार्य को पूरा कराकर सैलानियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण स्थल बनाने की मांग की है।

## आउटसोर्सिंग माइंस में वाहन कई फिट नीचे गिरा



**धनबाद।** धनबाद स्थित बीसीसीएल की आउटसोर्सिंग कम्पनियां सुरक्षा में बड़ी लापरवाही बरत रहे है। इस कारण दुर्घटनाओं पर लगाम नही लग पा रहा है। ताजा मामला मंगलवार को कतरास थाना क्षेत्र के बीसीसीएल एरिया-03 के एसजीटी आउटसोर्सिंग में देखने को मिला, जहां संचालित कोल माइंस में बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल, माइंस में रातों रात रास्ता कटा दिए जाने से और इसकी सूचना सभी कर्मियों के नही होने के कारण माइंस में जा रहा एक वाहन कई फिट नीचे गिर गया। जिससे न सिर्फ वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, बल्कि इस घटना में वाहन चला रहा चालक और दो अन्य कर्मी बुरी तरह घायल हो गए है। सभी घायलों को गम्भीरवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इस घटना के लिए स्थानीय प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लग रहा है।

# बूथ पर हुए हंगामा मामले में मारपीट और चेन छिनतई का मामला दर्ज

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद नगर निगम चुनाव के दौरान वार्ड संख्या 22 के सुसनीलेवा इलाके में मतदान के समय माहौल उस वक्त तनावपूर्ण हो गया था, जब बूथ संख्या 58, 59, 13 और 14 पर दो पार्षद प्रत्याशियों के समर्थक आमने-सामने आ गए थे। कहासुनी के बाद स्थिति धक्का-मुक्की और मारपीट तक पहुंच गई थी, जिससे कुछ देर के लिए मतदान प्रक्रिया प्रभावित हुई थी। अब उस घटना को लेकर अविनाश कुमार दुबे की शिकायत पर बरवाअड्डा थाना में मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में पार्षद प्रत्याशी शिल्पी कुमारी के प्रतिनिधि राज आनंद सिंह सहित गौरभ कुमार, अजित सिंह, बासूकीनाथ कुमार और तीन-चार अन्य लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। शिकायत में मारपीट कर जख्मी करने और सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया गया है। बता दें कि मतदान के दौरान राज आनंद सिंह अपने समर्थकों के साथ बूथ के आसपास अनावश्यक भीड़ और हस्तक्षेप की कोशिश कर रहे थे, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई और विवाद बढ़ने पर ग्रामीणों ने उन्हें खदेड़ कर पीटा और बूथ परिसर से बाहर निकाल दिया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर माहौल शांत करके मतदान प्रक्रिया को दोबारा सुचारू किया गया था। इस मामले को लेकर सोमवार की शाम एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह साफ कर दिया था कि मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है और इसमे अवश्य कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद आज यह कार्रवाई की गई है।

# विधायक के प्रयास से कस्तूरबा विद्यालय भवन निर्माण को मिली रफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** विधायक सोना राम सिंकु अपने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास करते नजर आ रहे हैं, आज विधानसभा में तारांकित प्रश्न के द्वारा जगन्नाथपुर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्रों की समस्या का समाधान करने का मामला उठाया है. विधायक के गम्भीरता से यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले समय में जगन्नाथपुर विधानसभा का कायाकल्प होगा। उपायुक्त चन्दन कुमार के द्वारा विधानसभा में विभाग के माध्यम से दिया गया जवाब से विषयक संतुष्ट हैं. विधायक का मानना है कि उपायुक्त के द्वारा कार्य पूरा कराने में अब कोई बाधा नहीं है. जल्द ही फंड से कार्य शुरू किया जाएगा, और छात्राओं की समस्या का स्थाई समाधान होगा.सम्पूर्ण परियोजना का निर्माण किया जाएगा. शिक्षिका आवास, कर्मचरियों का आवास, छात्रावास एवं विद्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा. कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सम्पूर्ण सुविधा छात्राओं के लिए होगी. ज्ञात हो की जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सोनाराम सिंकू के निरंतर प्रयासों से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के अधूरे भवन निर्माण कार्य को जल्द पूरा किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। विधायक द्वारा इस मुद्दे को विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से उठाए जाने के बाद अब निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विधायक सोनाराम सिंकू ने विधानसभा सत्र के दौरान जगन्नाथपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं की समस्याओं को गंभीरता से उठाया। उन्होंने विद्यालय के अधूरे भवन, छात्रावास, शिक्षिका आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी का मुद्दा प्रमुखता से रखा। विधानसभा में विभाग की ओर से उपायुक्त चन्दन कुमार द्वारा दिए गए जवाब पर विधायक ने संतोष जताया। उन्होंने कहा कि अब निर्माण कार्य पूरा कराने में किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा नहीं है। विधायक के अनुसार, जल्द ही डीएमएफटी फंड से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस परियोजना के तहत विद्यालय भवन, छात्रावास, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के आवास का समग्र निर्माण किया जाएगा।

# केंद्रीय फंड का बहाना, झारखंड सरकार का विलाप : कोड़ा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि





**चाईबासा।** झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट राज्य के विकास के नाम पर केवल बहानों का पुलिंदा है। इस बजट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने तीखी और हमलावर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए हर बार केंद्रीय फंड नहीं मिला का रोना रोती है, जबकि सच्चाई यह है कि राज्य सरकार की नीयत और प्राथमिकताएं ही कमजोर हैं।

मधु कोड़ा ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए न तो पर्याप्त बजट है और न ही अधूरी पड़ी योजनाओं को पूरा करने की कोई ठोस मंशा। गांवों में सड़कें अधूरी हैं, पुल-पुलिया और सिंचाई योजनाएं वर्षों से लटकी हैं, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा की हालत बद से बदतर है। सरकार हर सवाल पर केंद्रीय फंड का बहाना बनाकर अपने दायित्व से भाग रही है। यह बजट विकास का दस्तावेज नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी का विलाप है। गीता कोड़ा ने कहा कि महिलाओं, विधवाओं, युवाओं और आदिवासी बहुल ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह बजट निराशाजनक है। स्वरोजगार, कौशल विकास और स्थायी आजीविका के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। सहायता राशि के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्य ठप पड़े हैं।

## संपादकीय

### नई सरकार, नया संकेत

**बांग्लादेश** की सत्ता में आया ताजा परिवर्तन केवल चुनावी जीत का परिणाम नहीं, बल्कि बीते डेढ़ वर्षों की अस्थिरता, हिंसा और अंतरराष्ट्रीय उलझनों के बाद एक निर्णायक मोड़ भी है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व में बनी सरकार और तारिक रहमान का प्रधानमंत्री पद संभालना क्षेत्रीय राजनीति में नए संतुलन की संभावना जगाता है। विशेष रूप से हिंदू समुदाय के सांसदों को मंत्रिमंडल में स्थान देना एक सोचा-समझा राजनीतिक और कूटनीतिक संकेत माना जा रहा है। हाल के महीनों में अल्पसंख्यकों पर हमलों और सांप्रदायिक तनाव ने बांग्लादेश की छवि को धक्का पहुंचाया था। ऐसे में नई सरकार द्वारा हिंदू प्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण मंत्रालय देना केवल सामाजिक समावेशन का प्रयास नहीं, बल्कि आंतरिक स्थिरता बहाल करने की रणनीति भी है। लोकतंत्र का असली अर्थ तब ही पूर्ण होता है, जब सत्ता संरचना में विविधता का सम्मान दिखे। नई कैबिनेट में अनुभवी और शिक्षित चेहरों को शामिल करने का दावा भी किया गया है। यदि यह संतुलन व्यवहारिक नीतियों में झलके, तो यह सरकार के लिए लंबी स्थिरता की बुनियाद बन सकता है। चुनाव परिणामों में बहुमत के बावजूद विपक्षी दलों से संवाद की पहल, राजनीतिक परिपक्वता का संकेत है। जमात-ए-इस्लामी के नेताओं से मुलाकात और सहयोग का आग्रह बताता है कि नई सरकार कम-से-कम शुरूआती दौर में टकराव की राजनीति से बचना चाहती है। दक्षिण एशिया की राजनीति में जहां अक्सर चुनाव बाद कटुता बढ़ती है, वहां यह कदम सकारात्मक उदाहरण बन सकता है। नई दिल्ली और ढाका के रिश्ते ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से गहरे हैं। शपथ ग्रहण समारोह में ओम बिरला की मौजूदगी और ममता बनर्जी की बधाई संदेशों को सामान्य प्रोटोकॉल से बढ़कर कूटनीतिक संकेत के रूप में देखा जा सकता है। अल्पसंख्यकों की राजनीतिक भागीदारी से द्विपक्षीय विश्वास को मजबूती मिल सकती है, बशर्ते इसे जमीनी सुरक्षा और न्यायिक कार्रवाई का समर्थन भी मिले। दक्षिण एशिया में शक्ति-संतुलन की राजनीति हमेशा सक्रिय रहती है। नई सरकार के सामने यह चुनौती होगी कि वह क्षेत्रीय दबावों के बीच संतुलित विदेश नीति अपनाए।

# विदेश गए बच्चे, अकेले रह गए माता-पिता

**जगदीप सिंह**



भारतीय समाज में परिवार की संरचना और मूल्यों का आधार माता-पिता की देखभाल एवं सम्मान रहा है। मगर आधुनिक समय में वैश्वीकरण, बेहतर शिक्षा और अच्छे रोजगार के लिए युवा विदेश या बड़े शहरों में जाकर बस रहे हैं। यह प्रवास अक्सर परिवारों में आर्थिक उन्नति तो लाता है, लेकिन कई मामलों में बुजुर्ग माता-पिता अकेले पड़ जाते हैं। देखभाल और भावनात्मक समर्थन का अभाव तथा अकेलेपन से बुजुर्गों की मानसिक एवं शारीरिक स्थिति दयनीय हो जाती है। हाल ही में बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया गया और विदेश जाने वाले युवाओं के लिए माता-पिता की देखभाल सुनिश्चित करने वाले सख्त नियमों की मांग की गई। सुझाव दिया गया कि विदेश जाने से पहले युवाओं से एक हलफनामा लिया जाए, जिसमें वे अपनी आय का एक निश्चित हिस्सा माता-पिता की देखभाल के लिए देने का वादा करें। साथ ही हर छह महीने में माता-पिता से संतुष्टि प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य हो, जिसमें बुजुर्ग पुष्टि करें कि उनकी देखभाल सही तरीके से हो रही है, उनके बच्चे नियमित संपर्क में हैं और आवश्यक सहायता मिल रही है। यदि ऐसा प्रमाण पत्र नहीं मिलता या शिकायत आती है, तो ऐसे युवाओं का पासपोर्ट रद्द किया जाए और उन्हें भारत वापस बुलाया जाए। इसके अलावा यह सलाह भी दी गई कि कम से कम सप्ताह में एक बार फोन पर माता-पिता का हालचाल पूछना भी बाध्यकारी होना चाहिए।

संसद में दिए गए ये सुझाव इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले वर्ष पांच सौ से अधिक ऐसे मामले सामने आए, जहां विदेश में बसे बच्चों की ओर से उपेक्षा के कारण माता-पिता की हालत बहुत खराब हो गई या उनकी मृत्यु हो गई और बच्चे अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं लौटे। यह मुद्दा केवल भावनात्मक नहीं है, बल्कि सामाजिक और कानूनी दृष्टि से भी गंभीर है। भारत में पहले से ही माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम- 2007 लागू है, जो युवाओं को माता-पिता की आर्थिक और भावनात्मक देखभाल के लिए जिम्मेदार बनाता है। इस कानून के तहत बुजुर्ग न्यायाधिकरण में शिकायत कर सकते हैं और अपने बच्चों से मासिक भरण-पोषण की सहूलियत प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें संपत्ति हस्तांतरण रद्द करने की शक्ति भी शामिल है। मगर अफसोसनाक है कि सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद बुजर्गों की देखभाल और सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, जिस कारण बड़ी संख्या में बुजुर्ग वृद्धाश्रम में शरण लेने को मजबूर हो रहे हैं, जबकि कई माता-पिता के बच्चे भारतीय शहरों में ही रह रहे हैं। दूसरा, यह कानून विदेश में बसे युवाओं (एनआरआइ) पर प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पाता, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्षेत्राधिकार, प्रवर्तन की कमी और संपर्क की दूरी जैसी समस्याएं आड़े आती हैं। कई एनआरआइ युवा भारत में संपत्ति या बैंक खाते रखते हैं,

> *संसद में दिए गए ये सुझाव इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले वर्ष पांच सौ से अधिक ऐसे मामले सामने आए, जहां विदेश में बसे बच्चों की ओर से उपेक्षा के कारण माता-पिता की हालत बहुत खराब हो गई या उनकी मृत्यु हो गई और बच्चे अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं लौटे। यह मुद्दा केवल भावनात्मक नहीं है, बल्कि सामाजिक और कानूनी दृष्टि से भी गंभीर है। भारत में पहले से ही माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम- 2007 लागू है, जो युवाओं को माता-पिता की आर्थिक और भावनात्मक देखभाल के लिए जिम्मेदार बनाता है। इस कानून के तहत बुजुर्ग न्यायाधिकरण में शिकायत कर सकते हैं और अपने बच्चों से मासिक भरण-पोषण की सहूलियत प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें संपत्ति हस्तांतरण रद्द करने की शक्ति भी शामिल है। मगर अफसोसनाक है कि सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद बुजर्गों की देखभाल और सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, जिस कारण बड़ी संख्या में बुजुर्ग वृद्धाश्रम में शरण लेने को मजबूर हो रहे हैं, जबकि कई माता-पिता के बच्चे भारतीय शहरों में ही रह रहे हैं। दूसरा, यह कानून विदेश में बसे युवाओं (एनआरआइ) पर प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पाता, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्षेत्राधिकार, प्रवर्तन की कमी और संपर्क की दूरी जैसी समस्याएं आड़े आती हैं।*

लेकिन माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेते हैं। संसद में पेश किया गया प्रस्ताव इसी कमी को दूर करने के प्रयास से जुड़ा है, जहां विदेश मंत्रालय और पासपोर्ट प्राधिकरण के माध्यम से यात्रा तथा नागरिकता से जुड़ी शर्तें लगाने का सुझाव दिया गया है। यदि इस पर गंभीरता से विचार कर इसे व्यवस्था का हिस्सा बनाए जाए, तो विदेश जाने वाले युवाओं के लिए पासपोर्ट आवेदन या वीजा प्रक्रिया में माता-पिता की सहमति या हलफनामा अनिवार्य हो सकता है, जो उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम होगा। इस तरह के कानून की आवश्यकता इसलिए भी महसूस की जा रही है, क्योंकि भारत में बुजुर्ग आबादी तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2021 के एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार, देश में साठ वर्ष से अधिक उम्र के लोग कुल आबादी का लगभग दस फीसद हैं, और यह संख्या वर्ष 2030 तक और बढ? का अनुमान है। युवाओं के विदेश और शहरों में पलायन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं, जहां स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा और भावनात्मक समर्थन की कमी होती है।

कई मामलों में माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने के लिए अपनी जमीन-जायदाद तक बेच देते हैं, अपनी सारी बचत उसमें लगा देते हैं और कहीं कमी रह जाए तो बैंकों से कर्ज लिया जाता है। मगर कई दफा उन्हें बदले में अकेलापन और उपेक्षा ही मिलती है। यह न केवल व्यक्तिगत स्तर पर दुखद है, बल्कि समाज में पारिवारिक मूल्यों के क्षरण को भी दशार्ता है। भारतीय संस्कृति में मातृ-पितृ भक्ति को सर्वोच्च माना जाता है, लेकिन आर्थिक महत्त्वाकांक्षा और पश्चिमी जीवनशैली के प्रभाव से ये मूल्य कमजोर पड़ रहे हैं। संसद में दिया गया सुझाव इसी सांस्कृतिक संकट पर ध्यान आकर्षित करता है और याद दिलाता है कि युवाओं की सफलता के पीछे माता-पिता का त्याग भी होता है, इसलिए उनकी सेवा अनिवार्य होनी चाहिए। हालांकि, इस प्रस्ताव पर बहस भी छिड़ी हुई है। कुछ लोग इसे सकारात्मक मानते हैं, क्योंकि यह बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा से जुड़ा है और बच्चों में जिम्मेदारी की भावना जगाने वाला है। सोशल मीडिया पर कई लोग इसका यह कहकर समर्थन कर रहे हैं कि इस तरह का कानून जरूरी है, ताकि माता-पिता का भविष्य सुरक्षित रहे। दूसरी ओर, कुछ आलोचक इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अतिक्रमण मानते हैं। वे कहते हैं कि पासपोर्ट रद्द करना या प्रमाण पत्र की बाध्यता जैसे कदम बहुत कठोर हैं, जो प्रवास की स्वतंत्रता को प्रभावित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय कानूनों में पासपोर्ट रद्द करने के लिए केवल गंभीर अपराध या राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार होते हैं, न कि पारिवारिक मामलों पर। एनआरआइ समुदाय का एक हिस्सा भी इसे भेदभावपूर्ण मानता है, उनका तर्क है कि भारत में रहने वाले युवा जो माता-पिता की उपेक्षा करते हैं, उनके खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई नहीं होती है।

इसके बावजूद इस प्रस्ताव की व्यावहारिकता पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यदि सरकार इस तरह के प्रावधान लागू करती है, तो विदेश मंत्रालय को एनआरआइ से जुड़े डेटाबेस को मजबूत करना होगा, भारतीय दूतावासों के माध्यम से प्रमाण पत्र सत्यापन की व्यवस्था करनी होगी और शिकायतों के लिए एक तंत्र बनाना होगा। यह प्रक्रिया जटिल हो सकती है, लेकिन डिजिटल प्रणाली और आधार जैसी सुविधाओं से इसे संभव बनाया जा सकता है। मिसाल के तौर पर माता-पिता एक आनलाइन पोर्टल पर प्रमाण पत्र दर्ज कर सकते हैं या दूतावास में जमा कर सकते हैं। यदि प्रमाण पत्र नहीं मिलता है, तो पासपोर्ट नवीनीकरण रुक सकता है या यात्रा प्रतिबंध लग सकता है। यह कदम युवाओं को अपने माता-पिता से नियमित संपर्क बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगा और उनकी सुरक्षा का एहसास दिलाता रहेगा। इस मुद्दे पर संसद में उठाया गया सवाल केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अहम है। यदि ऐसा कानून बनता है, तो यह सुनिश्चित करेगा कि विदेश में सफलता पाने वाले युवा अपने माता-पिता को कभी न भूलें। बुजुर्गों का सम्मान और सुरक्षा राष्ट्र की प्रगति का आधार है, और उनकी उपेक्षा सामाजिक मूल्यों के लिए घातक साबित हो सकती है। इसलिए इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, ताकि बुजुर्ग माता-पिता का भविष्य सुरक्षित हो और परिवार की एकता बनी रहे। यह कदम न केवल बुजुर्गों की रक्षा करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाएगा।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# समाधान के लिए समय पर बात करना होता है जरूरी

**रेखा शाह आरबी**



मौन निशब्द है, लेकिन यह भाषा है, भाव, शब्द, अर्थ, साधना, भक्ति, शक्ति, सामर्थ्य, ज्ञान, सुंदर और मुखर भी है। यह अमूल्य आभूषण भी है। मौन को जितनी भी उपाधि दी जाए, कम ही है। यह कमजोरी नहीं है, बल्कि यह शक्तिशाली है। कभी-कभी हम बोलकर शब्दों के जरिए जितना सटीक अपने आप को अभिव्यक्त नहीं कर पाते हैं, उससे ज्यादा चुप रहकर बोल लेते हैं। कुछ भाव-भावनाओं के लिए तो शब्दकोश में शब्द खोजते रह जाते हैं, लेकिन नहीं मिलता। वहीं भाव भंगिमा की सहायता से मौन के सहारे एकदम सटीक, बेहतर तरीके से अपनी बात कह देते हैं। कुछ लोग शब्दों की अनुपस्थिति को मौन मान लेते हैं। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। मौन का मतलब सिर्फ शब्दों का अभाव नहीं है, बल्कि आंतरिक शांति, स्पष्टता और समझ पाने की गहरी क्षमता है। इससे इंसान के भीतर आत्मचिंतन और एकाग्रता में इजाफा होता है। मौन उसे ही माना जा सकता है, जहां हमारा चित्त पूरी तरह से शांत हो। वहीं बिना वजह का बोलना हमारी ऊर्जा का फिजूल खर्च है। ऐसी जगह पर शाब्दिक मौन ऊर्जा की बचत ही करता है। साथ ही अत्यधिक वाचाल होना विभिन्न प्रकार के विवादों को न्योता देना होता है, जिससे हम अनावश्यक विवाद में उलझते हैं। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए मौन को वरदान के तौर पर देखा जाता है। इसके जरिए हम खुद के साथ ज्यादा गहराई से जुड़ते हैं। जब हम मौन में रहते हैं, तो अपने ऊपर चिंतन-मनन करते हैं। अपने जीवन के बारे में ठीक-ठाक विश्लेषण करते हैं, जो हमारे जीवन में सार्थक और चमत्कारिक बदलाव लाता है।

इससे हम दुनिया के बाहरी शोर को परे रखकर आंतरिक ज्ञान और स्थिरता पाते हैं। यह सब हमारे मन को शांत करता है और जीवन को सकारात्मक बनाता है। कहा जा सकता है कि मौन हमारा आध्यात्मिक और व्यक्तिगत विकास करता है। मौन की एक शक्ति हमारे परिस्थितिजन्य तात्कालिक आवेग को रोक कर कुछ भी अनुचित कहने से रोकना है, जो रिश्तों को बचाने का काम करता है। अक्सर अत्यधिक बोलने वाले आवेग में ऐसी बातें बोल देते हैं, जो लोगों को अप्रिय लगती है और फिर रिश्तों में तनाव उत्पन्न हो जाता है। पर जिन्हें मौन का अभ्यास होता है, वे अपने तात्कालिक आवेग पर नियंत्रण रख लेते हैं। बाहर से देखने पर मौन में भले खामोशी दिखती है, लेकिन यह एक सक्रिय अवस्था है जो जीवन में आंतरिक शक्ति, शांति जीवन में लाने का कार्य करती है। जानकार लोग भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि हम केवल न बोलने को मौन समझ लेते हैं, जबकि वास्तव में मौन तब होता है, जब मन की खटपट मिट जाए, मन पूरी तरह शांत हो जाए। हमारे होंठ भी इसी कारण चलते हैं, क्योंकि जब मन अशांत होता है, तब हम मौन होकर भी मौन नहीं होते हैं। शब्दहीनता को मौन समझ लेना इसका सस्ता अर्थ लगाना है।

श्रीमद्भागवत गीता में मौन को मानसिक तप के साथ-साथ आत्मसंयम का साधन और ईश्वर की वाणी सुनने का मार्ग बताया गया है। मौन का अर्थ केवल वाणी से नहीं, बल्कि मन की चंचलता को रोकने से है। और मन की चंचलता को रोकना अपने आप में दुसाध्य कार्य है। मौन का अर्थ कमजोरी नहीं है, बल्कि यह आत्म साक्षात्कार, मानसिक शांति, आध्यात्मिक प्रगति के लिए एक आवश्यक साधन है।किसी भी चीज के दो पहलू होते हैं- सकारात्मक और नकारात्मक। मौन का नकारात्मक पहलू यह है कि यह कई बार अर्थ का अनर्थ भी कर देता है। भले ही इसके बहुत सारे लाभ हों, लेकिन अक्सर यह संशय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर देता है। इसे एक दुधारी तलवार की तरह देखा जा सकता है, जो अपने नकारात्मक पक्ष में भी ज्यादा धारदार या नुकसानदेह नहीं है। फिर भी इसमें थोड़ी धार तो होती ही है। इसलिए मौन का भी उपयोग करते हुए सचेत रहने की जरूरत होती है। अगर सही समय पर सही बात को नहीं बोला जाए तो गलतफहमी भी उत्पन्न करता है। अक्सर हमारे मौन को हमारी असहमति या कमजोरी मान लिया जाता है, जिससे स्थिति सुधरने के बजाय और भी बिगड़ जाती है। जब संवाद रुक जाता है, तब मौन से भावनाएं मर जाती हैं और रिश्तों में विश्वास और असुरक्षा की भावना पैदा होने की संभावना बढ़ जाती है। मौन वही सही है, जो मन को शांति दे। जब किसी विषय वस्तु पर कोई व्यक्ति चुप रहता है, तो अन्य लोग उसकी चुप्पी को बहुत ही आसानी से सहमति या असहमति मान लेते हैं। जबकि हर बार ऐसा नहीं होता है। हो सकता है कि वह व्यक्ति किसी अन्य परेशानी में उलझा हुआ हो या उस स्थिति के लिए कुछ सही शब्द नहीं मिल रहे हों, जिसके कारण वह फिलहाल चुप है। हालांकि बहुत बार ऐसा भी होता है कि किसी गंभीर मुद्दे पर चुप्पी कोई हल निकालने के बजाय समस्या को दोगुना बढ़ा देती है। समाधान के लिए बात करना जरूरी होता है और वह भी समय पर। अगर समय पर बात नहीं की जाए, तो कई बार स्थिति हाथ से निकल जाती है। कहा जा सकता है कि समय के मुताबिक मौन अपनी जगह पर सही है और संवाद भी अपनी जगह पर सही है। बस इनमें से किसी का चुनाव समय और जरूरत के मुताबिक और सतर्कता से हो।

**– लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**25 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



**बुधवार** 2026 वर्ष का 56 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** नवमी 02.41 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 13.39 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 01.29 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बालव 15.47 बजे तदनन्तर कौलव 02.41 बजे रात्र को समाप्त।


| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.23 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मेष | 08.53 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.34 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.32 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.45 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 17.01 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.13 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.24 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.39 ब.से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | धनु | 01.55 बजे से |
| | | मकर | 04.00 बजे से |
| | | कुंभ | 05.46 बजे से |

**चन्द्रायु** 7.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 10'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872631
**जूलियन दिन** 2461096.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 07
**विशेष** रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8782



### बाएँ से दाएँ

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

### ऊपर से नीचे

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

**शब्द पहेली -8781 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जी | स | स | | ग | ब | रु | |
| न | भ | | ज | | र | | त | ह |
| जा | | | ग | र | ज | ना | | ल |
| रा | ह | त | | स्म | | म | ह | क |
| | | र | ज | | रां | ची | | |
| ज | न | क | | खा | | न | स | ल |
| मी | | श | ब | न | म | | | ह |
| न | म | | हा | | ज | | जो | र |
| | त | ल | ना | | मा | लि | श | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7716** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7715 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

# 'मैं शादीशुदा हूं ये भूल जाती हूं'

**● तापसी पन्नू ने बताया क्यों की मैथियास बो से शादी? लड़कियों को दी ये सलाह**



**तापसी** पन्नू अपनी शादी और पर्सनल जिंदगी को काफी सीक्रेट रखती हैं। उन्होंने पति मैथियास से शादी से पहले 13 साल तक डेट किया, लेकिन किसी को कानों कान खबर नहीं लगने दी। इसके बाद उन्होंने शादी भी बिना किसी हो-हल्ले के सिंपल तीरके से कर ली, जिसमें सिर्फ परिवार और करीबी ही शामिल हुए। अब हाल ही में तापसी ने बताया कि उन्हें किस तरह का रिलेशनशिप पसंद है और क्यों उन्होंने 13 साल बाद मैथियास को अपना हमसफर बनाया?


### शादी के बाद नहीं आया कोई बदलाव

शुभांकर मिश्रा के साथ पॉडकास्ट में एक्ट्रेस ने अपने शादीशुदा रिश्ते और पति मैथियास को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने मैथियास के बारे में कहा कि उन्होंने मुझे कभी भी रिश्ते का बोझ महसूस नहीं होने दिया। शादी के बाद भी कुछ खास बदलाव नहीं आया। मैं लगभग भूल ही जाती हूं कि मैं शादीशुदा हूं। शादी से पहले मेरी सिर्फ एक ही शर्त थी कि शादी के बाद भी सब कुछ पहले जैसा ही रहे। एक्ट्रेस ने कहा कि मेरे लिए रिश्ते में सहजता और कंफर्ट सबसे महत्वपूर्ण रखता है। यही कारण है कि मैंने मैथियास से शादी की, क्योंकि उनमें एक सहजता है।

### मैं नहीं चाहती शादी से रिश्ते में बदलाव आए

मैथियास बो एक प्रसिद्ध और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। अब वो भारत में भी कई खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं। तापसी ने बताया कि शादी के बाद वो डेनमार्क नहीं गईं, बल्कि मैथियास यहां भारत में रहने लगे। मैथियास से शादी को लेकर तापसी ने कहा कि उनकी सहजता ही इसकी वजह थी। कोई भावनात्मक बोझ नहीं था, कोई बाध्यता नहीं थी। मैं कभी नहीं चाहती थी कि शादी पहचान में बदलाव का एहसास कराए। मेरा मानना है कि अगर रिश्ते में बदलाव आता, तो इसे औपचारिक रूप देने का कोई मतलब नहीं होता। हमें सचमुच एक-दूसरे के साथ रहना पसंद है। तभी हमने आगे बढ़ने का फैसला किया। क्योंकि लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में कई चुनौतियां आ रही थीं।

# विजय सेतुपति की अगली फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' में नजर आएंगी मालविका मोहनन



तमिल सिनेमा के मशहूर निर्देशक त्यागराजन कुमारराजा ने अपनी आगामी फिल्म का नाम 'पॉकेट नॉवेल' रखा है। हाल ही में इसकी आधिकारिक घोषणा हुई। इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' का पोस्टर जारी किया है, जिसमें विजय सेतुपति का आधा चेहरा दिखाई दे रहा है। बैकग्राउंस में पोस्टर का रंग लाल है, जिसकी वजह से यह पोस्टर और ज्यादा इंटेंस लग रहा है। फिल्म के पोस्टर के साथ निर्माताओं ने इस फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में भी अहम जानकारी दी है।

### 'पॉकेट नॉवेल' की स्टार कास्ट

इस फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में मालविका मोहनन और राज बी शेट्टी के अलावा किशोर भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। प्रोडक्शन कंपनी टायलर डर्डन एंड किंग फिस्ट ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टाइटल पोस्टर जारी किया है। इसके साथ ही यह भी बताया कि सोमवार से शूटिंग शुरू हो चुकी है। पोस्टर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'त्यागराजन कुमारराजा की फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' की शूटिंग शुरू।'



### फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' के बारे में

'पॉकेट नॉवेल' का संगीत इलैयाराजा तैयार कर रहे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी नीरव शाह के कंधों पर है। इस फिल्म की कहानी और पटकथा एंड्रयू लुईस ने लिखी है। वहीं इस फिल्म के गाने युग भारती ने लिखें हैं। विजय की इस फिल्म की घोषणा से फैंस और सिनेमा प्रेमियों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बना रहे हैं विवेक अग्निहोत्री?



फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है।

**ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने की अफवाहों पर क्या कहा?**

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 आतंकी हमला हुआ था इसके बाद भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। वहीं, इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया।

**जल्द करेंगे बड़े प्रोजेक्ट का एलान:** विवेक अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने संबंधी रिपोर्ट्स की पुष्टि करने या खारिज करने से मना करते हुए कहा, 'मैं किसी का नाम नहीं बता रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि मैं एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा हूं और मैं अपने समय पर इसका एलान करूंगा। यह बहुत बड़ा और बहुत ही दिलचस्प प्रोजेक्ट है।

**अफवाहों को न खारिज किया, न ही पुष्टि की**

पिंकविला के मुताबिक, प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, 'भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा।

विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया। हालांकि, देखना दिलचस्प होगा कि निर्देशक ने अपने जिस अगले प्रोजेक्ट की बात की है, क्या वह इसी मुद्दे पर है या किसी और विषय पर फिल्म बना रहे हैं।

# होली से पहले अक्षरा सिंह का धमाका



होली का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे ही उत्साह और रंगों की बहार चारों तरफ छा रही है। बाजार सज रहे हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री में धीरे-धीरे गाने भी रिलीज हो रहे हैं। इसी कड़ी में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह का नया गाना 'होली पे चले गोली' शनिवार को रिलीज हो गया। यह गाना काफी धमाकेदार और मजेदार है। इस गाने की खास बात यह है कि इसमें अक्षरा के साथ वरुण शर्मा भी नजर आ रहे हैं। गाने में दोनों कलाकारों का कमाल का परफॉर्मेंस है। अक्षरा अपने आकर्षक हाव-भाव और स्टाइल से दिल जीत रही हैं, जबकि वरुण शर्मा भी अपना अलग अंदाज बिखेर रहे हैं। गाने में रंग, जोश और मस्ती से भरा माहौल है, जो होली के उत्सव को और भी रंगीन बना रहे हैं। अक्षरा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर गाने का क्लिप शेयर किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, ''होली पे चले गोली' इस साल होली का सबसे बड़ा धमाका होने वाला है। रंग, स्टाइल और ढ़ेर सारी मस्ती आपका इंतजार कर रही हैं। इस खास मौके पर आएंगे बेहद मनोरंजक वरुण शर्मा और शानदार अक्षरा सिंह के साथ जश्न होगा जोरदार। गाना एकदम दमदार और जोश से भरपूर होगा। बने रहिए हमारे साथ और इस धमाकेदार सेलिब्रेशन को भूलना मत। ' सॉन्ग 'होली पे चले गोली' को अभि दत्त, दीपाली साठे और विक्रम मोंट्रोज ने मिलकर गाया है और अजीम शिराजी ने लिखा है, जबकि विक्रम मोंट्रोस ने कंपोज किया है। गाने के रिलीज के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हैं। कई लोगों ने अक्षरा सिंह के अंदाज और वरुण शर्मा के साथ उनकी जोड़ी की तारीफ की है। होली के मौके पर भोजपुरी गानों की मांग हमेशा ज्यादा रहती है। अक्षरा सिंह का यह नया गाना लोगों को रंगों में डुबोने और थिरकने का मौका देगा। अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। वे न सिर्फ अभिनय, बल्कि गायिकी से भी दर्शकों के दिलों में खास पहचान रखती हैं। उनके गाने कई लोगों को पसंद भी आते हैं।

**बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड जाने पर प्रियंका चोपड़ा ने दिया बड़ा बयान, कहा -**

# 'मुझे पुश किया गया'

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा दुनियाभर में मशहूर हैं। उन्होंने बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में काम किया है और अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं। अपने करियर के पीक समय में उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था और हॉलीवुड का रुख किया था। लेकिन अब प्रियंका चोपड़ा ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वे कभी बॉलीवुड छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें हिंदी सिनेमा से बाहर मौके तलाशने के लिए 'पुश' किया।'

मैं कभी बॉलीवुड नहीं छोड़ना चाहती थी

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक के अपने सफर पर बात करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने खुलकर अपनी दिल की बात शेयर की। प्रियंका ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं कभी बॉलीवुड छोड़ना चाहती थी। लेकिन जब मैं हिंदी फिल्मों में काम कर रही थी, तो कई वजहों से खुद को थोड़ा सीमित महसूस करती थी। मैं अपने काम का दायरा बढ़ाना चाहती थी। एक कलाकार के तौर पर मैं कुछ नया और रोमांचक करना चाहती थी। इसी सोच ने मुझे दूसरे मौके तलाशने के लिए प्रेरित किया।' उन्होंने आगे कहा, 'इसी तलाश ने मुझे अमेरिका पहुंचाया। अब करीब 12 साल बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उस मुकाम पर हूं, जहां मैं अपने मनपसंद और बेहतरीन प्रोजेक्ट्स चुन सकती हूं। लेकिन यह सफर बिल्कुल आसान नहीं था।'

मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे मेरी इंडियन फिल्मों से प्यार है। मैं बहुत खुश हूं कि वापस भारत में आकर वाराणसी फिल्म के लिए काम कर रही हूं। मैं कभी भी इन दोनों में से किसी एक को चुनना नहीं चाहूंगी। मैंने कभी ऐसा किया भी नहीं। मुझे लगता है कि मैं दोनों इंडस्ट्री के बीच संतुलन बनाकर चलती हूं और मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है। दोनों जगह काम करने का तरीका कई मायनों में अलग है, ठीक वैसे ही जैसे उनकी संस्कृतियां अलग होती हैं। लेकिन अब मेरा दिमाग दोनों तरीकों से सोचने का आदी हो चुका है। यह अपने आप में एक अनोखा, शानदार और मजेदार अनुभव है।'

प्रियंका चोपड़ा की आगामी फिल्में

प्रियंका चोपड़ा के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' में नजर आएंगी। उनके साथ लीड रोल में कार्ल अर्बन रहेंगे। ये एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जो 25 फरवरी 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है।





# एआई सिनेमा को आकार दे सकता है, लेकिन मानवीय भावनाओं को नहीं : ताहा शाह बदुशा

चाहे विजुअल इफेक्ट्स हों, डबिंग हो या सीजीआई (ष्टत्रढ्ढ) हो, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस फ़िल्ममेकिंग की दुनिया को पूरी तरह बदल रहा है। विशेष रूप से अभिनेताओं पर इसके प्रभाव को लेकर चर्चाएँ तेज़ होती जा रही हैं। ऐसे में कुछ लोगों को लगता है कि एआई भविष्य में अभिनय के हर पहलू की नकल कर सकता है, लेकिन 'हीरामंडी' स्टार ताहा शाह बदुशा ऐसा नहीं मानते। उनके अनुसार, तकनीक सिनेमा को बेहतर बना सकती है, लेकिन वह उस भावनात्मक सच्चाई की जगह नहीं ले सकती, जो सिर्फ़ एक इंसान परदे पर ला सकता है। इस संदर्भ में ताहा कहते हैं, 'जब कोई भावनात्मक सीन होता है, फिर वो चाहे माँ के साथ हो, पत्नी के साथ हो या बच्चे के साथ हो, तो वह भावना हमें खुद महसूस करनी होती है। इस जुड़ाव या भावना को हम चाहकर भी मशीन से पैदा नहीं कर सकते।' गौरतलब है कि एआई ने तकनीकी रूप से काफ़ी तरक़्क़ी कर ली है। आज की फ़िल्में पहले से कहीं ज़्यादा शानदार और तकनीकी रूप से परफ़ेक्ट दिखती हैं। इस विषय में ताहा कहते हैं, 'कभी एडिट में हल्की सी जंप दिख जाती है, कभी लिप-सिंक थोड़ा सा अटपटा लगता है, या कोई इमोशनल बीट पूरी तरह असर नहीं छोड़ पाती।

मुझे यक़ीन है कि आने वाले समय में ये तकनीकी कमियाँ भी दूर हो जाएँगी, लेकिन अभिनेता और दर्शक के बीच का भावनात्मक रिश्ता कहीं ज़्यादा गहरा होता है। दर्शकों का जुड़ाव परफ़ेक्शन से नहीं, बल्कि सच्चाई से होता है। लोग किसी इमेज से नहीं, एक इंसान से जुड़ते हैं। वे उसकी कमज़ोरियों से, उसकी ख़ामोशी से, उन ठहरावों से जुड़ते हैं, जो प्रोग्राम नहीं किए गए होते। उन्हीं ख़ामोशियों में असली क्रिएटिविटी बसती है। ' ताहा यह भी मानते हैं कि एआई फ़िल्ममेकिंग के कई तकनीकी पहलुओं को संभालेगा।

# कोंकणा सेन शर्मा की 'अक्यूज्ड' का ट्रेलर रिलीज

**लेयर्ड है फिल्म की कहानी; प्रतिभा रांटा का दिखा दमदार अंदाज**



**इस** महीने की शुरुआत में नेटफ्लिक्स ने इस साल आने वाले अपने प्रोजेक्ट्स की घोषणा की थी। इसमें एक नाम शामिल था नेटफ्लिक्स की फिल्म 'अक्यूज्ड' का। कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। यह एक सस्पेंस-थ्रिलर ड्रामा है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है। कहानी के केंद्र में हैं डॉ. गीतिका (कोंकणा सेन शर्मा), जो एक जाने-माने हॉस्पिटल में सबसे कम उम्र की हेड ऑफ डिपार्टमेंट के तौर पर काम कर रही हैं। डॉ. गीतिका एक मशहूर एलजीबीटीक्यू गायनेकोलॉजिस्ट हैं। वह डीन बनने की तैयारी कर रही हैं। गीतिका अपनी लेस्बियन पार्टनर मीरा (प्रतिभा रांटा) के साथ मिलकर एक बच्चे को एडॉप्ट करने की प्लानिंग करती हैं। लेकिन तभी सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाता है। डॉ. गीतिका पर यौन दुराचार के गंभीर आरोप लगते हैं। उन्हें काफी कुछ कहा जाता है। इससे डॉ. गीतिका की जिंदगी और करियर, दोनों में भूचाल आ जाता है। जनता और अधिकारियों का शक बढ़ता है और सच्चाई धुंधली होती जाती है। इसके पीछे कौन है और क्या वजह है, ये फिल्म देखने पर पता चलेगा।

## बजट सत्र : विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष में जोरदार बहस

एजेंसी




**पटना।** बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के 16वें दिन विधानसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष (मुख्यमंत्री-विजय चौधरी) और विपक्ष के (भाई वीरेन्द्र-कुमार सर्वजीत) के बीच संवाद बहस में बदल गई।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने चौकीदारों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया।

कुमार सर्वजीत ने कहा कि बर्बरतापूर्वक मारा गया, ये सरकार नहीं चलेगी। राजद विधायकों को जवाब देने के लिए विजय चौधरी उठे। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चलेगी तो चौकीदारों की सुनेगा कौन। इतने में मुख्यमंत्री नीतीश भी खड़े हो गए।

उन्होंने भाई वीरेन्द्र को कहा कि आप बैठिए। आपकी संख्या कितनी कम है। आप लोगों ने कभी कोई काम नहीं किया है। नीतीश जब बोल रहे थे तो राजद विधायक सर्वजीत भी खड़े हो गए।

हंगामा बढ़ा तो राजद विधायक वेल की तरफ बढ़ चले और नीतीश होश में आओ के नारे लगाने लगे। जिसके बाद मार्शल को बुलाकर उनकी तख्तियां हटाई गईं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार के बार-बार कहने के बाद विपक्ष के विधायक सीट पर बैठे। मंत्री विजय चौधरी ने कहा, ह्यविपक्ष ने चौकीदार-दफादार की बात उठाई। अगर सरकार प्रदर्शन के खिलाफ होती तो प्रदर्शन को रोक देती। हमारी सरकार ने प्रदर्शन नहीं रोका। सरकार उनकी मांगों पर विचार करेगी।

आज कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के विधायकों ने पोर्टिको में प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बुधवार को बिहार आ रहे अमित शाह के दौरे को लेकर राजद विधायक ने तीखी टिप्पणी की है। भाई वीरेंद्र ने कहा, 'वो आग लगाने आ रहे हैं। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने आ रहे हैं। उनका काम ही यही है, जहां चुनाव होता है पहुंच जाते हैं। बिहार में कोई घुसपैठियां नहीं है।' वही कल तक मरहुम पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब को राज्यसभा भेजने की बात करने वाले भाई वीरेंद्र आज इस सवाल पर ही भड़क गए। वो पत्रकार की माइक हटाते नजर आए।

## पप्पू यादव के त्रिवेणीगंज आगमन पर समर्थकों का जोरदार स्वागत, कानून-व्यवस्था पर सरकार को घेरा

एजेंसी



**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज में मंगलवार को निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के आगमन पर समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल देखा गया। बाजार क्षेत्र में बड़ी संख्या में समर्थक पहले से ही जमा थे। जैसे ही सांसद का काफिला त्रिवेणीगंज पहुंचा, जेसीबी मशीनों के माध्यम से उन पर फूलों की बारिश की गई और नारेबाजी के बीच उनका भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद सांसद सुपौल जिले के रहटा गांव पहुंचे, जहां हाल ही में एक 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध हत्या के मामले में शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। परिजनों ने घटना को लेकर गंभीर आशंकाएं जताईं। सांसद ने परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया और पुलिस के वरीय अधिकारियों से बात कर नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि नामजद प्राथमिकी में शामिल लोगों को छोड़ दिया जाना गंभीर लापरवाही दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, समाज और प्रशासन को मिलकर ऐसी घटनाओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाना होगा।

मीडिया से बातचीत में सांसद ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बिहार में हत्या, जमीन विवाद और दुष्कर्म जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता में भय का वातावरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुपौल में भूकंप मॉक अभ्यास को लेकर हुई बैठक में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया पर जोर

**सुपौल।** भूकंप मॉक अभ्यास के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को सचिव, आपदा प्रबंधन, बिहार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित सभी विभागों एवं हितधारकों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान निर्देश दिया गया कि सभी लाइन विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा राज्य आपात संचालन केंद्र से जिला आपात संचालन केंद्र तक सूचना तंत्र को सक्रिय एवं सुदृढ़ रखा जाए। मॉक अभ्यास के दौरान रेस्क्यू, राहत एवं चिकित्सा व्यवस्था की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। सचिव ने स्पष्ट किया कि अभ्यास के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग एवं आपदा मित्रों की भूमिका स्पष्ट और समन्वित रहनी चाहिए। साथ ही अभ्यास के पश्चात फीडबैक एवं गैप एनालिसिस रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि यह मॉक अभ्यास वास्तविक आपदा जैसी परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्ण गंभीरता एवं सजगता के साथ संपन्न कराया जाए। जिला स्तर पर आयोजित बैठक में मो. तारिक अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, चंद्रभूषण कुमार सहायक आपदा प्रबंधन, शैलेंद्र कुमार तथा ओम प्रकाश आईटी प्रबंधक उपस्थित

### सेंट्रल जेल के कैदी की इलाज के दौरान मौत



**भागलपुर।** भागलपुर सेंट्रल जेल में सजा काट रहे कैदी प्रमोद तांती की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। प्रमोद तांती अपनी पत्नी की हत्या के मामले में पिछले चार वर्षों से जेल में बंद था। पहले वह जमुई जेल में निरुद्ध था लेकिन सुरक्षा कारणों से करीब छह माह पूर्व उसे भागलपुर सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। बताया जा रहा है कि करीब दस दिन पहले जेल प्रशासन ने परिजन को सूचना दी थी कि प्रमोद की तबीयत खराब हो गई है और उसे इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मायागंज में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मृतक की मां सुकून देवी ने बताया कि बेटे की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने के बाद से परिवार चिंतित था। मौत की खबर मिलते ही घर में मातम छा गया।

### संजय सरावगी की माताजी की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब

**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी की माताजी की श्रद्धांजलि सभा में राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र की अनेक प्रमुख हस्तियों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किया। शोक और संवेदना से भरे वातावरण में आयोजित सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मां का स्नेह जीवन की सबसे बड़ी शक्ति होता है और इस क्षति की पूर्ति असंभव है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया।

## चौकीदारों पर लाठीचार्ज को लेकर विधानसभा में हंगामा

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद विधायक भाई वीरेंद्र के बीच तीखी बहस

एजेंसी




**पटना।** प्रदर्शन कर रहे चौकीदारों पर सोमवार को हुए लाठीचार्ज को लेकर विपक्ष ने मंगलवार को विधान सभा में जमकर हंगामा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद विधायक भाई वीरेंद्र के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद के कुमार सर्वजीत ने चौकीदार की पिटाई का मामला उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा। विपक्षी सदस्य लाठी-गोली की सरकार नहीं चलेगी के नारे लगाते हुए सदन के वेल में पहुंच गए। हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे विधायकों को देख विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने मार्शल को तख्तियां हटाने का आदेश दिया। मार्शल और विधायकों के बीच पोस्टर छीनने को लेकर धक्का-मुक्की भी हुई। मामला इतना बढ़ गया कि खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी जगह से खड़े हुए और कहा कि हम लोग 2002 हैं आप लोग कितने हैं ...बेकार का हो-हल्ला मत कीजिए आपलोग कभी कोई काम किए हैं क्या? एनडीए के विधायकों की संख्या 202 है।लेकिन गलती से उन्होने 2002 कह दिया। नीतीश कुमार ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बिना मतलब की बातें नहीं करनी चाहिए। उन्होने भाई वीरेंद्र और कुमार सर्वजीत को इशारा करते हुए कहा कि आप लोग बैठिए चुपचाप, आप लोग कितना हो गए हैं जरा देखिए। इसी दौरान जब राजद विधायक भाई वीरेंद्र बोलने लगे तो मुख्यमंत्री ने उन पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार लगातार विपक्ष की बात सुनती है, लेकिन बेवजह आरोप लगाने से बचना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि आप बेमतलब का नहीं बोलिए बैठिए चुपचाप। हम तो बैठे रहते हैं आप लोगों का सुनते रहते हैं। अब आप लोग ऐसे बोल रहे हैं, यह कोई तरीका है। आप लोग कितना काम किए, पहले कितना काम होता था वह भी बताइए? इसके बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि एक दो बार तो आप लोगों को गलती से हम अपने साथ रखे। लेकिन आप लोग इधर-उधर करने लगे तो हम लोगों ने सोचा अब साथ नहीं रहना है, अब कभी हम आप लोगों को माफ नहीं करेंगे। आपकी सरकार ने कभी कोई काम किया है क्या? जो भी काम हुआ है वह हमारे समय में हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लगातार इस एक्शन को लेकर उनके बगल की सीट पर बैठे संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी उनको यह कहते हुए नजर आए कि अब आप बैठ जाइए हो गया, अब मत बोलिए उसके बाद भी मुख्यमंत्री अपनी बात कहते रहे। हालांकि, विपक्षी विधायकों ने जब हंगामा बंद किया तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपनी जगह पर बैठ गए। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सरकार की ओर से संकेत दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और अगर कहीं किसी स्तर पर अत्यधिक बल प्रयोग हुआ है तो उसकी समीक्षा की जाएगी।

## जनगणना 2027 : बिहार में 3 लाख कर्मियों होंगे प्रशिक्षित

**पटना में पहले बैच का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ**

एजेंसी




**पटना।** देश की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण और घर-घर सर्वेक्षण के लिए मास्टर ट्रेनरों के पहले बैच का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मंगलवार को शस्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, पटना से प्रारंभ हुआ। इस बाबत उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार स्तंभ है।

विजय सिन्हा ने कहा कि यह देश की विकास नीतियों, संसाधनों के न्यायसंगत वितरण और भविष्य की योजनाओं के वैज्ञानिक निर्धारण का मूल आधार बनती है। उन्होंने कहा कि बिहार में लगभग तीन लाख कर्मियों की भागीदारी और 140 मास्टर ट्रेनरों की जिम्मेदारी इस अभियान के व्यापक स्वरूप को दशार्ती है। डिजिटल मोड में मकान सूचीकरण और 33 बिंदुओं पर विस्तृत सर्वेक्षण की प्रक्रिया पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्धता सुनिश्चित करेगी।

उन्होने कहा कि सेन्सस मैनेजमेंट मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएमएस) के माध्यम से निगरानी व्यवस्था इसे और अधिक प्रभावी बनायेगी। मैं सभी मास्टर ट्रेनरों और जनगणना से जुड़े कर्मियों से आह्वान करता हूं कि वे इसे राष्ट्रीय कर्तव्य और जनसेवा का अवसर मानते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बिहार इस राष्ट्रीय अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के सामने एक आदर्श स्थापित करेगा।

जनगणना कार्य निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 48 मास्टर ट्रेनर भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के निदेशक एम रामचंद्रुडू ने कहा कि जनगणना 2027 देश का एक विशाल राष्ट्रीय अभियान है, जिसमें पूरे देश में 32 लाख से अधिक लोग कार्य करेंगे। बिहार में यह संख्या तीन लाख से ऊपर होगी। इन सभी कर्मियों को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी राज्य के 140 मास्टर ट्रेनरों पर है।

### चोरी के सामान और शराब के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर।** आरपीएफ टीम ने मंगलवार को नाथनगर रेलवे स्टेशन और भागलपुर रेलवे स्टेशन पर स्पेशल चेकिंग के दौरान चोरी के सामान और शराब के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह विशेष चेकिंग अभियान डिवीजनल रेलवे मैनेजर मालदा मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व और आशिम कुमार कुल्लू डिवीजनल सिक्योरिटी कमिश्नर आरपीएफ मालदा की देखरेख में किया गया। नाथनगर में चेकिंग के दौरान दो सस्पेक्ट्स को लगभग एक हजार कीमत के चांदी के लॉकेट के साथ पकड़ा गया। भागलपुर में आरपीएफ ने दो लावारिस बैग बरामद किए, जिनमें लगभग 3,900 कीमत की गैर-कानूनी शराब की 30 बोतलें थीं। मौके से दो संदिग्धों को पकड़ा गया और 4,900 की प्रॉपर्टी जब्त की गई। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जब्त किए गए सामान को जीआरपी भागलपुर और एक्साइज डिपार्टमेंट को सौंप दिया गया।

### फलेरिया उन्मूलन सप्ताह पर खिलाया गया टैबलेट



**छौराही/बेगूसराय।** प्रखंड परिसर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार के निदेर्शानुसार फलेरिया उन्मूलन सप्ताह के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया। बीसीएम दयाशंकर पासवान के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा इलाज करने को लेकर आ रहे मरीज को फलेरिया का टैबलेट खिलाया गया। जानकारी देते डॉक्टर कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मी आशा कार्यकर्ता को सख्त निर्देश दिया गया है कि घर-घर जाकर मलेरिया का टेबलेट लोगों को खिलाकर सरकार के मलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक रामविजय कुमार आशुतोष कुमार समय तान्या साथ कर्मी उपस्थित थे।

### बरौनी थाना के 60 व्यक्तियों पर बीएनएस की धारा 126 के तहत कारवाई

**तिलरथ/बेगूसराय।** होली महापर्व को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर बरौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांव - मोहल्लों से चिह्नित 60 व्यक्तियों पर बीएनएस की धारा -126 के तहत कारवाई किया गया है। जिसमें 21 लोगों का बॉन्ड डाउन कराया गया है। इसी कड़ी में बरौनी थाना पुलिस द्वारा 7 स्थानों को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील श्रेणी में चिह्नित किया गया है। वहीं इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष बरौनी पप्पू कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत होली महापर्व के अवसर पर कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में खलल नहीं डाल सके। इसके लिए पुलिस लगातार छापामारी एवं कारवाई कर रही है। ऐसा करने वालों को चिन्हित कर दंडात्मक कारवाई किया जाएगा।

### बेगूसराय के आशीष सिन्हा सीएसआइआर नेट में बने स्टेट टॉपर

**बेगुसराय।** बेगूसराय शहर के पोखरिया मोहल्ला निवासी आशीष कुमार सिन्हा रसायन शास्त्र (केमिकल साइंस) में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा सीएसआइआर नेट में बिहार टॉपर बने हैं। इनकी ऑल इंडिया रैंकिंग 19 है। यह सफलता उन्हें अपने तीसरे प्रयास में मिली। इससे पहले दो प्रयासों में वे नेट-पीएचडी के लिए क्वालिफाई कर चुके थे, लेकिन इस बार उन्होंने और बेहतर प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट रैंक प्राप्त की। आशीष ने बताया कि उनकी सफलता का मुख्य आधार मजबूत आधारभूत संकल्पनाएं और निरंतर अभ्यास रहा। उन्होंने प्रत्येक विषय की मूल अवधारणाओं को गहराई से समझने पर विशेष जोर दिया। साथ ही, पिछले प्रयासों में हुई गलतियों का सूक्ष्म विश्लेषण कर उन्हें सुधारने की ठोस रणनीति बनाई। आशीष की इस उपलब्धि से उनके परिवार और शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों का कहना है कि आशीष ने यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। गौरतलब है कि सीएसआइआर नेट परीक्षा देश में शोध और अध्यापन के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस परीक्षा में उच्च रैंक प्राप्त करना अत्यंत कठिन होता है, जिसके लिए गहन अध्ययन और मजबूत विश्लेषणात्मक क्षमता की आवश्यकता होती है। आशीष सिन्हा की यह सफलता न केवल उनके लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और तैयारी ईमानदारी से की जाए, तो सफलता निश्चित है। क्या होता है सीएसआइआर नेट सीएसआइआर नेट एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। यह परीक्षा विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के लिए होती है, जो जूनियर रिसर्च फेलोशिप या लेक्चरशिप/सहायक प्रोफेसर बनने के इच्छुक होते हैं। सीएसआइआर नेट पांच विषयों में आयोजित की जाती है— रासायनिक विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीवन विज्ञान, गणितीय विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान। परीक्षा का प्रारूप वस्तुनिष्ठ होता है और प्रश्नपत्र तीन भागों में विभाजित रहता है। भाग अ (सामान्य अभिरुचि), भाग इ तथा भाग उ (विषय आधारित उन्नत प्रश्न)। भाग उ में विश्लेषणात्मक और संकल्पनात्मक प्रश्न पूछे जाते हैं, जो अभ्यर्थी की शोध क्षमता की जांच करते हैं।

### ईएसआईसी ने एसआईएस लिमिटेड को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने पूरे बिहार में सर्वश्रेष्ठ योगदानकर्ता नियोक्ता के लिए एसआईएस लिमिटेड को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया है। ईएसआईसी ने अपने 75वें स्थापना वर्ष पर पटना के दशरथ मांझी, श्रम कौशल विकास केंद्र समनपुरा, बीआईटी कैंपस में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान कंपनी के पटना महाप्रबंधक नीरज कुमार को दिया। ईएसआईसी की ओर से यह सम्मान एसआईएस के पूर्ण अनुपालन, अंशदान की समयबद्ध जमा, श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा हितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण तथा निगम की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग के लिये दिया गया है। कार्यक्रम में निगम अधिकारियों के अलावा कंपनी के विकाश रंजन, सहायक महाप्रबंधक एवं रवि कुमार, सहायक प्रबंधक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में ईएसआईसी. की शुरूआत और सामाजिक सुरक्षा संहिता के लागू होने के बाद इसकी भूमिका पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सामाजिक सुरक्षा सहिंता, 2020 के सदंर्भ मे ईएसआई योजना के तहत सामाजिक सुरक्षा लाभों पर विशेषज्ञों के साथ एक विस्ततृ पनैल चर्चा की गयी। नियोक्ताओं और उनके श्रमिक सगंठनों के साथ अनुपालन और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' से संबंधित मद्दों पर प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया। इसके साथ ही ईएसआई योजना और ईएसआई.सी के साथ लम्बे समय से जुड़े बीमित श्रमिकों, आश्रितों और पेंशनभोगियों का अभिनदंन एवं सम्मान किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत और मध्यस्थता पर बैठक आयोजित

एजेंसी



**बेगुसराय।** जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मध्यस्थता अभियान 2.0 विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार ने किया । उन्होंने कहा कि आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हम सभी को अपनी सहभागिता देनी है। जिससे अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों का निपटारा हो सके । वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार ने कहा की आने वाले समय में लोक अदालत के बिना मुकदमों का निपटारा संभव नहीं होगा। क्योंकि आए दिन बहुत सारे मामलों का बोझ हमारे न्यायालय पर बढ़ रहा है। ऐसे में सुलह के माध्यम से ही मामलों का निपटारा हो सकेगा। वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राज नारायण निगम ने कहा की मेडिएशन के माध्यम से मुकदमों का निपटारा तुरंत हो सकता है । इसलिए मैं आप सभी विद्वान अधिवक्ताओं से अपील करता हूं पक्षकारों को इसके लिए प्रेरित करें वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिला एवं क्षेत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार ने कहा कि आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु पक्षकारों को यह बताना होगा कि उनके छोटे-छोटे मामलों को सुलाह के आधार पर समाप्त कर कर ही हम एक स्वस्थ और सुलभ न्याय की मिसाल पेश कर सकते हैं। वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी कविता कुमारी ने कहा कि जिस तरह से श्री कृष्णा ने महाभारत की युद्ध के पूर्व मेडिएशन की भूमिका निभाई थी ठीक उसी प्रकार आप सभी विद्वान अधिवक्ताओं से मेरा यह कहना है कि आप सभी भगवान कृष्ण की भांति आपस में सुलह करने का हर संभव प्रयास करें । ताकि पक्षकारों को न्यायालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े ।और उनके मामलों का सुलाह के आधार पर निष्पादन हो सके वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव और न्यायाधीश करुणा निधि प्रसाद आर्य ने कहा यगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आज इस कार्यक्रम का आयोजन आप लोगों के बीच किया गया है । क्योंकि आप लोगों के मदद से ही राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमों का निष्पादन सुलाह के आधार पर होता है । मैं आप सभी से अपील करता हूं या पक्षकारों को अधिक से अधिक संख्या में उसे दिन उपस्थित काराना और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में हमारी मदद करें ।उन्होंने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मध्यस्थता अभियान 2.0 चल रहा है।

# लोस स्पीकर ओम बिरला का कूटनीतिक कदम, 64 देशों का मैत्री समूह का किया गठन

**समूह में ओवैसी, अखिलेश, चिदंबरम को भी किया शामिल, सांसदों के बीच संवाद करेंगे स्थापित**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है तो इसी बीच लोकसभा अध्यक्ष ने कूटनीति का एक बड़ा कदम उठाया। उन्होंने 64 देशों के मैत्री समूहों का गठन किया है और इसमें विपक्ष के नेताओं को भी शामिल किया है। कई ऐसे समूह हैं जिनका अध्यक्ष विपक्षी नेताओं को ही बनाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत कूटनीति के लिए, संसदों से संवाद बढ़ाने के लिए ये मैत्री समूह बनाए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी इसी तरह की कूटनीति सामने आई थी। सरकार ने विदेश में संवाद स्थापित करने के लिए भेजे गए समूहों में विपक्ष के नेताओं को तरजीह दी थी। इन मैत्री समूहों में कांग्रेस नेता पी चिदंबरम, एसपी के राम गोपाल यादव, टी आर बालू, गौरव गोगोई, कनिमोझी, मनीष तिवारी, असदुद्दीन ओवैसी, डेरेक ओ ब्रायन, सुप्रिया सुले, अखिलेश यादव और शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ सांसदों को शामिल किया है। इसमें लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सांसद शामिल हैं। इसके अलावा केसी वेणुगोपाल, अभीषेक बैनर्जी, शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत को भी मैत्री समूह का अध्यक्ष बनाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक ये मैत्री समूह पड़ोसी देशों के अलावा यूरोप और पश्चिमी एशिया के देशों के साथ भी बनाए गए हैं। इनमें भूटान, श्रीलंका, नेपाल, जर्मनी, न्यूजीलंड, दक्षिण अफ्रीका, स्विट्जरलैंड, सऊदी अरब, इजराइल, अमेरिका, मालदीव, रूस, यूरोपीय संसद, दक्षिण कोरिया, मालदीव, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जापान, ओमान, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, वियतननाम, ब्राजील, मेक्सिको, यूएई, ईरान और अन्य देश शामिल हैं। इन समूहों का उद्देश्य सांसदों के बीच संवाद स्थापित करवाना और आपसी संबंधों को मजबूत करना है। इससे पार्लियामेंट टु पार्लियामेंट और पीपल टु पीपल कनेक्ट को बढ़ाने का विचार है।

जानकारों का कहना है कि इन समहूों से वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी और इसके अलावा सांस्कृतिक प्रसार होगा। यह मैत्री समूह बनाने का पहला चरण है। दूसरे चरण में और भी देशों को शामिल किया जा सकता है। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद को इजराइल, अनुराग ठाकुर को यूरोपीय संसद, निशिकांत दुबे को रूस के लिए मैत्री समूह का प्रमुख बनाया गया है। लोकसभा सचिवालय का कहना है कि पहले चरण में 64 देशों के साथ मैत्री समूह स्थापित किया गया और शीर्ष अन्य देशों के लिए भी मैत्री समूहों का गठन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सांसदों को अपने विदेशी समकक्षों से सीधे बात करने का अवसर देना है। इन समूहों के माध्यम से व्यापार, तकनीक, सामाजिक नीतियों, संस्कृति और आज की वैश्विक चुनौतियों जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी।

## पायलट ने सूझबूझ दिखा, हेलिकॉप्टर की समुद्र में करा दी क्रैश लैंडिंग, सभी सवार सुरक्षित

**नई दिल्ली।** अंडमान में सुबह एक पवन हंस हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया।



जानकारी के मुताबिक उड़ान भरते ही हेलिकॉप्टर समंदर में गिर गया। हेलिकॉप्टर में करीब सात लोग सवार थे जिन्हें सुरक्षित बचाया गया है। जानकारी के मुताबिक हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी की वजह से समंदर में इसकी क्रैश लैंडिंग करनी पड़ी। घटना अंडमान सागर में हुई जहां पायलट ने सूझबूझ दिखाई और समंदर में इसकी क्रैश लैंडिंग करवा दी। हेलिकॉप्टर में दो क्रू मेंबर्स सहित कुल सात लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत बचाव दल मौके पर पहुंचा और क्रू मेंबर्स व पैसेंजर्स को बाहर निकाला है। जानकारी के मुताबिक यह हेलिकॉप्टर पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर जा रहा था। लेकिन उड़ान के बाद ही पायलट को तकनीकी खामी के बारे में पता चला। इसके बाद उसके पास समंदर में क्रैश लैंडिंग कराने का अच्छा विकल्प भी था। पवन हंस के प्रवक्ता ने बताया कि घटना सुबह 9.30 बजे करीब की है। यह हेलिकॉप्टर शॉर्ट लैंडिंग का शिकार हुआ है। घटना में यात्रियों और क्रू मेंबर्स को छोटी-मोटी चोटें आई हैं। कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। बता दें कि पवन हंस देश की सबसे बड़ी सरकारी हेलिकॉप्टर कंपनी है। दुर्गम इलाकों में जाने के लिए इसके बनाए हेलिकॉप्टर्स का इस्तेमाल होता है। बड़े नेता भी पवन हंस की सेवा का इस्तेमाल करते हैं। 1985 में इस कंपनी की स्थापना की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य देश के दुर्गम स्थानों को जोड़ना है।

## रमजान पर कैरम-टीवी बैन, पुलिस का अजीबो-गरीब फरमान; शीर्ष अधिकारियों ने झाड़ा पल्ला

**ढाका।** बांग्लादेश के कुश्तिया सदर उप जिला में एक पुलिस अधिकारी ने रमजान के दौरान एक चाय की दुकान के मालिक को कैरम खेलना बंद करने और टेलीविजन देखने का आदेश दिया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के किसी भी निर्देश के अभाव के बावजूद ये आदेश जारी किया गया। यह घटना पाटिकबारी बाजार इलाके में कुश्तिया-3 जमात-ए-इस्लामी के सांसद आमिर हमजा के दौरे के दौरान



हुई। सांसद के साथ इस्लामिक यूनिवर्सिटी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पाटिकबारी पुलिस कैंप के प्रभारी मोशिउल आजम भी थे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में मोशिउल आजम को चाय की दुकान के मालिक की ओर गुस्से से उंगली उठाते हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो 20 फरवरी की रात का बताया जा रहा है। वीडियो में यह कहते हुए दिखाया गया है, 'रमजान के दौरान न कैरम, न टीवी – यह आखिरी फैसला है।इ बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार ने पुलिस अधिकारी के हवाले से यह बात कही, 'वे वहां कैरम खेल रहे हैं। क्या मैंने इसे बंद नहीं कराया था? यह अभी भी क्यों चल रहा है? क्या मैं तुम्हारी पिटाई करवा दूं? क्या मैंने कुछ दिन पहले बाजार समिति को फोन करके यह नहीं कहा था कि तरावीह के दौरान एक महीने तक न कैरम चलेगा, न टीवी? यह अभी भी क्यों चल रहा है। उस समय, पुलिस अधिकारी के बगल में खड़े सांसद आमिर हमजा ने अपेक्षाकृत शांत स्वर में कहा, 'यह रमजान का महीना है, इबादत का महीना। आप जो भी करें, कम से कम नमाज के समय ये काम न करें।इ रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगली रात, 21 फरवरी को चाय की दुकान समेत बाजार की ज्यादातर दुकानें बंद थीं। कुछ प्रतिष्ठान आधे शटर खुले रखकर खुले थे, क्योंकि अंदर काम जारी था।

## मेक्सिको- ड्रग माफिया की मौत से 20 राज्यों में हिंसा, 25 सैनिकों समेत 32 की मौत

**मेक्सिको।** मेक्सिको में ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो की मौत के बाद सोमवार को भी हिंसक प्रदर्शन हुए। क्क्ष्ट के मुताबिक मेंचो के समर्थकों ने 20 राज्यों में हिंसा फैला दी। कई जगह रोडब्लॉक लगाए, गाडि?ं और



20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई। जालिस्को में लॉकडाउन के हालात हैं। ये शहर फीफा 2026 के मेजबान शहरों में शामिल है। अलग-अलग शहरों में कम से कम 32 मौतें हुई हैं, जिसमें 25 सैनिक शामिल है। ऑपरेशन के दौरान सेना ने बख्तरबंद गाडि?ं और रॉकेट लॉन्चर सहित बड़ी संख्या में हथियार जब्त किए। दरअसल, मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा अन्य 8 अपराधी भी मारे गए। मेक्सिको के रक्षा मंत्री रिकार्डो ट्रेविला के मुताबिक मेंचो की लोकेशन का पता उसकी गर्लफ्रेंड के जरिए चला। सेना उसे लंबे समय से ट्रैक कर रही थी। ट्रेविला ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि खुफिया एजेंसियों ने एल मेंचो की गर्लफ्रेंड से जुड़े एक भरोसेमंद साथी की पहचान की थी। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इसी व्यक्ति ने एल मेंचो की प्रेमिका को जालिस्को के पास एक कंपाउंड में पहुंचाया था, जिसका पीछा करते-करते सेना कैंपस तक पहुंच गई। जब महिला वहां से निकली तो अधिकारियों को यकीन हो गया कि भारी सुरक्षा के बीच एल मेंचो कंपाउंड के अंदर ही मौजूद है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल के दक्षिणी मधेश प्रदेश में लगाए गए कर्फ्यू को हटाया

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के दक्षिणी मधेश प्रदेश में तनाव के चलते लगाए गए कर्फ्यू को सोमवार को हटा दिया गया। रौतहट जिले में गोर नगरपालिका में शादी की झगड़े के बाद उत्पन्न तनाव के कारण शनिवार से लागू कर्फ्यू सोमवार सुबह 10 बजे हटाया गया। कर्फ्यू हटने के बाद बाजार, यातायात और शैक्षणिक संस्थान सामान्य रूप से खुल गए। राजनीतिक दलों ने शांति बनाए रखने और आपसी सम्मान के लिए जनता से अपील की। गोर में सोमवार सुबह शांति रैली आयोजित की गई। बीते घटनाओं में कम से कम आठ लोग घायल हुए थे, जिनमें दो पुलिसकर्मी भी शामिल थे। बिरगंज महानगर क्षेत्र के श्रीपुर इलाके में भी पार्किंग विवाद के चलते कर्फ्यू लगाया गया था, जिसे सोमवार शाम 4:30 बजे हटाया गया। हालांकि, मंगलवार सुबह 8 बजे तक अतिरिक्त प्रतिबंध जारी रहेंगे।

### पाकिस्तान : सोशल मीडिया पोस्ट के आरोप में कनाडाई नागरिक गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की राष्ट्रीय साइबर क्राइम जांच एजेंसी (एनसीसीआईए) ने कनाडाई नागरिक हमजा अहमद खान को गिरफ्तार किया है, जो राज्य संस्थाओं और सुरक्षा बलों के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल रहा था। खान, जो फरवरी 13 को पीएचडी शोध के लिए पाकिस्तान आए थे, को फरवरी 19 से लापता बताया जा रहा था।

एनसीसीआईए ने अदालत में प्रस्तुत करते हुए उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। एजेंसी के अनुसार, उनके सोशल मीडिया अकाउंट से गलत जानकारी और अशांति फैलाने वाले संदेश प्रसारित किए जा रहे थे, जिससे पाकिस्तान की आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचने का खतरा था।

### बलूचिस्तान में बिगड़ते हालात, 82 लापता 12 नागरिकों की हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बलोच नेशनल मूवमेंट के मानवाधिकार विभाग ने आरोप लगाया गया है कि नए साल की शुरुआत बलूचिस्तान में लगातार गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन के साथ हुई। जनवरी में जबरन गायब होने के 82 मामले व 12 हत्याएं दर्ज हुईं।

बलूचिस्तान के अलग-अलग जिलों के साथ कराची, सिंध में भी जबरन गायब होने और सरकारी संरक्षण में हत्या की कई घटनाएं हुई। इससे सुरक्षा और मानवाधिकार का माहौल बिगड़ रहा है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अर्द्धसैनिक बल फेडरल कांस्टेबुलरी (एफसी) के मुख्यालय पर क्वाडकॉप्टर ड्रोन से किए गए हमले में एफसी के पांच जवान घायल हो गए। पुलिस ने कहा, करक जिले में स्थित एफसी मुख्यालय को निशाना बनाकर हमला किया गया।

### नीदरलैंड : जेटेन के नेतृत्व वाली नई गठबंधन सरकार ने ली शपथ

**एम्सटर्डम, एजेंसी।** नीदरलैंड के राजा विलेम एलेक्जेंडर ने रॉब जेटेन के नेतृत्व वाली नई अल्पमत गठबंधन सरकार को शपथ दिलाई। जेटेन (38) नीदरलैंड के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अल्पमत की वजह से उन्हें चार साल का कार्यकाल पूरा करने और विभिन्न विधेयकों को पारित कराने के लिए कई मोर्चों पर समझौता करना पड़ सकता है। जेटेन तीन दलों के गठबंधन का नेतृत्व करते हैं।

# एएसआई रिपोर्ट : भोजशाला परिसर में मंदिर के अवशेषों से बनाई गई थी मस्जिद

**कोर्ट ने सभी पक्षों को आपत्ति, सलाह, सिफारिश पेश करने दो सप्ताह का समय दिया**

एजेंसी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला परिसर स्थित कमाल मौला मस्जिद प्राचीन मंदिर के अवशेषों से बनाई गई थी। यह बात आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कही गई है। वैज्ञानिक तरीके से की गई जांच, सर्वेक्षण और खुदाई में मिली वस्तुओं के अध्ययन और विश्लेषण, स्थापत्य अवशेषों, शिलालेखों, कला और मूर्तियों के अध्ययन के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई है। एसआई ने अपनी रिपोर्ट 2024 में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ को सौंपी थी। इसमें कहा गया है कि मौजूदा संरचना सदियों बाद बनाई गई थी, जिसमें एकरूपता, डिजाइन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद विवाद से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए बेंच ने आदेश दिया कि एएसआई की रिपोर्ट सभी पक्षों को दी जाए। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी ने सभी पक्षों को आपत्ति, सलाह, विचार या सिफारिश पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को तय की गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर एएसआई द्वारा संरक्षित है और इस निकाय ने हाई कोर्ट के आदेश पर दो साल पहले विवादित परिसर का सर्वेक्षण करके अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को हाई कोर्ट को निर्देश दिया था कि वह विवादित परिसर के बारे में एएसआई द्वारा सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट खोले। पक्षकारों के मुताबिक विस्तृत रिपोर्ट में कहा गया कि वैज्ञानिक जांच, सर्वेक्षण और पुरातात्विक उत्खनन, प्राप्त वस्तुओं के अध्ययन और विश्लेषण, स्थापत्य अवशेषों, मूर्तियों और शिलालेखों के अध्ययन, कला और मूर्तिकला के आधार पर कहा जा सकता है कि वर्तमान संरचना प्राचीन मंदिरों के भागों से बनाई गई थी। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि एएसआई ने विवादित परिसर में 98 दिनों के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के बाद 10 खंडों में 2,000 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट तैयार की है।

उन्होंने कहा कि इस विस्तृत रिपोर्ट में परिसर में मिले सिक्कों, सनातन धर्म से जुड़े प्रतीक चिन्हों और देवी-देवताओं की मूर्तियों आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है। हालांकि, इस परिसर की प्रकृति अदालत के अंतिम फैसले से तय होगी। वहीं कमाल मौला मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने वाले लोगों ने हाई कोर्ट में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से दायर मुकदमे में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। इनके वकील ने कहा कि हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस का मुकदमा विवादित परिसर के तथ्यों के बारे में है और इन तथ्यों की सत्यता के बारे में फैसला करने के लिए पहले दीवानी न्यायालय में सुनवाई होनी चाहिए। लिहाजा हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस का मुकदमा फिलहाल हाईकोर्ट में चलने योग्य ही नहीं है।

**हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी की जमानत की याचिका को कर दिया खारिज**

# शारीरिक संबंध बनाने के बाद कुंडली नहीं मिलने के बहाने शादी से इनकार करना अपराध

एजेंसी




**नई दिल्ली।** शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाना और बाद में कुंडली नहीं मिलने के नाम पर इनकार करना अपराध है। हाल ही में एक मामले में सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट ने यह बात कही है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा बर्ताव उस आदमी की तरफ से किए गए वादों की वास्तविकता पर शक पैदा करता है। कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी की तरफ से दाखिल जमानत की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका पर जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा सुनवाई कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि पेश की गई सामग्री से पता चलता है कि आरोपी ने महिला को भरोसा दिया था कि कुंडली मिल गई है। साथ ही शादी में कोई बाधा नहीं आएगी। एक संदेश में आरोपी ने कहा था कि कल ही शादी कर रहे हैं हम।

हाईकोर्ट बेंच ने कहा कि शुरूआत में शादी का भरोसा देने के बाद कुंडली न मिलने का आधार बनाकर शादी से इनकार करना, पहली नजर में आवेदक द्वारा किए गए वादे की असलियत और उसकी मंशा पर सवाल खड़े करता है। इस स्तर पर ऐसा व्यवहार अपराध की श्रेणी में आएगा, जो विशेष रूप से उन मामलों से संबंधित है जहां धोखे या शादी के झूठे आश्वासन के जरिए यौन संबंध बनाए जाते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शिकायतकर्ता महिला का आरोप था कि आरोपी उसके साथ लंबे समय तक रिलेशन में रहा। उसने आरोप लगाया कि आरोपी ने शादी के वादे के आधार पर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने दावा किया आरोपी और उसके परिवार की तरफ से शादी का वादा मिलने के बाद पहले शिकायत वापस ले ली गई थी। हालांकि, बाद में आरोपी ने कुंडली नहीं मिलने की बात कहकर शादी से इनकार कर दिया। जस्टिस शर्मा ने पाया कि व्यक्ति का यह स्टैंड उसके पिछले दावों से मेल नहीं खाता। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि कुंडली का मिलना इतना ही निर्णायक और अहम था, तो शारीरिक संबंध बनाने से पहले ही इस मुद्दे को सुलझा लिया जाना चाहिए था। कोर्ट ने यह भी कहा कि कुंडली को आधार बनाकर पहले सुलझने का वादा किया गया और बाद में उसको लेकर इनकार किया गया। कोर्ट ने कहा कि इससे पता चलता है कि सहमति झूठे वादे के आधार पर हासिल की गई हो।

## कैरेबियाई सागर में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, तीन की मौत

**वॉशिंगटन।** कैरेबियाई सागर में अमेरिकी सेना ने सोमवार को एक कथित ड्रग तस्करी वाली नाव पर हमला किया। इस कार्रवाई में तीन लोगों की मौत हुई। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने कहा कि यह हमला मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। ट्रंप प्रशासन ने सितंबर की शुरूआत से छोटे जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया था। तब से अब तक ऐसी कार्रवाइयों में कम से कम 151 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिकी सेना का कहना है कि खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई थी कि नाव कैरेबियाई क्षेत्र में तस्करी के रास्ते पर चल रही थी। सेना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें एक छोटे इंजन वाली नाव को नष्ट होते दिखाया गया। हालांकि यह सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं किया गया कि नाव में वास्तव में ड्रग्स थे या नहीं। मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका लैटिन अमेरिकी कार्टेल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में है।

# सर्पदंश रोकथाम में भारत की पहल : राष्ट्रीय कार्य योजना लागू करने वाला पहला देश बना

**गुजरात में स्थानीय विष से बनेगा एंटीवेनम**

एजेंसी



**गांधीनगर।** सर्पदंश से होने वाली मौतों पर अंकुश लगाने की दिशा में भारत ने वैश्विक स्तर पर पहल करते हुए राष्ट्रीय कार्य योजना लागू की है। मार्च 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नेशनल एक्शन प्लान फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ स्नेकबाइट एन्वेनोमिंग (नेप-सी) लॉन्च किया था। भारत सर्पदंश एन्वेनोमिंग के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना लागू करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सर्पदंश से होने वाली मौतों और दिव्यांगता में 50 प्रतिशत की कमी लाना है। इसी दिशा में गुजरात सरकार ने दक्षिण गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर में सर्प अनुसंधान केंद्र (एसआईआर) की स्थापना की है। यह केंद्र गुजरात फॉरेस्ट्री रिसर्च फाउंडेशन (जीएफआरएफ) के अधीन कार्य करता है, जो राज्य के वन एवं पर्यावरण विभाग के अंतर्गत स्वायत्त संस्था है। यहां वर्तमान में करीब 460 जहरीले सांप संरक्षित हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की गाइडलाइन के अनुरूप उनके विष का संग्रह और प्रसंस्करण किया जाता है।

**स्थानीय विष से तैयार होगा अधिक प्रभावी एंटीवेनम :** विशेषज्ञों के अनुसार, अलग-अलग क्षेत्रों में सांप के विष की संरचना भिन्न हो सकती है, जिससे अन्य राज्यों के विष से बने एंटीवेनम की प्रभावशीलता कम हो जाती है। इसी चुनौती के समाधान के लिए गुजरात में पाए जाने वाले प्रमुख जहरीले सांपों–इंडियन कोबरा, कॉमन क्रेट, रसेल्स वाइपर और सॉ-स्केल्ड वाइपर–के विष से एंटीवेनम तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। हाल ही में केंद्र ने इन प्रजातियों के लायोफिलाइज्ड (पाउडर) विष की ई-नीलामी की। इंडियन कोबरा के विष का आधार मूल्य 40,000 रुपये प्रति ग्राम रखा गया था, जबकि नीलामी में 44,000 रुपये प्रति ग्राम प्राप्त हुए। इसी तरह सॉ-स्केल्ड वाइपर के लिए 50,000 रुपये के मुकाबले 56,500 रुपये प्रति ग्राम तक कीमत मिली। लाइसेंसधारी निमार्ता इस विष से एंटीवेनम तैयार करेंगे, जिसे राज्य सरकार खरीदकर अस्पतालों में उपलब्ध कराएगी।

## अमेरिका में बर्फीर्ले तूफान का कहर, 10 हजार से अधिक उड़ानें रद्द

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक शक्तिशाली बर्फीले तूफान ने कहर बरपाया है। मैरीलैंड से लेकर मेन तक के इलाके भारी बर्फ की चादर में ढक गए हैं। इस भीषण मौसम के कारण शनिवार से मंगलवार के बीच 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। अकेले सोमवार को 5,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और मंगलवार के लिए 1,300 से अधिक उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई हैं, जिससे हजारों यात्री फंस गए हैं। न्यूयॉर्क के जेएफके, लागुआर्डिया और बोस्टन के लोगान एयरपोर्ट सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

मौसम वैज्ञानिकों ने इसे एक दशक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया है, जिसे 'बम चक्रवातइ कहा जा रहा है। 'बम चक्रवात तब होता है जब 24 घंटे की अवधि में तूफान का दबाव एक निश्चित मात्रा में गिर जाता है। यह मुख्य रूप से शरद ऋतु और सर्दियों में होता है जब आर्कटिक की बर्फीली हवा दक्षिण तक पहुंचकर गर्म तापमान से टकराती है।इ कई इलाकों में दो फीट (60 सेंटीमीटर) से ज्यादा बर्फबारी हुई है। रोड आइलैंड के वारविक में तो तीन फीट से ज्यादा बर्फ गिरी है। तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और मैसाचुसेट्स समेत कई राज्यों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। तूफान का असर इतना ज्यादा है कि संयुक्त राष्ट्र को अपनी सुरक्षा परिषद की बैठक स्थगित करनी पड़ी और मुख्यालय बंद करना पड़ा। न्यूयॉर्क शहर में छह साल में पहली बार बर्फबारी के कारण स्कूल बंद किए गए। हालांकि, मेयर जोहरान ममदानी ने मंगलवार से स्कूल खोलने की बात कही है, जिसका कुछ अधिकारियों ने विरोध किया है। परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। रेल और बस सेवाएं निलंबित हैं। सड़कों पर फिसलन और कम दृश्यता के कारण यात्रा करना बेहद खतरनाक हो गया है।

# भारत सेमीफाइनल में कैसे पहुंचेगा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 के अपने पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को 107 रन से हरा दिया। इस जीत ने भारत की परेशानी बढ़ा दी है। भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले मैच में 76 रन से



हार गई थी। ग्रुप की टॉप-2 टीम को ही सेमीफाइनल में जगह मिलेगी। भारत का सेमीफाइनल समीकरण यह है।

### अगर भारत दोनों मैच जीतता है

- अगर भारत वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों को हरा देता है, तो उसके चार पॉइंट्स हो जाएंगे। अगर साउथ अफ्रीका अपने बाकी बचे दोनों मैच जीत जाता है, तो इंडिया और साउथ अफ्रीका दोनों सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेंगे।
- अगर इंडिया दोनों मैच जीत जाता है और **साउथ अफ्रीका अपना एक मैच हार जाता है**, तो तीन टीमें चार पॉइंट्स पर बराबर हो सकती हैं। उस मामले में क्वालिफिकेशन नेट रन रेट से तय होगा।
- अगर **इंडिया अपने दोनों मैच जीत जाती है** और साउथ अफ्रीका अपने दोनों मुकाबले हार जाता है, तो इंडिया और वेस्टइंडीज सेमीफीइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएंगे।
- **अगर भारत सिर्फ एक मैच जीतता है-** केवल एक जीत से भारत के पास सेमीफाइनल में पहुंचने के चांस ना के बराबर हो जाएंगे.

चाहे बाकी परिस्थितियां कैसी भी हों।

# हरमनप्रीत कौर के लगी चोट, बीसीसीआई ने जारी किया मैडिकल अपडेट

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हरमनप्रीत कौर पर अपडेट दिया है, जब मंगलवार को एलन बॉर्डर फील्ड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में बैटिंग करते हुए भारतीय कप्तान के बाएं घुटने में चोट लग गई थी। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, बल्लेबाजी करते समय बाएं घुटने में चोट लगने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर दूसरी पारी में मैदान पर नहीं उतरीं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है। उनकी गैरमौजूदगी में उप-कप्तान स्मृति मंधाना टीम की कप्तानी कर रही हैं। हरमनप्रीत ने एशले गार्डनर की गेंद पर आउट होने से पहले 84 गेंदों पर 53 रन बनाकर एक अहम लेकिन धीमी पारी खेली। मैदान पर अपने समय के दौरान भारतीय विश्व कप



विजेता कप्तान को मेगन शुट्ट का सामना करते हुए घुटने में चोट लगी थी, लेकिन उन्होंने हिम्मत दिखाई और बैटिंग जारी रखी। हालांकि वह दूसरी पारी के लिए मैदान पर नहीं लौटीं, उनकी जगह मंधाना मैदान पर आईं। पहली इनिंग की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया की डिसिप्लिन्ड और अच्छी बॉलिंग ने भारत को पूरे समय लगातार प्रेशर में रखा। बादल छाए रहने के बावजूद पहले बैटिंग करने के बाद भारत ऑस्ट्रेलिया के नए बॉल अटैक से जल्दी ही हिल गया, जिसने सीम और स्विंग का फायदा उठाया। स्मृति मंधाना ने खराब शुरुआत के बाद भी अपनी रिदम पकड़ी और फिर कप्तान कौर के साथ एक छोटी पार्टनरशिप की।

# आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का पूरा कार्यक्रम घोषित

## 12 जून से इंग्लैंड में होगा आगाज

एजेंसी




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के पूरे कार्यक्रम की घोषणा कर दी। टूनामेंट का 10वां संस्करण 12 जून से 5 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 12 टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह अब तक का सबसे बड़ा महिला टी20 विश्व कप होगा। मेजबान इंग्लैंड 12 जून को उद्घाटन मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 13 जून को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर आयरलैंड और स्कॉटलैंड के बीच ऑल-यूरोपीय मुकाबला खेला जाएगा। 20 जून को हेडिंग्ले मैदान पर इंग्लैंड और स्कॉटलैंड आमने-सामने होंगे। यह पहला अवसर होगा जब दोनों टीमें इंग्लैंड की धरती पर किसी आईसीसी प्रतियोगिता में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। हाल ही में नेपाल में आयोजित आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर के जरिए बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड ने टूनामेंट के लिए क्वालीफाई किया। अब ये चारों टीमें गत चैंपियन न्यूजीलैंड, 2009 की पहली विजेता इंग्लैंड, 2016 की चैंपियन वेस्टइंडीज, मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप विजेता भारत और छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ खिताबी दौड़ में शामिल होंगी। नीदरलैंड की टीम पहली बार आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेगी और अपने अभियान की शुरूआत बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। बांग्लादेश ने क्वालीफायर टूनामेंट में अपराजित रहते हुए जगह बनाई थी। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा कि महिला टी-20 विश्व कप 2026 के कार्यक्रम की घोषणा वैश्विक खेल आयोजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि आईसीसी महिला क्रिकेट में भागीदारी विस्तार, उच्च प्रदर्शन ढांचा, आयोजन और प्रसारण मानक, पुरस्कार राशि, मीडिया वितरण और व्यावसायिक साझेदारियों के माध्यम से निरंतर निवेश कर रहा है, ताकि इस खेल को विश्वभर में अधिक पहचान और लोकप्रियता मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में आयोजित महिला क्रिकेट विश्व कप ने रिकॉर्ड तोड़े और नई प्रेरणा दी, और आईसीसी जून-जुलाई में होने वाले इस टूनामेंट में उसी गति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। टूनामेंट का फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

ग्रुप एः ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड।

ग्रुप बीः वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।




# डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह ने पूरे किए 150 अंतरराष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के विश्वसनीय डिफेंडर जर्मनप्रीत सिंह को भारत के लिए 150 अंतरराष्ट्रीय मैच (कैप) पूरे करने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट चरण में खेले जा रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के तीसरे मुकाबले में स्पेन के खिलाफ मैदान पर उतरते ही हासिल की। पंजाब के अमृतसर जिले के राजधान गांव से ताल्लुक रखने वाले जर्मनप्रीत सिंह ने अपनी सजग रक्षण कला, संयम और खेल की समझ के दम पर भारतीय टीम में खुद को एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने 2018 में नीदरलैंड में आयोजित पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, जहां भारत उपविजेता रहा था। यहीं से उनके सफल अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत हुई। उनके करियर का एक स्वर्णिम क्षण तब आया जब उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यह उपलब्धि भारतीय हॉकी के इतिहास में विशेष मानी जाती है और इससे टीम में उनकी अहमियत और मजबूत हुई। जर्मनप्रीत सिंह कई बड़ी सफलताओं का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने मस्कट (ओमान) में आयोजित पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में योगदान दिया, जबकि ढाका (बांग्लादेश) में आयोजित इसी प्रतियोगिता में भारत के तीसरे स्थान पर रहने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा वह बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी रहे। हाल के वर्षों में उन्होंने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक, चेन्नई 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, चीन 2024 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और राजगीर (बिहार) 2025 पुरुष हॉकी एशिया कप में भी भारत की विजयी मुहिम का हिस्सा बनकर अपनी निरंतरता साबित की है।

● जिबावे के कोच का भारत पर बड़ा बयान

# सूर्या सेना को बचकर रहना होगा!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा। लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी। भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 76 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं। सैमन्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ की गई गलतियों को स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी टीम विशेष रूप से गेंदबाजी इकाई को लेकर विपक्षी टीम ने जो पूर्व अनुमान लगाए वह सही साबित हुए और भारत के खिलाफ इस तरह की गलती से बचना होगा।

# टी-20 वर्ल्डकप मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बना

## पॉवेल ने सिकंदर रजा का माथा चूमा, हेटमायर ने 108 मीटर का सिस लगाया

**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन के बड़े अंतर से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। 19 बॉल पर फिफ्टी लगाने वाले शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस मैच में 10 रिकॉर्ड और रोचक मोमेंट्स देखने को मिले। आगे पढ़िएज

**मैच के टॉप रिकॉर्ड्स-** टी-20 वर्ल्डकप के एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगे इस मैच में कुल 31 छक्के लगे। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में किसी एक मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 30 सिक्स का था।




# रहस्यमयी नॉर्थ कोरिया की 'फुटबॉल डिप्लोमेसी'

## 16 साल बाद एशियन मंच पर वापसी कर रही महिला टीम, ऑस्ट्रेलिया में खेलेगी

**सिडनी/प्योंगयोंग (एजेंसी)।** दुनिया के सबसे रहस्यमयी देशों में शुमार नॉर्थ कोरिया एक बार फिर सुर्खियों में है। एक मार्च से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रहे विमंस एशियन कप में नॉर्थ कोरिया की महिला फुटबॉल टीम हिस्सा लेने जा रही है। लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से लगभग गायब रहने के 16 साल बाद वर्ल्ड नंबर-9 टीम टूर्नामेंट में उतर रही है।

नॉर्थ कोरिया के महिला फुटबॉल की कहानी 1986 में शुरू हुई थी। कहा जाता है कि जब फीफा कांग्रेस में महिलाओं के लिए वर्ल्ड कप की मांग उठी, तो नॉर्थ कोरियाई प्रतिनिधियों ने इसे अपनी गिरती राजनीतिक



साख को बचाने के एक मौके के तौर पर देखा। नॉर्थ कोरिया ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत महिलाओं के खेल में भारी निवेश किया।

- **सफल खिलाड़ी 'नेशनल हीरो' थीं, इनाम में घर दिए जाते थे-** नॉर्थ कोरिया ने 2001 से 2008 के बीच तीन एशियन कप खिताब जीते। प्योंगयोंग के 1.5 लाख की क्षमता वाले स्टेडियम में महिला फुटबॉल मैच देखने भीड़ उमड़ती थी। सफल खिलाड़ियों को 'नेशनल हीरो' माना जाता। खिलाड़ियों को सफलता के बदले अपार्टमेंट और राजधानी में रहने का अवसर मिलता था, जहां जीवन स्तर ग्रामीण इलाकों से बेहतर माना जाता है।

शोएब अतर बोले-

# भारतीय गेंदबाजों में मार्शल जैसा खौफ नहीं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में भारत साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन से हार गया। इस हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय गेंदबाजी की आलोचना की। शोएब ने कुलदीप को प्लेइंग-11 में रखने का सुझाव दिया है। अख्तर ने कहा, हार्दिक और शिवम दुबे 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे। वे कोई मैल्कम मार्शल नहीं हैं, जो साउथ अफ्रीका जैसी टीम को डरा सकें। अगर आप डेथ ओवर्स में उनसे गेंदबाजी कराएंगे तो अफ्रीकी बल्लेबाजों का ऐसा पलटवार होना तय था। मैल्कम मार्शल वेस्टइंडीज के गेंदबाज थे, जो 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे।



1970 और 80 के दशक में जब वेस्टइंडीज क्रिकेट की दुनिया पर राज करता था, तब मार्शल उनके सबसे खतरनाक हथियार थे। वे खतरनाक बाउंसर मारने के लिए जाने जाते थे। कई दिग्गज बल्लेबाजों की नाक और जबड़े उनकी गेंदों से टूटे थे। अख्तर का मानना है कि इस हार ने भारतीय बॉलिंग यूनिट की कमियों को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि साउथ अफ्रीका जैसी मजबूत बैटिंग लाइन-अप के सामने भारतीय गेंदबाज पूरी तरह बेअसर नजर आए। खासकर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे की गेंदबाजी को उन्होंने बिना धार वाली बताया। ऑलराउंडर्स ने मिलकर 6 ओवरों में 77 रन खर्च किए और केवल एक विकेट हासिल किया।

# ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, दो स्टार खिलाड़ी वनडे सीरीज से बाहर

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। स्टार ऑलराउंडर पैरी और तेज गेंदबाज किम गार्थ चोट के कारण तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गई हैं। दोनों खिलाड़ियों को तीसरे टी20 के दौरान चोट लगी थी। इतना ही नहीं, 6 मार्च से पर्थ में शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट में भी उनकी उपलब्धता संदिग्ध मानी जा रही है।

**पेरी ने बताई अपनी फिटनेस अपडेट-** ब्रिस्बेन के ऐलन बार्डर फिल्ड में पहले वनडे के दौरान पेरी ने कहा कि टी20 सीरीज के दौरान उन्हें हल्की चोट लगी थी। स्कैन में मामूली समस्या सामने आई है और फिलहाल उन्हें आराम की जरूरत है। उन्होंने बताया कि रनिंग शुरू कर दी गई है, लेकिन व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए जल्दबाजी नहीं की जाएगी।

**टीम में शामिल किए गए नए खिलाड़ी-** पेरी और गार्थ की गैरमौजूदगी में अनुभवी तेज गेंदबाज मेगन और 19 वर्षीय युवा ऑलराउंडर हैमिल्टन को टीम में शामिल किया गया है। शुट ने वापसी करते ही प्रभाव छोड़ा और भारतीय ओपनर प्रतीका रावल को शून्य पर आउट किया। हैमिल्टन ने इससे पहले गवर्नर-जनरल इलेवन के लिए भारत के खिलाफ टी20 में 3 ओवर में 12 रन देकर शेफाली वर्मा का विकेट लिया था।





**पेरी का हालिया प्रदर्शन-** वनडे सीरीज में पेरी का प्रदर्शन औसत रहा। उन्होंने 20, 7 और 1 रन बनाए और गेंदबाजी नहीं की। टी20 सीरीज में उन्होंने दूसरे मैच में दो विकेट लिए, जबकि बाकी मुकाबलों में खास प्रभाव नहीं डाल सकीं।

**ऑस्ट्रेलिया की अपडेटेड वनडे स्क्वाड-** एलिसा हीली (कप्तान), फोएबे लिचफील्ड, जॉर्जिया वॉल, बेथ मूनी (विकेटकीपर), एनेबेल सदरलैंड, एशले गार्डनर, टाहलिया मैक्ग्रा, सोफी मोलिन्यू, अलाना किंग, मेगन शुट, डार्सी ब्राउन, जॉर्जिया वेयरहम, निकोला कैरी, लूसी हैमिल्टन।

## 590 करोड़ की धोखाधड़ी के बाद आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का बुरा हाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामले सामने आने के बाद आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरों का बुरा हाल है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में 20 प्रतिशत की गिरावट आज सुबह दर्ज की गई है। इस प्राइवेट सेक्टर के बैंक ने रविवार को हरियाणा सरकार के खातों में अपने कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा की गई 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया था। बीएसई में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर सोमवार की सुबह 10 प्रतिशत के भारी-भरकम गिरावट के बाद 75.21 रुपये के स्तर पर ओपन ही हुए हैं। लेकिन इसके बाद बैंक के शेयरों में और गिरावट देखने को मिली। 20 प्रतिशत टूटने के बाद आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का शेयर 66.85 रुपये के लेवल पर आ गया। शेयर बाजार को दी जानकारी में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा कि उसने बैंकिंग रेगुलेटरी को मामले की जानकारी दी है और पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। बैंक ने बताया, शुरुआती जांच में पाया गया कि चंडीगढ़ की एक स्पेशल ब्रांड में कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खातों में बिना अनुमति और धोखाधड़ी की गतिविधियां कीं, जिसमें अन्य व्यक्ति/इकाइयां भी शामिल हो सकते हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा कि वर्तमान में धोखाधड़ी की राशि 590 करोड़ रुपये अनुमानित है। बैंक ने बताया कि उक्त शाखा में पहचाने गए खातों में कुल राशि लगभग 590 करोड़ रुपये के आसपास है।

**हरियाणा सरकार ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ बंद किया कारोबार:** 590 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी का मामला सामने आने के बाद हरियाणा सरकार ने कड़ा एक्शन लिया है। हरियाणा सरकार ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल बैंक के साथ सभी सरकारी बिजनेस को तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। कोई भी सरकारी फंड आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में ना जमा होगा, ना ही इन्वेस्ट होगा और ना ही उनके साथ कोई ट्रांजैक्शन होगा। पिछले एक साल में इस प्राइवेट बैंक के शेयरों की कीमतों में 24 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, तीन साल में इस बैंकिंग स्टॉक ने 39 प्रतिशत का रिटर्न पोजीशनल निवेशकों को दिया है। बता दें, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने आखिरी बार 2025 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 0.25 रुपये का डिविडेंड बांटा था।

**खनन कंपनियों को बड़ी राहत!**

## अपशिष्ट रिसाइलिंग के लिए पर्यावरणीय मंजूरी अनिवार्य नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खनन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने मौजूदा खनन पट्टों के भीतर टेलिंग्स के पुनर्चक्रण को नई पर्यावरण मंजूरी (ईसी) की अनिवार्यता से छूट दे दी है। सूत्रों के अनुसार, इस फैसले का उद्देश्य टिकाऊ खनन प्रथाओं को बढ़ावा देना और नियामकीय बाधाओं को कम करना है। नई व्यवस्था के तहत खनन कंपनियां अब अयस्क निष्कर्षण के बाद बचने वाले अपशिष्ट पदार्थ, यानी टेलिंग्स, को उसी स्वीकृत खनन क्षेत्र में दोबारा प्रोसेस कर उपयोगी खनिज, पानी या अन्य संसाधन निकाल सकेंगी, बिना अलग से पर्यावरण मंजूरी का इंतजार किए। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग होने के साथ पर्यावरणीय प्रभाव भी कम होने की उम्मीद है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि पहले स्वीकृत खदान क्षेत्रों के भीतर भी टेलिंग्स रीसाइक्लिंग जैसी गतिविधियों के लिए अलग से पर्यावरण मंजूरी लेनी पड़ती थी, जिससे परियोजनाओं में देरी होती थी और लागत बढ़ती थी। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी किशोर कुमार एस ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उद्योग को अधिक स्वतंत्रता के साथ काम करने में मदद मिलेगी और परिचालन दक्षता बढ़ेगी। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब देश ऊर्जा संक्रमण की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खनन गतिविधियों को तेज कर रहा है और संसाधनों के सतत उपयोग पर जोर दिया जा रहा है।

# इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली कंपनी को मिला 1800 करोड़ का नया ऑर्डर

**शेयरों का भाव 4 प्रतिशत बढ़ा, निवेशकों ने ली राहत की सांस, कंपनी ने 2025 में निवेशकों को दिया था डिविडेंड**

एजेंसी




**मुंबई।** इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड के शेयरों का भाव 4 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया था। इस उछाल के पीछे की वजह 1085 इलेक्ट्रक बसों का ऑर्डर है। जिसकी जानकारी कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी है। बता दें, शेयरों को ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने आज 23 फरवरी को इस वर्क ऑर्डर की जानकारी दी है।

1800 करोड़ रुपये का मिला है कामः स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने बताया है कि उनसे जुड़ी कंपनी एवी ट्रांस प्राइवेट लिमिटेड को दो वर्क ऑर्डर तेलंगाना राज्य सरकार से मिला है। जिसमें 1085 इलेक्ट्रिक बस के सप्लाई, ऑपरेशंस और मेंटनेंस का काम शामिल है। इस वर्क ऑर्डर के तहत कंपनी को 1025, 12 मीटर नॉन एसी बस सप्लाई करने का काम और 60 12 मीटर एसी बस सप्लाई करने काम मिला है। इन बसों की डिलीवरी 20 महीने में करनी है।

एवी ट्रांस प्राइवेट लिमिटेड इन बसों को ओलेक्ट्रा ग्रीन से खरीदेगा। 1085 बसों की कुल वैल्यू 1800 करोड़ रुपये है। कंपनी को 12 साल तक इन बसों के मेंटनेंस का काम भी देखना है। बीएसई में सोमवार को कंपनी के शेयर 1015.50 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 4 प्रतिशत की तेजी के साथ 1061 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया।

इस सुस्त पड़े शेयरों में आई इस तेजी ने निवेशकों को खुश कर दिया है। एक साल में ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के शेयरों की कीमतों में 12.53 प्रतिशत की की गिरावट आई है। वहीं, दो साल में इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली इस कंपनी के शेयरों का भाव 48 प्रतिशत टूट चुका है। दो साल में जारी गिरावट के बाद भी इलेक्ट्रिक बस बनाने वाली कंपनी के शेयरों की कीमतों में तीन साल में 159 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है। वहीं, 5 साल में यह स्टॉक 486 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। बता दें, 10 साल में ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के शेयरों की कीमतों में 6044 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। कंपनी ने 2025 में निवेशकों को डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 0.40 रुपये का डिविडेंड बांटा था।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ट्रंप के नए टैरिफ से टेक्सटाइल स्टॉक्स में हलचल

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ट्रंप के नए पैंतरे के बाद टेक्सटाइल शेयरों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। गोकलदास एक्सपोर्ट्स का शेयर 3 प्रतिशत गिरकर एनएसई पर 766.25 रुपये के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया, जबकि इंडो काउंट और केपीआर मिल के शेयरों में 1.3 प्रतिशत तक की गिरावट आई। इस गिरावट की मुख्य वजह टैरिफ के प्रभाव को लेकर बनी अनिश्चितता बताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर, काइटेक्स गारमेंट्स के शेयर में 11 प्रतिशत की जोरदार उछाल आई और यह 206 रुपये के दिन के उच्च स्तर पर पहुंच गया। वेलस्पन लिविंग और पर्ल ग्लोबल के शेयरों में भी कारोबारी दौरान 4 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का फैसला और नए टैरिफ की घोषणाः अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को अवैध करार देते हुए कहा कि उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र का



उल्लंघन किया है। हालांकि, ट्रेड डील को लेकर अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। भारत सरकार ने कहा है कि वह अदालत के इस फैसले के असर का अध्ययन कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शुक्रवार को ट्रंप ने 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लगाने की घोषणा की, जिसे शनिवार को संशोधित कर 15 प्रतिशत कर दिया गया। व्हाइट हाउस के अनुसार, यह नया टैरिफ 24 फरवरी को सुबह 12:01 बजे (ईटी) से प्रभावी होगा। ट्रंप ने कहा कि वह 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 का सहारा ले रहे हैं, जो एक विरले ही इस्तेमाल किए जाने वाला प्रावधान है। समस्याओं से निपटने के लिए अधिकतम 150 दिनों तक 15 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की अनुमति देता है। इसके लिए किसी पूर्व जांच की आवश्यकता नहीं होती, हालांकि 150 दिनों से आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप ने जोर देकर कहा कि उनका व्यापक टैरिफ ढांचा बरकरार है। उन्होंने कहा, ये सभी टैरिफ जारी रहेंगे। फैसले के बाद भी ये सभी लागू रहेंगे।

ट्रंप ने आगे कहा, सभी राष्ट्रीय सुरक्षा टैरिफ, धारा 232 और मौजूदा धारा 301 टैरिफ तत्काल प्रभाव से लागू रहेंगे और पूरी तरह प्रभावी होंगे। मैं धारा 122 के तहत 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर करूंगा, जो हमारे सामान्य टैरिफ के अतिरिक्त होगा। भारत और अमेरिका ने अपने मुख्य व्यापार वातार्कारों के बीच होने वाली एक अहम बैठक को स्थगित कर दिया है। यह बैठक इस सप्ताह वाशिंगटन में होनी थी। सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया कि इस बैठक में प्रस्तावित अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते के कानूनी पाठ को अंतिम रूप दिया जाना था। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मुख्य वातार्कार दर्पण जैन को करना था और वे अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के साथ चर्चा के लिए अमेरिकी राजधानी रवाना होने वाले थे।

## लिस्टिंग और सेटलमेंट से जुड़े नियमों में बदलाव करेगा सेबी

एजेंसी

**मुंबई।** सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि नियामक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज , लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स नियमों और सेटलमेंट से जुड़े प्रावधानों की व्यापक समीक्षा करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि इस संबंध में एक कंसल्टेशन पेपर जून तक जारी किया जा सकता है। निवेशक हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। पोर्टफोलियो मैनेजर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए पांडेय ने कहा कि पीएमएस फ्रेमवर्क में निवेशक हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इस सेगमेंट में पारदर्शिता पहले की तुलना में बेहतर हुई है, लेकिन बाजार में तेजी से हो रहे बदलाव और नए निवेश उत्पादों के उभरने के कारण मौजूदा नियमों की समीक्षा जरूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि सेबी केवल पीएमएस ही नहीं, बल्कि एलओडीआर और सेटलमेंट से जुड़े नियामकीय ढांचे की भी समीक्षा करेगा, ताकि बदलते बाजार परिदृश्य के




अनुरूप नियमों को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

**एआई का उपयोग कैसे करेगा सेबी :** एआई के उपयोग पर पांडे ने कहा कि सेबी बाजार में गड़बड़ियों और अनियमितताओं का वास्तविक समय में पता लगाने के लिए एआई के इस्तेमाल की संभावनाओं पर काम कर रहा है, जिससे समय रहते नियामकीय हस्तक्षेप और समाधान संभव हो सके। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक मिलकर बाजार की गहराई बढ़ाने के उद्देश्य से कॉरपोरेट बॉन्ड इंडेक्स और उससे जुड़े उत्पाद विकसित करने पर काम कर रहे हैं, जिन्हें एक्सचेंज पर ट्रेड किया जा सकेगा। इससे निवेशकों को निवेश के अधिक विकल्प मिलेंगे।

## अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 8.1 फीसदी रह सकती है जीडीपी ग्रोथ: एसबीआई रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में देश की सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 8.1 फीसदी के करीब रह सकती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने मंगलवार को जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 8.1 फीसदी के करीब रहने का अनुमान जताया है। सरकार ने बेस ईयर 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है, जिसके तहत जीडीपी के नए आंकड़े शुक्रवार, 27 फरवरी को जारी होंगे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय नए बेस ईयर 2022-23 के आधार पर जीडीपी के आंकड़े जारी करेगा। नया बेस ईयर डिजिटल कॉमर्स और सर्विस सेक्टर के बढ़ते प्रभाव को बेहतर ढंग से दर्शाएगा। मंत्रालय की ओर से जीडीपी के पहली




अग्रिम अनुमान रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2026-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी मूडीज एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट यह संकेत देती है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 15 फीसदी एकमुश्त टैरिफ से ग्लोबल ट्रेड और विशेष रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के व्यापारिक समीकरणों में बड़े बदलाव आ सकते हैं। अमेरिकी व्यापार नीतियों में हो रहे बड़े बदलावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था अपने मजबूत घरेलू आधार के दम पर मजबूती से खड़ी है।

# आईटी सेक्टर की आंधी में उड़ा शेयर बाजार

**बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी, निवेशकों को लगी 3.38 लाख करोड़ की चपत**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल संकेत, आईटी सेक्टर के शेयरों में जोरदार बिकवाली, रुपये की कमजोरी और क्रूड ऑयल की कीमत में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। हालांकि दोपहर 1:30 बजे के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इन दोनों सूचकांकों की स्थिति में निचले स्तर से मामूली सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.28 प्रतिशत और निफ्टी 1.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

दिनभर के कारोबार में आईटी सेक्टर में सबसे अधिक 4.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह रियल्टी इंडेक्स भी आज दो प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया। इसके अलावा



बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी गिरावट का शिकार होकर लाल निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, मेटल, हेल्थ केयर, एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 465.81 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 469.19 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.38 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,367 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,422 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,802 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 143 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,937 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 835 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,102 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर बढ़त के साथ और 22 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

# बिटकॉइन में भारी गिरावट , आठ महीने के निचेल स्तर पर

**65,000 डॉलर के नीचे पहुंची दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन एशियाई कारोबार में 65,000 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल गई, जो आठ महीनों में इसका सबसे निचला स्तर है। कॉइनमार्केटकैप के आंकड़ों के मुताबिक, शुरूआती एशियाई कारोबार में यह गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ की स्थिति को लेकर बढ़ी अनिश्चितता के बीच आई है। डेल्टा एक्सचेंज की शोध विश्लेषक रिया सहगल के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप की 15 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ घोषणा ने वैश्विक जोखिम वाली एसेट्स को झटका दिया, जिससे जोखिम से बचाव का रुख बना। निवेशक अब सोना जैसे सेफ हेवन के तरफ झुके हैं, जिसमें 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जबकि जोखिम कम करने के कदमों ने क्रिप्टो में बिकवाली को बढ़ा दिया। मुद्रेक्स के प्रमुख क्वांट विश्लेषक अक्षत सिद्धांत ने मिंट को बताया कि यह गिरावट एशियाई बाजारों में ट्रंप के सप्ताहांत में घोषित 15 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ की प्रतिक्रिया के रूप में आई है। उन्होंने कहा, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले टैरिफ को अमान्य किए जाने के बाद टैरिफ के नए सेट ने बाजारों में जोखिम से बचाव का भाव पैदा कर दिया।

इसके अलावा, ईटीएफ से लगातार बाहर निकलने की होड़ ने भी बिकवाली के दबाव को बढ़ा दिया। गौरतलब है कि जहां बिटकॉइन को झटका लगा है, वहीं पूरा क्रिप्टोकरेंसी मार्केट प्रभावित हुआ है। एक ब्लूमबर्ग रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी एथेरियम 5.2 प्रतिशत फिसल गई। कॉइनमार्केटकैप के अनुसार, क्रिप्टो मार्केट कैप भी 2.23 ट्रिलियन डॉलर के लाल निशान में है, जबकि कारोबारी मात्रा 67.07 बिलियन डॉलर है। बिटकॉइन का बाजार दबदबा 58.1 प्रतिशत है, एथेरियम 10.1 प्रतिशत और अन्य टोकन 31.8 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। कॉइनमार्केटकैप के आंकड़ों के अनुसार, एथेरियम 1,868.69 डॉलर पर कारोबार कर रहा था, जो 5.25 प्रतिशत की गिरावट है। इसका मार्केट कैप 225.53 बिलियन डॉलर और कारोबारी मात्रा 13.61 बिलियन डॉलर रही। डॉलर से जुड़ी ऑल्टकॉइन टीथर 0.9998 डॉलर पर कारोबार कर रही थी।

जिसका मार्केट कैप 183.59 बिलियन डॉलर था। कारोबारी मात्रा 58.05 बिलियन डॉलर रही। एक्सआरपी 1.34 डॉलर पर कारोबार कर रहा था, जो 5.42 प्रतिशत की गिरावट है। इसका मार्केट कैप 82.31 बिलियन डॉलर और कारोबारी मात्रा 2.01 बिलियन डॉलर रही। शीर्ष पांच में शामिल बिनेंस 588.14 डॉलर पर कारोबार कर रहा था, जो 5.7 प्रतिशत की गिरावट है। इसका मार्केट कैप 80.19 बिलियन डॉलर और कारोबारी मात्रा 1.41 बिलियन डॉलर रही।



## बिटकॉइन और क्रिप्टो बाजार पर विशेषज्ञों की राय

**ऑर्बिट** मार्केट्स की सह-संस्थापक कैरोलिन मॉरन ने ब्लूमबर्ग को बताया, क्रिप्टो बाजार नाजुक बना हुआ है, बाजार सहभागी 60,000 डॉलर पर समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। ईरान भू-राजनीतिक तनाव से लेकर अमेरिकी टैरिफ की उथल-पुथल तक, व्यापक आर्थिक अनिश्चितता अब बाजार पर भारी पड़ रही है, और इससे उस स्तर का फिर से परीक्षण हो सकता है। बीटीसी मार्केट्स की विश्लेषक रसेल लुकास ने बताया कि बिटकॉइन के लिए 65,000 डॉलर एक महत्वपूर्ण सपोर्ट है। उन्होंने कहा, इसके नीचे निर्णायक रूप से टूटने से 60,000 डॉलर का स्तर सामने आ जाएगा। ऊपर की ओर, तेजी को रुख बदलने के लिए 70,000 डॉलर को फिर से हासिल करना होगा। सिद्धांत का मानना है कि बिटकॉइन पलटाव से पहले 60,000 डॉलर के स्तर का परीक्षण कर सकता है।








## वन्दे मातरम् कर 150 बछर स्मरणोत्सव उपरे बिसेस जागरुकता कार्जकरम आयोजित

### एक पेड़ मां के नाम कर तहत पौधरोपन, सामूहिक स्वच्छता सपथ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार कर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कर केन्द्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज कर दन से बछर भइर चलेक वाला वन्दे मातरम् कर गौरवपूर्न 150 बछर कर स्मरणोत्सव, एक पेड़ मां के नाम आउर स्वच्छ भारत अभियान बिसय उपरे 24 फरवरी के राजकीयकृत ब्राह्मण प्लस टू उच्च बिद्यालय, मेदिनीनगर में बिसेस जागरुकता कार्जकरम आयोजित करल गेलक। कार्जकरम कर सुरुआत एक पेड़ मां के नाम अभियान कर अंतर्गत पौधरोपन, पर्याबरन संरछन कर संकल्प आउर कन्या पूजन कर संगे भेलक।

छेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर बिसय प्रवेस करालयं। ऊ कहलयं कि वन्दे मातरम् रास्ट्रीय चेतना के जागृत करेक आउर मातृभूमि कर प्रति समर्पन भाव के ससक्त करेक वाला अमर मंत्र आहे। बतौर गोतिया आवल पर्याबरनविद् कौशल किशोर जायसवाल गछमन कर अंधाधुंध कटाई से बिगड़त पर्याबरन संतुलन उपरे चिंता जाहिर करलयं। ऊ पर्याबरन धरम कर आठ गो मूल मंतर कर जानकारी देते प्रकृति कर संगे सामंजस्य स्थापित करेक कर आह्वान करलयं।



बरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्र सुमन आउर सतीश चंद्र मिश्र सुमन भी आपन बिचार राखलयं। कार्जकरम कर दौरान उपस्थित गोतिया आउर प्रतिभागीमन सेल्फी बूथ में फोटो खिंचाय के वन्दे मातरम् कर सामूहिक गान करते भारत माता के नमन करलयं। ई अवसर में सामूहिक स्वच्छता सपथ भी खियाल गेलक। बिद्यालय कर छात्रामन कर द्वारा प्रस्तुत देसभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्जकरम बाताबरन के रास्ट्रभावना आउर ऊर्जा से भइर देलयं। कार्जकरम कर संचालन बिद्यालय कर सिछक संतोष कुमार आउर धन्यवाद बिद्यालय कर प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार दुबे करलयं। ई अवसर में छेतरीय प्रचार सहायक मनोज कुमार संगे अन्य उपस्थित रहयं। जागरुकता कार्जकरम कर अंतर्गत आयोजित निबंध, रंगोली आउर पेंटिंग प्रतिजोगिता कर बिजेता प्रतिभागीमन के पुरस्कार आउर प्रसस्ति पत्र प्रदान कइर सम्मानित करल गेलक।

# फागन अमृत महोत्सव में भेलक हनुमान चालीसा कर संगीतमय सामूहिक पाठ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल कर रंग रंगीलो श्री श्याम फागन अमृत महोत्सव में मंगलवार के श्री सुंदरकांड, श्री हनुमान चालीसा कर संगीतमय सामूहिक पाठ कर आयोजन करल गेलक। धनबाद से आवल पंकज मोदी आउर पंकज सांवरिया भजन कर गंगा बहाते गणेश महाराज कर चरन में पहिल आराधना लगाते कार्जकरम कर सुरुआत करलयं। श्री श्याम मित्र मंडल कर सोभा जात्रा कइल मंदिर जगन से सुरु होवी। ई सोभा जात्रा कर तैयारी चलत हे। लक्ष्मी नारायण मंदिर में मंडल कर उपाध्यछ श्रवण ढांढनिया बिधि बिधान कर संगे गणेश पूजन कर संगे तैयारी सुरु करालयं। एहे पांइत में उपाध्यछ श्रवण ढांढनिया, महामंत्री गौरव अग्रवाल, मंत्री पंकज गाड़ोदिया, विष्णु चौधरी, उपमंत्री आदित्य लोहिया, प्रवीण सिंघानिया, प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल आउर सैकड़ों श्याम सेवकमन आइज ध्वजा निसान बांइध के स्थापित करलयं।

निसानधारीमन के संगे भव्य जात्रा में राजस्थान कर कलाकार मुड़ में धूप धवन कर सिगड़ी लेइ के बाबा कर रथ कर आगे चलबयं। गुजरात कर डांडिया आकरसन कर केंद्र रही। गोटा जात्रा में सहर कर गनमान्य संस्था निसन धारीमन कर सोवागत गोटा डहर में करबयं। भजन से हरमू रोड कर श्री श्याम मंदिर गूंजत रहे। एक-एक कइर के सउब राम भक्त, श्याम भक्त अखंड ज्योति में घी गट फल प्रसाद चढ़ाय के आहुति देइ के आपन आराध्य बालाजी महाराज कर आगे अर्जी लगालयं। देर रात्रि आरती कर संगे सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा पाठ कर सम्मान भेलक। सउब भक्तमन कर बीच आरती कर बाद प्रसाद आउर फल कर बितरन करल गेलक।







## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीछा पुरस्कार सह प्रमान पत्र बितरन कार्जकरम





प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** अखिल विश्व गायत्री परिवार कर सिल्ली परखंड साखा अंतर्गत मुरी महिला मंडल प्रतिनिधित्व में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीछा पुरस्कार सह प्रमान पत्र बितरन कार्जकरम कर आयोजन आदर्श उच्च बिद्यालय छोटा मुरी में करल गेलक। इकर में कछा 7, 8 आउर 9वीं कर छात्र, छात्रामन भाग लेलयं। बिद्यालय कर प्रिंसिपल पुष्पा महतो, सिछक प्रतिमा कुमारी, रानो देवी, लक्ष्मी देवी भी संग देलयं।

गायत्री परिवार कर महिला मंडल संचालिका कोशिला महतो कर सानिध्य में अनीता देवी, लक्ष्मी देवी संगे फणीभूषण महतो भी इकर में भाग लेलयं। गायत्री परिवार कर सदस्यमन जुवा पीढ़ी कर उज?ज?वल भविस आउर 21वीं सदी कर कार्जकरम कर बारे में जानकारी देलयं। बतालयं कि बिद्यार्थीमन के जिनगी कर सही लछ आउर सही बोध होवेक आउर आदर्समय जिनगी आवसक आहे।

# अर्जेंटीना में माउंट एकांकागुआ उपरे सफलतापूर्बक चढ़ाई पूरा करलयं

प्रातः नागपुरी संवाददाता

नई दिल्ली। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम), उत्तरकाशी आउर जवाहर पर्वतारोहण आउर शीतकालीन खेल संस्थान (जेआईएम एंड डब्ल्यूएस), पहलगाम कर छह सदस्यीय दल दखिन अमेरिका कर सउब से ऊंच सिखर आउर एशिया कर बाहरे दुनिया कर दूसर सउब से ऊंच चोटी माउंट एकांकागुआ उपरे 22 फरवरी 2026 के दूपहर 2:10 बजे सफलतापूर्बक चढ़ाई पूरा करलयं। रछा मंत्री राजनाथ सिंह कर्नल हेम चंद्र सिंह (प्रधानाचार्य, एनआईएम आउर जेआईएम एंड डब्ल्यूएस) कर नेतृत्व में ई दल के 5 फरवरी 2026 के औपचारिक रूप से हरीयार झंडी देखाय के रवाना कइर रहयं। प्रस्थान कर बाद ई दल 8 फरवरी 2026 के अर्जेंटीना पहुंचलक आउर हुवां से आपन चढ़ाई सुरू करलयं। ई दल माउंट एकांकागुआ कर मुरुक मसकिल परिस्थिति कर सामना करेक से पहिले बाताबरन कर अनुकूल ढलेक ले बोनेट पीक (5,050 मीटर) उपरे बिजय प्राप्त करलयं। कैप्टन जी संतोष कुमार, दीप बहादुर साही, विनोद गुसाई, नायब सिपाही भूपिंदर सिंह आउर हवलदार रमेश कुमार संगे दल कर सदस्यमन तेज हवा आउर -20 डिग्री सेंटीग्रेड से -30 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान कर चुनौतीभरल इस्थिति कर सामना करते असाधारन साहस, आपसी सहजोग आउर तालमेल कर संगे पेसेवर छमता कर परदरसन करलयं।




## सेमइर फुल



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

फुल रे फुल सेमइर फुल
माइन गेलों तोके रे फुल !!

ना तो रंग कर घंमड
ना गमक कर तनिको भाव,
पतइ झरल डाइर में
चाइरो दने गोंछा झबरल।

फुल रे फुल सेमइर फुल
माइन गेलों तोके रे फुल !!

ना तो पुजा कर थारी में
ना खोपा गजरा कर हक मारी में !
हर बसंत खिलते रहिसला
अपन धरम निभाइसला,
खुस करिसला मनुख कर दिल।

फुल रे फुल सेमइर फुल
माइन गेलों तोके रे फुल !!

तोर से एगो बात सिखलों
सुन्दर होवेक ओतइ भी जरूरी निही!
जब झइर मिल जाना माटी में
तो का राखल है हिंया देखाउटी में?
जिनगी है तब तक
हांसते - हंसुवाते चल !
जे भी है अपन ज देते बाटते निकल
आस लागना ही है फिजुल !!

फुल रे फुल सेमइर फुल
माइन गेलों तोके रे फुल !!

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com